फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 293 प्रभात जयपुर, शनिवार 25 मई, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

Do What You're Passionate About - leave the rest

Genuine wanting the best for your client also means that sometimes, you will tell your client to go somewhere else.

Dental Health Conditions

Suboptimal dental visits or infrequent flossing were associated with an increase in all-cause mortality



*यू.एस. फिश एण्ड वाइल्डलाइफ सर्विस द्वारा प्रकाशित वार्षिक सर्वे के अनुसार, वर्ष 2023 में भी मैक्सिकन वुल्फ़्ज़ (भेड़िये की एक प्रजाति) की जंगली आबादी में वृद्धि हुई। इस वार्षिक गणना में सामने आया है कि, एरिज़ोना और न्यू मैक्सिको में इस समय कम से कम 257 मैक्सिकन वुल्फ़्ज़ विचरण कर रहे हैं। यह आठवां वर्ष है जब इनकी आबादी में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। एरिज़ोना गेम एण्ड फिश डिपार्टमैंट के मैक्सिकन वुल्फ कोऑर्डिनेटर, जिम डीवोस ने कहा, ''हर वर्ष, स्वतंत्र रुप से घूमने वाले मैक्सिकन वुल्फ की संख्या में वृद्धि होती है और इनका आवास क्षेत्र बढ़ता है। संरक्षण केन्द्रों में रह रहे भेड़िये के बच्चों को लेकर किया गया ''जैनेटिक मैनेजमैन्ट'' भी अच्छे परिणाम दिखा रहा है। वर्ष 2016 से कुल 99 पप्स को, उनकी ''जैनेटिक वैल्यू'' के आधार पर सावधानीपूर्वक चुनकर 40 मांदों में छोड़ा गया। इनमें से कुछ के बच्चे भी हुए हैं। इनकी पूर्ण ''रिकवरी'' में तो समय है लेकिन, पिछले दशक के डेटा की जांच से इनकी आबादी की बहाली की उम्मीद जगती है।'' मैक्सिकन वुल्फ की आबादी की जानकारी नवम्बर से फरवरी तक इकट्ठी की जाती है। इस दौरान, टीम जमीनी और हवाई सर्वे करती है जिसमें विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल होता है, जैसे रिमोट कैमरे, मल इकट्ठा करना और विज़ुअल ऑब्ज़र्वेशन आदि। हर सर्दी में एक ही समय पर मैक्सिकन वुल्फ की आबादी की गणना करने से साल दर साल ''ट्रैंड'' की तुलना आसान हो जाती है।'' फैडरल एनडेन्जर्ड स्पीशीज़ एक्ट'' के तहत मैक्सिकन वुल्फ को ग्रे वुल्फ से अलग एक ''एनडेन्जर्ड सबस्पीशीज़'' सूची में रखा गया है। वर्ष 1977 में यू.एस. फिश एण्ड वाइल्डलाइफ सर्विस और उनके साथियों ने केवल सात मैक्सिकन वुल्फ़्ज़ के साथ इस उप-प्रजाति के संरक्षण के लिए एक द्वि-राष्ट्रीय कैप्टिव प्रजनन प्रोग्राम, शुरु किया था। वर्ष 1998 में मैक्सिकन वुल्फ पहली बार जंगलों में छोड़े गए थे।*

# बंगाल के जाने माने मठ व आश्रम अब तक प्रदेश की राजनीति व चुनाव से निर्लिप्त रहते थे...

## ...पर, अब बंगाल के कोने-कोने से साधु व धार्मिक नेता कोलकत्ता आये विरोध जताने

- वे नंगे पैर रामकृष्ण परमहंस की पत्नी शारदा देवी के घर से उत्तर कोलकत्ता में स्वामी विवेकानन्द के घर तक पैदल गये, मु.मंत्री ममता बनर्जी द्वारा आश्रम, मठ व साधुओं के खिलाफ तीखी अपमानजनक टिप्पणी करने के विरोध में।
- ऐसा लगता है, मु.मंत्री का आश्रम व मठों की प्रतिष्ठा को आहत करने का प्रयास शायद उल्टा पड़ गया है तथा समाज के इस वर्ग का अब पूर्णतया राजनीतिकरण हो गया है।
- इसी समय नंदीग्राम में भी, संयोगवश राजनीतिक विद्रोह की अग्नि पूर्णतया प्रज्वलित हो गयी है, मध्य रात्रि को एक छोटे से गांव पर तृणमूल कांग्रेस के आक्रमक कार्यकर्ताओं द्वारा ''हमला'' बोलने से। इस हमले में भाजपा कार्यकर्ताओं की जमकर पिटाई हुई तथा एक भाजपा कार्यकर्ता की वृद्ध मां की पिटायी से मृत्यु हो गयी।
- राज्यपाल आनंद बोस ने नंदीग्राम की वृद्धा की मृत्यु व भारी मारपीट की पूरी घटना की रिपोर्ट मांगी है प्रशासन से तथा राज्यपाल ने धमकी व चेतावनी दी है कि, वे रिपोर्ट के आने के बाद वे संविधान संगत सख्त कदम उठायेंगे।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 मई। पूरे बंगाल के साधु संतों और आध्यात्मिक व धार्मिक लोगों ने रामकृष्ण परमहंस की पत्नी शारदा देवी के घर से स्वामी विवेकानंद के घर तक नंगे पैर पैदल जुलूस निकाला और आश्रमों, मठों व साधुओं पर हमले के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ प्रदर्शन किया।

नंदीग्राम में एक आदिवासी महिला, जो भाजपा कार्यकर्ता की मां थी, की हत्या के मुद्दे पर राजनैतिक तापमान पहले से ही बढ़ा हुआ है। इसी बीच साधु संतों के प्रदर्शन से मामला और गर्मा गया है। हालांकि हमलावरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट की गई है, पर पुलिस ने अभी तक भी हत्या के एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा साधुओं पर आरोप लगाए जाने और विभिन्न हिंदू संगठनों पर पुलिस के हमले के बाद साधुओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ पद यात्रा निकाली।

पता चला है कि आज के इस विरोध प्रदर्शन में रामकृष्ण मिशन, भारत सेवाश्रम संघ के प्रतिनिधियों के अलावा बंगिया हिन्दू सेना के लोग भी शामिल थे।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया था कि भारत सेवाश्रम संघ के कार्तिक महाराज तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ कार्य कर रहे हैं। साधुओं के संगठन के खिलाफ मुख्यमंत्री के भड़काऊ भाषण के तुरंत बाद रामकृष्ण मिशन के सिलिगुडी स्थित एक आश्रम पर हमला किया गया और उपद्रवियों ने इस संगठन की भूमि पर कब्जा कर लिया।

साधुओं, मठों और आश्रमों पर ममता के प्रहार ने उन हिन्दू संगठनों को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना, विशेषकर हैदराबाद, आचार संहिता समाप्त होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं

## ताकि, तेलंगाना सरकार, ऑफिशियली देश की प्रथम आर्टिफिशल इंटैलीजैंट सिटी के निर्माण की घोषणा कर सके

- मु.मंत्री रैवन्त रैड्डी इस प्रोजैक्ट के लिये 200 एकड़ भूमि चिन्हित कर चुके हैं।
- तेलंगाना सरकार जुलाई में आर्टिफिशल इंटैलीजैंस (ए.आई.) अन्तर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन करवाने जा रही है तथा सम्मेलन से पहले वो ए.आई. सिटी का शिलान्यास कर देना चाहती है।
- लखनऊ व हैदराबाद में स्पर्धा है ए.आई. सिटी की स्थापना के बारे में। लखनऊ 23 दिसंबर को देश की प्रथम ए.आई. सिटी के निर्माण की घोषणा कर चुका है, पर, अभी काम शुरू होने की कोई सूरत नहीं दिख रही।

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 मई। तेलंगाना और खासतौर पर हैदराबाद के निवासी आदर्श चुनाव आचार संहिता हटने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, ताकि देश की सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस (ए.आई.) सिटी बनाने वाले प्रोजैक्ट की आधिकारिक घोषणा की जा सके।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रैवन्त रेड्डी बड़े इरादे रखने वाले एवं राज्य के आर्थिक विकास को गति देन के आकांक्षी है, ने ए.आई. सिटी का मानस पहले ही बना लिया है और बताया जाता है कि वे इस प्रोजैक्ट के लिए कठिन परिश्रम कर चुके हैं। उन्होंने ए.आई. सिटी के लिए 200 एकड़ और स्किल यूनिवर्सिटी के लिए 100 एकड़ भूमि चिन्हित कर ली है।

सरकार के सूत्रों के अनुसार संभावना है कि रैवन्त रेड्डी ग्लोबल ए.आई. समिति (शिखर सम्मेलन) से पूर्व ही ए.आई. सिटी और स्किल यूनिवर्सिटी की आधारशिला रखना चाहते हैं। आगामी जुलाई माह में होने जा रहे इस शिखर सम्मेलन की मेज़बानी सरकार करेगी। इसीलिए जून माह के अंत में जब चुनाव आचार संहिता खत्म हो जाएगी तब भू आवंटन की औपचारिक स्वीकृतियाँ प्रदान की जाएगी। जून के लिए तय अगली कैबिनेट मीटिंग में इसका प्रस्ताव लाया जाएगा।

तेलंगाना इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने इन परियोजनाओं के लिए महेश्वरम के आउटर रिंग रोड के अलावा शेरिलिंगाम्पली, चवैल्ला और इब्राहिमपनम मण्डलों में पहले ही दो भूखण्ड चिन्हित कर लिए हैं।

ए.आई. सिटी के निर्माण के पीछे की वजह उत्तर प्रदेश को मात देना है, जिसने गत 23 दिसम्बर को घोषणा की थी कि देश की प्रथम ए.आई. सिटी लखनऊ में बनाई जाएगी, किन्तु यह प्रोजैक्ट अभी शुरु नहीं हुआ है। इसके अलावा यू.पी. की ए.आई. सिटी जहाँ 40 एकड़ भूमि में बनेंगी, वहीं तेलंगाना की ए.आई. सिटी उससे पाँच गुना 200 एकड़ में बनाई जाएगी। यू.पी. की ए.आई. सिटी के जहाँ वर्ष 2030 तक बनने की उम्मीद है, वहीं हैदराबाद की ए.आई. सिटी वर्ष 2028 तक बनकर तैयार होगी और भारत की पहली ए.आई. सिटी होगी।

तेलंगाना के आई.टी. एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू इसे लेकर आश्वस्त हैं कि ए.आई. सिटी बन जाने के बाद हैदराबाद भारत की ए.आई. राजधानी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'बीस साल पुराना इतिहास दोहराया जाएगा'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 मई। कांग्रेस महासचिव, प्रभारी संचार, जयराम रमेश ने शुक्रवार को कहा कि इंडियन नैशनल डवलपमैन्टल इंक्लुसिव अलायंस (इंडिया) इन चुनावों में स्पष्ट और निर्णायक जनादेश प्राप्त करने की ओर अग्रसर है।

- कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने चंडीगढ़ में एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में दावा किया कि, 2004 में जैसे एन.डी.ए. को हरा कर यू.पी.ए. की सरकार बनी थी, वैसे ही इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

चंडीगढ़ में आयोजित एक प्रैस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जयराम ने कहा, प्रथम दो चरणों से जो ट्रेंड चला है उससे यह स्थापित हो गया है कि इंडिया ब्लॉक केन्द्र में सरकार का गठन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रशांत किशोर व योगेन्द्र यादव के आकलन इतने भिन्न क्यों हैं?

## यादव कह रहे हैं कि, चुनाव के बाद किसी भी हालत में मोदी को तीसरी बार प्र.मंत्री बनने का मौका नहीं मिलेगा

- परंतु प्रशांत किशोर यह सोच प्रतिपादित कर रहे हैं कि, चुनाव के बाद मोदी व भाजपा अपना पुराना आंकड़ा जरूर प्राप्त कर लेगी। हालांकि, प्रशांत किशोर यह भी स्वीकार करते हैं कि, मोदी की लोकप्रियता में भारी कमी आयी है तथा भाजपा के मूल मुद्दों राम जन्मभूमि व आर्टिकल 370 से पार्टी को खास चुनावी लाभ नहीं हुआ है।
- प्रशांत किशोर के अनुसार भाजपा को जितनी सीटों का नुकसान उत्तर भारत में होगा, उसकी पर्याप्त भरपायी पूर्व व दक्षिण भारत में हो जायेगी।
- पर, प्रशांत किशोर अपनी भविष्यवाणी से ज्यादा चर्चित इस बात से हैं कि, जिस तरह से करण थापर को दिये जा रहे इन्टरव्यु के दौरान उन्होंने अपना आपा खो दिया। प्रशांत किशोर यह स्वीकार करने को तैयार नहीं थे कि, उनकी हिमाचल में भाजपा व तेलंगाना में बी.आर.एस. की जीत की भविष्यवाणी गलत साबित हुई।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 मई। प्रशांत किशोर और योगेन्द्र यादव में एक बात समान है, दोनों अपने-अपने पूर्व पेशों से रिटायर होकर भारतीय राजनीति के दल-दल में अपना भाग्य आजमाने आये हैं, लेकिन यहीं उनकी समानताएं खत्म हो जाती हैं। जारी चुनावों के निर्णयों के बारे में यादव की हाल में की गयी भविष्यवाणियाँ उन लोगों के दिल को खुश करने वाली है, जो प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरे कार्यकाल में नहीं देखना चाहते। किशोर इस ''स्पैक्ट्रम'' के दूसरी तरफ हैं, जो भविष्यवाणी कर रहे हैं कि भाजपा वर्ष 2019 की संख्या की बराबरी करेगी या फिर उससे ज्यादा सीटें जीतेगी।

किशोर, जो कि गत वर्ष अपने गृह राज्य बिहार में एक पदयात्रा पर थे, पिछले कुछ दिनों से अचानक टेलीविज़न की स्क्रीनों पर वापस से आ गए हैं। वो यह विचार व्यक्त कर रहे है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में साफ तौर से कमी आयी है और भाजपा के मुख्य मुद्दे जैसे कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'हम छुट्टियों में भी रात में जाग कर काम करते हैं'

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 मई। अर्थशास्त्री संजीव सान्याल द्वारा व्यक्त की गई टिप्पणियों पर विवाद बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा था कि भारत में जज काम से जी चुराते हैं और लम्बे अवकाश लेते हैं।

- अर्थशास्त्री संजीव सान्याल की टिप्पणी से चिढ़ कर सुप्रीम कोर्ट की अवकाश बैंच के जस्टिस दीपांकर दत्ता और सतीश चन्द्र शर्मा ने टिप्पणी की और कहा कि, सरकार में बैठे लोग खुद ही देरी करते हैं।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चन्द्र शर्मा की अवकाशकालीन बैंच ने सान्याल पर पलटवार करते हुए कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भरतपुर में कम मतदान को अपने-अपने फायदे में बता रही है भाजपा और कांग्रेस

## इस वर्ष के लोकसभा चुनाव में भरतपुर में मात्र 53 प्रतिशत मतदान हुआ, जो वर्ष 2019 से 6 प्रतिशत कम है

- कम मतदान से कांग्रेसी खेमा उत्साहित है और कांग्रेस की प्रत्याशी संगीता जाटव की जीत तय मान रहा है।
- भाजपा भी कम मतदान को अपने पक्ष में मान रही है। प्रचार के अंतिम दौर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की रैली से भाजपा को काफी लाभ मिला है।
- भरतपुर, मुख्यमंत्री शर्मा का गृह जिला है, इसलिए ब्राह्मणों का भाजपा को भारी समर्थन मिला है।
- कांग्रेस को मेव व जाटवों के समर्थन पर भरोसा है। पायलट की सभा से गुर्जर मतों को फायदा भी मिलेगा। पर कहा जा रहा है कि, अगर पायलट की दो सभाएं और हो जाती तो कांग्रेस अवश्य जीत जाती।

भरतपुर, 24 मई (निस)। भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में इस बार मात्र 53 प्रतिशत मतदान ही हुआ है जो कि लोकसभा चुनाव से 6 प्रतिशत कम है। कम मतदान को दोनों दल अपने -अपने लिए फायदेमंद बता रहे हैं। हालांकि कम मतदान को हमेशा कांग्रेस के लिए फायदे का सौदा बताया जाता है पर इस बार कम मतदान को भाजपा भी अपने पक्ष में बता रही है। भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में भरतपुर की सभी सात विधानसभा सीटों के अलावा अलवर की कठूमर विधानसभा सीट भी आती है। भरतपुर से इस बार भाजपा ने पूर्व सांसद रामस्वरुप कोली को मैदान में उतारा है और कांग्रेस की तरफ से संजना जाटव मैदान में है।

कम मतदान की वजह से कांग्रेस के खेमे में खुशी का माहौल है और कांग्रेसियों का दावा है कि संजना जाटव भारी अंतर से चुनाव जीतेंगी।

माना जा रहा है कि संजना जाटव को उनकी जाति जाटव समाज एवं मेव समाज का भारी समर्थन तो मिला ही है, इसके साथ ही गुर्जर, सैनी सहित अन्य जाति के लोगों ने भी कांग्रेस को मतदान किया है। जाट आरक्षण आंदोलन को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

**सामान्य तौर पर किसी चुनाव में मतदान के बाद, कौन जीतेगा, कौन हारेगा का आकलन लगाना बंद हो जाता है, क्योंकि ऐसा मान लिया जाता है कि, उम्मीदवारों का भविष्य तो ई.वी.एम. मशीनों में बंद हो गया, किसी तरह की आकलनबाजी व्यर्थ है, तथा समय की बर्बादी ही है। पर, हमारे संवाददातों का कहना है कि, चुनाव को समझने का, हार-जीत की संभावनाओं, वोटिंग के ट्रैंड के बारे में चर्चा करने का यही समय है। क्योंकि, पार्टियों के कार्यकर्ता भी पोलिंग बूथ में अपनी ड्यूटी पूरी करके ''रिलैक्स्ड'' मूड में आ गये होते हैं, तथा अब कुछ गहरायी से, कुछ शांति से, उन्होंने पोलिंग स्टेशन पर जो देखा व महसूस किया, वो बताने को तैयार हैं। लगभग ऐसी ही स्थिति पार्टियों के नेता, उम्मीदवारों के समर्थकों की होती है। मतदान के पूर्व वह शुभ-शुभ के अलावा कुछ बोलना नहीं चाहते थे, क्योंकि उनके कुछ कहने से, उनके शब्दों व वाक्यों को तोड़-मोड़ कर पेश करके कुछ वोट काटे जा सकते थे। पर, जब मतदान ही हो गया तो वोट को हानि पहुंचाने की यह संभावना भी खत्म हो गयी है। अतः अब ये लोग भी अपना सही आकलन देने में नहीं हिचकिचाते।**

**अतः अब इन लोगों से बात करके हमारे संवाददाता सीट के बारे में अपना आकलन पुनः गहरायी से पेश करना चाह रहे हैं। उसी श्रृंखला में हम एक और कड़ी प्रस्तुत कर रहे हैं।**

## 'हर बूथ का वोटिंग डेटा जारी करना अब संभव नहीं'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 24 मई। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव नए सिरे से करवाने की संभावनाएं शुक्रवार को समाप्त कर दीं। कोर्ट ने इस संबंध में एक एन.जी.ओ. द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। याचिका में अनुरोध किया गया था कि चुनाव आयोग को यह निर्देश दिए जाएं कि वह वर्तमान में जारी लोकसभा चुनावों के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर हुए कुल

- सुप्रीम कोर्ट ने बूथ वार वोटिंग डेटा जारी करने की याचिका खारिज की और कहा, चुनाव के पांच चरण हो चुके हैं और चुनाव आयोग के पास इतना मैन पावर नहीं है कि, वो अब यह सब कर सके।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

जिन्हें हम हीन या नीच बनाये रखते है वो भी क्रमशः हमे हेय और दीन बना देता हैं। –टैगोर

# चरम पर है देश में नशे का कारोबार

देश में नशे का कारोबार अपने चरम पर है। प्रतिदिन लाखों–करोडों की ड्रग्स पकडी जा रही है मगर बजाय थमने के यह कारोबार लगातार बढता ही जा रहा है। बडी संख्या में युवा नशे के दलदल में धंसते जा रहे हैं जहां से बाहर निकल पाना लगभग नामुमकिन है। दुनिया की सबसे बडी युवा आबादी वाला देश भारत है। युवा नशे के मकडजाल में फंसकर बर्बादी के कगार पर पहुंच रहे हैं। इससे उनकी सेहत तो खराब हो ही रही है साथ ही उनका सामाजिक स्तर भी गिरता जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नशे का सामान चाय–पान की थडियों, मेडिकल स्टोरों और शिक्षण संस्थाओं के आसपास आसानी से उपलब्ध हो जाता है। सुनसान रास्ते व खंडहर इमारतें नशा करने वाले बच्चों व युवाओं के विशेष अड्डे हैं। नशाखोरी की आदत 12 से 20 साल तक के युवाओं में अधिक देखने को मिल रही है। इससे आने वाली पीढी के भविष्य पर संकटों के बादल मंडराने लगे हैं। कभी चोरी–छिपे बिकने वाले नशे का सामान आज धडल्ले से बिक रहा है। नशा मनुष्य को अपराध की ओर ले जाता है जो शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप का जहर है।

मनोचिकित्सकों का कहना है कि युवाओं में नशे के बढते चलन के पीछे आधुनिकता की चकाचौंध भरी बदलती जीवन शैली, परिवार से विभिन्न प्रकार के दबाव, परिवारिक झगडे, इन्टरनेट की अत्यधिक लत, एकाकी जीवन, परिवार से दूर रहने, पारिवारिक कलह जैसे अनेक कारण हो सकते हैं। नशा, नाश का मूल है। यह स्वास्थ्य और सामाजिक प्रतिष्ठा को क्षय करता है। नशा एक ऐसी बुराई हैं जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देता हैं। नशे की लत से पीडित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता हैं। युवा पीढी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीडित हैं। हिंसा, बलात्कार, चोरी, आत्महत्या आदि अनेक अपराधों के पीछे नशा एक बहुत बडी वजह है। शराब पीकर गाडी चलाते हुए एक्सीडेंट करना, शादीशुदा व्यक्तियों द्वारा नशे में अपनी पत्नी से मारपीट करना आम बात है। मुँह, गले व फेफडों का कैंसर, ब्लड प्रैशर, अल्सर, यकृत रोग, अवसाद एवं अन्य अनेक रोगों का मुख्य कारण विभिन्न प्रकार का नशा है ।

नशा नशा नशा आखिर ये नशा है क्या ? व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक स्थिति को बदल देने वाले रसायन, जो प्रयोग करने वाले को नींद या नशे की हालत में ला दे, उन्हें नशा कहा जाता है। मॉर्फिन, कोडेन, फेंटाइनाइल आदि इस श्रेणी में आते हैं। नारकॉटिक्स पाउडर, टैब्लेट, कैपशूल और इंजेक्शन के रूप में आते हैं। ये आदमी के दिमाग और आसपास के टिशू को उत्तेजित करते हैं। लोग इसे मजे के लिए इस्तेमाल करते हैं, जो लत का रूप ले लेता है। नशा करने के लिए लोग आमतौर पर शुरुआत में कफ सिरप और भांग आदि का इस्तेमाल करते हैं और फिर धीरे–धीरे चरस, गांजा, अफीम, ब्राउन शुगर आदि लेने लगते हैं। नशा एक ऐसी बुराई है, जिसमे मानव का जीवन समय से पहले ही अंधकार और मौत की राह पर चला जाता है। नशाखोरी क्या है? एक खतरनाक बीमारी जिसके क्षणिक सुख के चलते इंसान अपनी जिंदगी से हाथ धो बैठता है। यह केवल एक बीमारी नहीं है बल्कि यह अनेक रोगों की जननी भी है।

**यह भी सच है कि शराब की बिक्री से सरकार को एक बड़े राजस्व की प्राप्ति होती है। मगर इस प्रकार की आय से हमारा सामाजिक ढांचा क्षत-विक्षत हो रहा है और परिवार के परिवार खत्म होते जा रहे हैं। हम विनाश की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। देश में शराब बंदी के लिए कई बार आंदोलन हुआ, मगर सामाजिक, राजनीतिक चेतना के अभाव में इसे सफलता नहीं मिली।**

नशे के रूप में लोग शराब, गाँजा, जर्दा, ब्राउन.शुगर, कोकीन, स्मैक आदि मादक पदार्थों का प्रयोग करते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ सामाजिक और आर्थिक दोनों लिहाज से ठीक नहीं हैं। नशे का आदी व्यक्ति समाज की दृष्टी से हेय हो जाता हैं, और उसकी सामाजिक क्रियाशीलता जीरो हो जाती हैं, फिर भी वह व्यसन को नहीं छोडता हैं। धूम्रपान से फेफडे में कैंसर होता हैं, वहीँ कोकीन, चरस, अफीम लोगों में उत्तेजना बढाने का काम करती हैं, जिससे समाज में अपराध और गैरकानूनी हरकतों को बढावा मिलता हैं। इन नशीली वस्तुओं के उपयोग से व्यक्ति पागल और सुप्तावस्था में चला जाता हैं। तम्बाकू के सेवन से तपेदिक, निमोनिया, साँस की बीमारियों का सामना करना पडता हैं। इसके सेवन से जन और धन दोनों की हानि होती हैं।

आजादी के बाद देश में शराब की खपत 60 से 80 गुना अधिक बढी है। यह भी सच है कि शराब की बिक्री से सरकार को एक बडे राजस्व की प्राप्ति होती है। मगर इस प्रकार की आय से हमारा सामाजिक ढांचा क्षत–विक्षत हो रहा है और परिवार के परिवार खत्म होते जा रहे हैं। हम विनाश की ओर तेजी से बढ रहे हैं। देश में शराब बंदी के लिए कई बार आंदोलन हुआ, मगर सामाजिक, राजनीतिक चेतना के अभाव में इसे सफलता नहीं मिली। सरकार को राजस्व प्राप्ति का यह मोह त्यागना होगा तभी समाज और देश मजबूत होगा और हम इस आसुरी प्रवृत्ति के सेवन से दूर होंगे।

चाइल्ड लाइन इंडिया फाउंडेशन की एक रिपोर्ट अत्यधिक डरावनी है। इस फाउंडेशन का एक सर्वे बताता है कि देश में नशाखोरी करने वाले 65 प्रतिशत लोगों की उम्र 18 वर्ष से भी कम है। संस्था का यह भी कहना है कि इसमें युवाओं की हिस्सेदारी निरंतर बढती जा रही है। युवा वर्ग नशे की चपेट में है। इनका असर बच्चों पर भी पड रहा है। इन पर नशा न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक दुष्प्रभाव डाल रहा है। नशे की पूर्ति के लिए अपराध से भी वह हिचक नहीं रहे हैं। थिंक चेंज नामक एक स्वतंत्र संस्था की एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कोरोना के बाद देश में नशीले पदार्थों की खपत तेजी से बढी है।

रिपोर्ट में कहा गया है नशे की यह प्रवृत्ति देश की तरुणाई तक पहुँच गई है जिसके खतरनाक परिणामों से देश को जूझना पडेगा। नशे का कारोबार देश में 15 लाख करोड को पार कार चुका है। मिडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आये दिन न सिर्फ लोग गांजा–चरस–अफीम–सुलेशन–ड्रग्स, कोरेक्स और नशीली इंजेक्शन के आदि हो रहे हैं बल्कि इनके सेवन से लोग मौत के शिकार भी हो रहे हैं। नशा करने से लिवर, किडनी और फेफडे खराब हो जाते हैं। डिप्रेशन, मानसिक अस्थिरता, फोकस और कंसन्ट्रेशन लॉस, भ्रम की बीमारी, आत्यहत्या करने का खतरा और इन जैसी कई बीमारियों के होने का खतरा होता है। युवाओं में नशे की प्रवृत्ति कुछ वर्षों से निरंतर बढ रही है। कुछ में तो नशे की जरूरत भारत में पिछले तीन वर्षो से नशे का कारोबार पांच गुना तेजी से बढ रहा है। मुंबई या मायानगरी में यह उससे भी कहीं ज्यादा तेज गति से बढ रहा है।

भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक की तरफ से कराए गए एक सर्वे में पता चला है कि मादक पदार्थो का लगभग 84 प्रतिशत हिस्सा पाकिस्तान की तरफ से आता है। पाकिस्तान की सीमा से सटे राजस्थान और पंजाब के साथ ही मुंबई उसका सबसे पहला लक्ष्य होता है। नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिए जरूरी है की सरकार के साथ समाज जागरूक हो। यह अनेक सामाजिक, शारीरिक और आर्थिक बुराइयों और बीमारियों की जड है। इससे दूर रहना समाज और देश के हित में है। इसके लिए सामूहिक प्रयासों की जरुरत है। हमारा समाज तभी स्वस्थ होगा जब हम इन बुराइयों से अपने को दूर कर लेंगे।

जब तक आप खुद नहीं चाहेंगे, कोई और आपका नशा नहीं छुडा पाएगा। सबसे पहले मन में ठान लें कि आप नशा छोडना चाहते हैं। फिर जो भी नशा कर रहे है उसकी तरफ देखें नहीं। अपने शरीर पर हो रहे शारीरिक नुक्सान का अनुमान करें। अपने परिवार और बच्चों के भविष्य को देखें। मन कडा करें और नशे को छोड दे।

–अतिथि संपादक,
बाल मुकुन्द ओझा,
वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

# लोकप्रिय/अच्छा काम करने वाली सरकारों को भी जनता, बेरहमी से सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने में देर नहीं करती



महावीर सिंह

जैसे–जैसे लोकसभा चुनाव अंतिम दौर की तरफ बढ़ रहे है, टीवी चैनल्स पर व अखबारों में भी परिणाम अनुमानों पर धूंवाधार बहसें चल रही है। एक पक्ष का कहना है अबकी बार 400 पार। चुनाव तो पहले ही जीत चुके। दूसरे पक्ष का कहना है, 250 के भी लाले पड़ेंगे। कोई–कोई तो 400 का तोड़ 140 से भी नीचे बता कर आनन्दित हो रहे है। खैर, जनता का निर्णय तो 4 जून को आ ही जाएगा किन्तु अनुमान लगाने से आम आदमी को भी कौन रोक सकता है, खूब अनुमान लगाएं, इस पर अभी जीएसटी नही लगा है। चलिए कुछ कयासबाजी करें।

1977–78 में एक नौजवान एसडीओ को एक मंत्रीजी ने टेलीफोन किया कि उन्हें क्षेत्र का एक दिन का दौरा करना है और एसडीओ को साथ रहना है। दौरे में मंत्रीजी रसूखदार व्यक्तियों से मिले और हर जगह उनका स्वागत हुआ। सांयकाल चाय पर मंत्रीजी नें एसडीओ से पूछा, दौरा कैसा रहा। नौजवान एसडीओ ने कहा– मंत्रीजी का बढ़िया स्वागत–सत्कार हुआ, लोग मंत्रीजी को अपने बीच पाकर प्रसन्न हुए। मंत्रीजी ने टोक कर पूछा, यों नहीं, अगर चुनाव हों तो क्या रुख रहेगा। एसडीओ ने कहा, जहां–जहां आप गए, सब आपके आदमी है, गांवों के हर प्रकार से बड़े आदमी है, इसलिए इस दौरे से आपके प्रश्न का उत्तर मुश्किल है। मंत्रीजी ने फिर कहा कि इंदिराजी को बंशीलाल जी ने यह फीडबैक दे रखा है कि अभी चुनाव करवाते हैं तो कांग्रेस भारी बहुमत से पुनः सत्ता में आएगी। इसलिए सभी कांग्रेसियों को फील्ड में दौर कर फीडबैक देना है।

खैर, कुछ दिन बाद लोकसभा चुनावों की घोषणा हो गई। उसी एसडीओ ने दूरदराज पहाड़ों, घाटी में स्थित पोलिंग स्टेशन्स का दौरा किया और एक जगह एक 70–80 साल के बुजर्ग ने एसडीओ से एक सवाल पूछा कि–"जिनको 19 महीने जेल में रखा उनका दोष क्या था?" एसडीओ ने यह बात मंत्रीजी को बताई कि अगर दूर पहाड़ों, घाटियों में स्थित गांव के वृद्ध व्यक्ति यह पूछते हैं तो नीचे तक कोई ऐसी बात जरूर है जो हर आदमी महसूस कर रहा है। चुनाव हुआ, राजनीति के, करीब–करीब सारे वटवृक्ष धराशाही हो गए।

इमरजेंसी से चारों ओर चंगासी ही दिख रहा था। इंदिरा जी जैसी लोकप्रिय नेता, जिसने पाकिस्तान के दो हिस्से कर दिए, अणुबम परीक्षण कराया, बैंकों का राष्ट्रीकरण किया और आम आदमी को बैंक ऋण मुहैया होने लगा, राज घरानों के प्रिवीपर्स–विषेधाधिकार खत्म किए, गांव व गरीब के लिए इनटीग्रेटेड रूरल डेवलोपमेन्ट जैसे प्रोग्राम चलाए, राशन की दुकानें खोली, सरकारी जमीनों का भूमिहीनों को आवंटन किया फिर सरकार क्यों हारी? शायद जनता ने इमरजेंसी को सरकार की मनमानी, सत्ता का घोर दुरुपयोग व राजनीतिक विपक्षियों पर, अनावश्यक ज्यादती माना।

इंदिराजी की शहादत के बाद राजीव गांधी प्रधान मंत्री बने। सौम्य, मृदुभाषी राजीव की सरकार ठीक चल रही थी। कई ऐतिहासिक फैसले हुए। चीन के साथ सम्बन्ध सुधरे। उपभोक्ता संरक्षण कानून बना। वन और पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हुए। पंचायतों और स्थानीय निकायों को संवैधानिक दर्जा, अधिकार देने के लिए कदम उठाए, यद्यपि सम्बंधित संविधान संशोधन वे नही करवा पाए, जो कालांतर में नरसिम्हा राव की सरकार ने किए। कम्प्यूटर, सूचना प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए सरकारी दफ्तरों व अन्य कम्पनियों, लोगों को प्रोत्साहित किया? मौसम के पूर्वानुमानों के लिए पुणे में पहले सुपर कम्प्यूटर की स्थापना की।

फिर ऐसा क्या हुआ कि वे चुनाव हार गए? शाहबानो के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलना जनता को रास नहीं आया। श्रीलंका के सम्बन्ध में फैसला जनता को निरर्थक सा लगा। उनकी छवि को सर्वाधिक हानी बोफोर्स मामले ने पहुंचाई। जब उनका वित्त मंत्री (राजा नहीं फकीर है, देश की तकदीर है) ही, अपनी कलाई पर लगी घड़ी घूमा–घूमा कर कहने लगा कि इस घड़ी में उस एकाउंट के नम्बर है जिसमें बोफर्स रिश्वत के पैसे गए है और उनके राज में आते ही वापिस आएंगे। राजीव गांधी कई दिनों तक संसद नही आए। इसने जनता के मन में इस बात को बल दे दिया कि हो न हो बोफोर्स नाम की दाल में कुछ न कुछ काला जरूर है। अयोध्या के राममंदिर–बाबरी मस्जिद मामले में जल्दबाजी ने भी भाजपा को एक भावनात्मक मुद्दा दे दिया। जनता ने अब तक कि सर्वाधिक सांसदों वाली सरकार को मौका मिलते ही बाहर का रास्ता दिखा दिया।

नरसिम्हाराव, मनमोहन सिंह जी की जोड़ी ने भारत की बिगड़ी आर्थिक स्थिति को संभाला। उनकी नीतियों से उद्योगों में निवेश बढ़ा, व्यापार बढ़ा, नए रोजगार बनने लगे। लाइसेंस–परमिट–कोटा राज पर अंकुश लगा। किन्तु नरसिम्हाराव की छवि उनकी पार्टी ही बिगाड़ती रही। उन्हें सर्वमान्य नेता नहीं माना गया। बाबरी मस्जिद मामले ने तो यूपी में कांग्रेस की जड़ें ही हिला दी। बची–खुची कांग्रेस, मायावती के साथ समझौते से खत्म सी हो गई। कांग्रेस पुनः सत्ता से बाहर हुई।

2004 से 2014 तक मनमोहन सिंह सरकार ने दो टर्म पूरे किए। इस अवधि में सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, फूड सिक्युरिटी एक्ट, मनरेगा योजना व काम का अधिकार, पारिवारिक सम्पति में महिलाओं के अधिकारों की स्पष्टता के लिए अधिनियम इत्यादि से जनता को अधिकार सम्पन्न किया। फिर सरकार को बाहर का रास्ता क्यों दिखा दिया? मनमोहन सिंह एक विद्वान, देश हित में निर्णय लेने वाले व सौम्य व्यक्तित्व के धनी जरूर थे किंतु लोकप्रिय जन नेता नहीं थे। उन्हें हमेशा एक मनोनीत प्रधानमंत्री के रूप में ही जाना गया। उनके कार्यकाल के अंतिम दो सालों में मंहगाई बढ़ी, 2जी व कोल ब्लॉक आवंटन, कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे तथाकथित घोटालों की मीडिया में रात और दिन चर्चा ने सरकार की छवि बहुत धूमिल कर दी। यद्यपि इन घोटालो को उजागर करने वाले सज्जन कालांतर में लाभान्वित होते भी दिखे। इन सारे तथ्यों की रोशनी में, अब तीसरी बार भाजपा सरकार के नारे पर विचार करें। प्रचार माध्यमों में, भाजपा के 24 घन्टे धुंवाधार प्रचार, प्रधान मंत्री, योगी, शाह व दूसरे नेताओ के एक–एक दिन में 4, 5, 6 जनसभाएं, रैलियां आदि के चलते यह सर्वाधिक आकर्षक सम्भावना है कि भजपा की ही तीसरी बार सरकार बनने वाली है बशर्ते जनता सिवाय मीडिया प्रचार के ओर कुछ नहीं देखती–सोचती–चर्चा करती है और केवल उसे जो कुछ रात और दिन दिखाया जा रहा है उसे ही परमसत्य मानती हो।

सही है चुनाव हो रहे है, लोकतंत्र सुरक्षित है तो फिर विपक्ष के नारे में क्या दम? किंतु 1978 में भी तो ऐसा ही था। प्रचार माध्यमों में जैसा प्रचार सरकार की नीतियों, गारंटियों का है, वैसा ही मीडिया में पहले भी होता आया है। लाभार्थी ग्रुप्स पहले भी थे, अब भी है। हाँ, अब लाभार्थियों को गिनाने पर फोकस ज्यादा है। कितने लोगों को पक्के घर मिले, शौचालय बने उज्ज्वल गैस कनेक्शन्स मिले, जनधन खाते खुले, कितने को किसान सम्मान निधि मिली और सबसे ऊपर 80 करोड़ को मुफ्त राशन। यह सब बड़े लाभार्थी ग्रुप तो है। अगर यह लाभार्थी केवल इसी आधार पर वोट दे दें कि उन्हें भाजपा सरकार ने लाभान्वित किया है तो फिर तीसरी बार मोदी सरकार में क्या शंका?

तो फिर विपक्ष की सरकार के विरुद्ध लड़ाई कहाँ है–यह यो इकतरफा सा जंग लगता है। भ्रष्टाचार पर तो चुनावी चर्चें पहले भी थे, अब भी है। सही है मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार के वैसे आरोप नहीं जैसे 2013–14 में थे–किंतु एलेक्टरल बोंडस, पीएमकेयर फण्ड, पीएमकेयर फण्ड के सम्बंध में शंकाएं तो, कम ही सही, किन्तु है जनता में। जाति जनगणना और आरक्षण के मुद्दे पर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बड़ी मौखिक लड़ाई चल रही है। सतह के नीचे इसकी भी हलचल तो है। किसको कितना प्रभावित करेगी, 04 जून को ही पता चलेगा। मीडिया की निष्पक्षता पर घोर सन्देह पर आम आदमी चर्चा तो करता है चाहे उसकी चर्चाओं को मीडिया में कोई स्थान न मिले। वैसे जनता में यह भी सुनने को मिलता है कि 24 घण्टे 2, 4, 5 पक्ष–विपक्ष के चेहरों को सुनते–सुनते कान पक गए। अब टीवी देखने की उतनी इच्छा ही नही रही जितनी चुनावों के शुरू में थी।

ग्रामीण भारत, मजदूरों के भारत, निम्न मध्यम आय वर्ग वाले 20, 30, 40 हजार महीना की आमदनी वाले परिवारों में मंहगाई चर्चा में है, सरकारी खंडन उनके गले नहीं उतरता। बेरोजगरी युवकों और उनके परिजनों में चिंता व चर्चा का विषय है। किसान, मजदूर वर्ग में ही सही, अग्निवीर योजना के प्रति नाराजगी तो है। किसानों के विभिन्न मुद्दों पर (मुख्यतः पंजाब, हरियाणा, उत्तर पश्चिमी राजस्थान, पश्चिमी यूपी, मालवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में) सरकार से सवाल तो है, यद्यापि सरकार ने किसान सम्मान निधि से उसकी धार थोड़ी कुंद की है।

महिला पहलवानों के मामले में भी, कम से कम, कुछ हल्को में नाराजगी तो है। कहीं–कहीं हल्की चर्चा चीन से लगती सीमा के हालात पर भी, मणिपुर पर भी सुनाई देती है। इन सब मुद्दों का चुनाव पर कितना प्रभाव पड़ेगा, शायद ही कोई 4 जून से पहले बता पाए। जनता में दबी हुई ही सही किन्तु यह भी चर्चा तो है कि क्या भाजपा में सारे ही नेता महात्मा विदुर के अवतारी है जो, कोई उधर झांकने की जरूरत ही नही होती। चाहे सरकार कितने ही जोर से खंडन करे किन्तु कहीं न कहीं यह जन चर्चा चलती रहती है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता संदेहास्पद है। मीडिया में न सही किन्तु हल्की चर्चा तो है कि सरकार के दबाव में है यह संस्थाएँ और विपक्षियों के विरुद्ध कुछ ज्यादा ही उपयोग हो रहा है। शीर्ष नेताओं द्वारा बार–बार मर्यादाहीन भाषा का उपयोग कर एक–दूसरे पर घटिया छीटाकस्सी भी जनता को पसंद कम ही आ रही है। कई बार सत्ता विरोध की लहरें हल्की होती है, सतह के नीचे चलती है जैसा 1977–78, 2003–04 में था। कभी विरोध की लहर सतह पर दिखती है जैसा 2013–14 में था।

उपर उल्लेखित सत्ता विरोध की छोटी–छोटी धाराएं है जो भाजपा की वोट रूपी नदी में से कितना पानी इधर–उधर बहा ले जाती है, उसी अनुपात में चुनाव परिणाम प्रभावित होंगे। वैसे टीवी चैनल्स पर भी अब कई पत्रकारों, चुनाव विश्लेषकों ने 400 पार के नारे को महज कार्यकर्ताओं के हौसला अफजाई के लिए बताना शुरू कर दिया। अब कुछ पत्रकारों, चुनाव व राजनीतिक विश्लेषकों ने यों भी कहना शुरू कर दिया कि माहौल में पहले सी बात नहीं दिख रही, हल्का बदलाव तो दिखता है किन्तु भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। इसके विपरीत कुछ पत्रकारों, विश्लेषकों, प्रवक्ताओं आदि का मानना है कि यदि बंगाल, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, बिहार में भाजपा पर्याप्त सीटें नहीं बढ़ा पाई तो फिर अन्य राज्यों में होने वाले थोड़े–थोड़े घाटे को भी भाजपा पूरा नही कर पाएगी तथा इस सम्भावना से इनकार नहीं किया सकता कि उसे स्पष्ट बहुमत न भी मिले। यह भी कि यदि मीडिया प्रचार, रैलियों आदि से, शीर्ष संस्थाओं के उयोग–दुरुपयोग से ही चुनाव जीते जाते तो न तो पहले और न आगे कोई सरकार कभी सत्ता से बाहर हो ही नही सकती। कुछ को यह कहने में भी कोउ संकोच नही कि ताकत भाजपा के पास है और सरकार मोदीजी ही बनाएँगे। ताकत की उनकी व्याख्याएं भी बड़ी रोचक हैं। 4 जून तक लगाते रहो कयास, 4 जून को जनता फैसला आएगा उसे सब को मानना ही पड़ेगा।

–महावीर सिंह,
पूर्व आईएएस

# बुद्ध पूर्णिमा पर चांदनी रात में वन विभाग ने वन्य जीवों की गणना की

**रावतभाटा,** (निसं)। बुद्ध पूर्णिमा पर चांदनी रात में वन विभाग की और से 23 मई से 24 मई तक वॉटर होल पद्धति से वन्य जीवों की गणना की गई। 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा पर वन्यजीवों की गणना शुरू की गई। बुध पूर्णिमा के दिन सुबह 8 बजे से लेकर 24 मई सुबह 8 बजे तक गणना करी गई। बुद्ध पुर्णिमा के अवसर पर भैंसरोडगढ़ वन्य जीव अभ्यारण्य क्षेत्र में सुबह 8 बजे से ही वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी वन्य जीवों की गणना में जुट गए।

- **ढलते सूरज के साथ ही वाटर फॉल पर प्यास बुझाने पैंथर, जंगली सुअर, वानर, लोमड़ी सहित अन्य वन्य जीव दिखे**



**वन विभाग की और से बुद्ध पूर्णिमा पर वॉटर हॉल पद्धति से वन्य जीवों की गणना की गई।**

वनकर्मियों ने 27 वाटर हॉल पर चिन्हित स्थानों के निकट मचान बनाकर और ऊंचे इलाकों में मोर्चा संभाला। छोटे और बड़े वन्य जीवों को पहचानकर उनकी गणना की। गणना शुक्रवार 24 मई को सुबह 8 बजे पूरी हुई। इसके बाद कार्मिक विभाग को अंतिम रिपोर्ट सौंपेंगे। क्षेत्रीय वन अधिकारी दिनेश नाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार करीब 50 वनकर्मी वॉलंटरी सहित करीब 10 महिला वन्यकर्मियों ने चिलचिलाती गर्मी में मोर्चा संभाले रखा था। वहीं शाम 6 बजे से मचान पर बैठे वनकर्मियों को वन्य जीव नजर आने लग गए थे। ढलते सूरज के साथ ही वाटर फॉल पर प्यास बुझाने पैंथर, जंगली सुअर, वानर, लोमड़ी सहित अन्य वन्य जीव दिखे। वन अधिकारी दिनेष नाथ ने बताया कि वनकर्मी पूरी रात नजर बनाए रखें हुए थे। सुबह 8 बजे तक गणना की गई।

वन अधिकारी दिनेष नाथ ने बताया कि बुधवार को सभी वन्यकर्मियों को ट्रेनिंग दी गई। गणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, वन्य जीवों के पग मार्क लेने की ट्रेनिंग सहित अन्य प्रशिक्षण दिया गया। यहां वॉलिंटियरों के साथ कुछ महिला वन रक्षक पहली बार गणना कर रही है। यहां कुल 10 महिला वन्यकर्मियों सहित 40 कर्मी गणना में शामिल हैं।

## पानी की समस्या को लेकर परेशानी

**पावटा,** (निसं)। पीएचइडी विभाग के पावटा कस्बे के श्मशान घाट स्थित पानी की टंकी मे पानी चढ़ाने वाला मोटर पंप खराब होने के कारण खारवालों की ढाणी, रामलीला मैदान, पटेलों का मोहल्ला, इंदिरा कॉलोनी, सब्जी मंडी कॉलोनी, गोपाल भैया मंदिर के पास, किला ऊपर मालियों का मोहल्ला, खुहारो के मोहल्ले सहित विभिन्न वार्डों में पिछले दो दिनों से पेयजलापूर्ति बाधित होने के बाद तीसरे दिन खराब मोटर पंप खराब को सही करने के बाद भी तीसरे दिन भीषण गर्मी में भी लोगों को पेयजल के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। केवल10 मिनट ही पेयजल आपूर्ति होने के बाद लोग पीने का पानी तक नहीं भर पाए। पिछले दो दिन से जलापूर्ति समय पर नहीं हो रही हैं। कभी पानी भी आता है तो सही पर्याप्त मात्रा में नहीं आ रहा है। ऐसे में वार्डवासी परेशान हो रहे हैं, बाजार से कैंपर व पानी का टैंकर मंगवाकर पानी की पूर्ति कर रहे हैं। वार्डवासियों ने बताया कि गर्मी के सीजन में जलापूर्ति चंद मिनट के लिए होने के चलते वार्डवासियों को परेशानी भुगतनी पड़ रही है। वार्डवासियों ने बताया कि जनप्रतिनिधियों की अनदेखी व जलदाय विभाग की लापरवाही का खामियाजा कस्बेवासियों को भुगतना पड़ रहा है। प्रतिदिन कस्बे के वार्डो में पेयजल की सप्लाई बाधित की सूचना जलदाय विभाग द्वारा लोगों को नहीं दी जाती है। ।लोगों का कहना है कि पानी की समस्या अगर विभाग के अधिकारियों को नहीं बताएंगे तो कैसे उस समस्या का हल होगा।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 25 मई, 2024**

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, ज्येष्ठा नक्षत्र दिन 10:36 तक, सिद्ध योग प्रातः 10:06 तक, तैतिल करण प्रातः 7:12 तक, चन्द्रमा दिन 10:36 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–मीन, बुध–मेष, गुरू–वृष, शुक्र–वृष, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज से नौ तपा आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:20 से 9:01 तक, चर 12:23 से 2:45 तक, लाभ–अमृत 2:05 से 5:27 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:39, सूर्यास्त 7:05

### मेष
अपनी कार्य योजना को दिन के मध्यान्ह तक सीमित रखें। मध्यान्ह पूर्व में बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### वृष
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के मध्यान्ह पूर्व करने का प्रयास करें। मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

### मिथुन
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### कर्क
व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह
परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आपसी ईर्ष्या के कारण परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या
परिवार में सुसंदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

### तुला
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### वृश्चिक
अपने आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### धनु
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

### मकर
आर्थिक/वित्तिय मामलों को दिन के मध्यान्ह पूर्व में करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। आार्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### मीन
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

# भीषण गर्मी का प्रकोप ऐसा कि "मानो आसमां से अंगारे बरस रहे"

## देश में मानसून की एंट्री 28 मई से 3 जून के बीच, राजस्थान में 28 जून तक आने की संभावना

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान में गर्मी अपने चरम पर है, सूयदेव का कोप ऐसा है कि जैसे आमसां से अंगारे बरस रहे हो। गुरुवार को भी प्रदेश में अधिकांश जगह तापमान 45 से 49 डिग्री तक रिकॉर्ड हुआ। कहर बरपाती गर्मी ने अब रात-दिन का चैन छीन लिया है। पारा 45 डिग्री पार जाने से सड़कों पर डामर भी पिघलने लगा है। हालत ऐसे है कि कूलर पंखे तो दूर, एसी भी जवाब देने लगे है। शनिवार से "नौतपा" शुरू होने के कारण गर्मी का सितम और बढ़ने की संभावना है। हालांकि, ऐसे में हर कोई यही सोच रहा कि मानसून कब आएगा और कब आग बरसाती गर्मी से राहत मिलेगी? गुरूवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान 49 डिग्री फलौदी में दर्ज हुआ है। इसके बाद जैसलमेर में 48.3 और बाडमेर में 48.2, जालौर में 47.7, जोधपुर में 47.6, डूंगरपुर में 47.1, चितौड़गढ़ में 46, कोटा में 46.7, श्रीगंगानगर में 46.6, बीकानेर में 45.8, भीलवाड़ा में 45.5, सिरोही व फतेहपुर में 45.2, चूरू में 44.8, जयपुर में 42.8, बारां-अंता में 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग की मानें तो मानसून, अंडमान निकोबार में एंट्री कर चुका है। देश में 28 मई से 3 जून के बीच कभी भी दस्तक दे सकता है और जून के अंत तक राजस्थान में प्रवेश कर सकता है। आमतौर पर राजस्थान में 30 जून तक मानसून आता है। लेकिन, इस बार माना जा रहा है कि तय समय से एक दिन पहले मानसून की राजस्थान में एंट्री हो जाएगी।



जयपुर के झालाना लेपर्ड रिजर्व में वन्य जीव गणना के दौरान फीमेल लेपर्ड "चंदा" लगभग 1 घंटे तक वाटर पॉइंट के करीब बैठी रही। जिसे देख वहां मौजूद वनकर्मी और वॉलिंटियर्स भी उत्साहित नजर आए। लेपर्ड ने गर्मी से राहत पाने के लिए काफी देर तक पानी में अठखेलियां की।

मौसम विभाग की मानें तो केरल के रास्ते 1 जून को मानसून देश में प्रवेश करेगा। इसके बाद तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और गुजरात से गुजरते हुए मानसून 29 जून को राजस्थान में प्रवेश करेगा। बता दें कि हिन्द महासागर एवं अरब सागर की ओर से भारत के दक्षिण-पश्चिम तट पर जून से सितंबर तक आने वाली हवाओं को मानसून कहते हैं।

- मौसम विभाग ने इस बार "ला नीना" के प्रभाव से अच्छी बारिश की संभावना जताई

मौसम विभाग के अनुसार इस बार "ला नीना" के सक्रिय होने से मानसून जल्दी आ रहा है। खास बात ये है कि इस साल देशभर में औसत से ज्यादा बारिश होगी। क्योंकि इस बार ला नीना का मानसून पर साफ प्रभाव दिखेगा। इसके कारण राजस्थान सहित सभी राज्यों में झमाझम बारिश होने की संभावना है।

बता दें कि पिछले साल मानसून 19 मई को अंडमान-निकोबार पहुंचा था। लेकिन, इस बार ला नीना के कारण मानसून जल्दी दस्तक देगा। बताया जा रहा है कि "ला नीना" अल नीनो का विपरित प्रभाव है। ला नीना के प्रभाव को भारत के लिए अच्छा माना जाता है। जब पूर्वी प्रशांत महासागर क्षेत्र के सतह पर निम्न हवा का दबाव होता है तो इस स्थिति को "ला नीना" कहा जाता है। इससे समुद्री सतह का तापमान बहुत ही कम हो जाता है। इसका प्रभाव दुनिया के तापमान पर पड़ता है। ला नीना 9 महीने से लेकर साल भर की अवधि तक रह सकता है।



हरियाणा भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने हरियाणा से ग्वालियर पहुंचकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताजी राजमाता माधवी राजे सिंधिया के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की व ईश्वर से परिवारजनों को सम्बल प्रदान करने की प्रार्थना की और परिवारजनों को ढाँढस बंधाया।

# पहलगाम आतंकी हमले में घायल दम्पती को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में गम्भीर रूप से घायल हुए जयपुर निवासी दम्पती को मुख्यमंत्री सहायता कोष से दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। इसके अनुसार सन्नी खान एवं उनकी पत्नी फराह खान को एक-एक लाख रूपए की अंतरिम आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घायल दम्पती के लिए हर संभव मदद और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

- युवक के इलाज के लिए चेन्नई में उपलब्ध कराई जाएंगी समस्त चिकित्सा सुविधाएं

घायल युवक के आंख के उपचार के लिए चेन्नई स्थित शंकर नेत्रालय में व्यवस्था की गई है और उनके बेहतर इलाज में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। मुख्यमंत्री ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में आतंकवादियों के हौसले पूरी तरह पस्त हो चुके हैं और शोपियां एवं पहलगाम में हुए हमले आतंकवादियों की बौखलाहट का परिणाम हैं। उन्होंने विश्वास प्रकट किया कि घटना के दोषियों को पुलिस और सुरक्षाबल शीघ्र ही कड़ा सबक सिखाएंगे। मुख्यमंत्री ने आतंकवादी हमले में घायल सन्नी खान से दूरभाष पर वार्ता कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। शर्मा ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनके इलाज के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## स्वतंत्रता सैनानी सुभद्र कुमार पाटनी 'लाट साहब' का निधन

**जयपुर।** स्वतंत्रता सैनानी और गांधीवादी सुभद्र कुमार पाटनी 'लाट साहब' का शुक्रवार को निधन हो गया। वे करीब 103 वर्ष के थे। जयपुर स्थित लालकोठी मोक्षधाम पर गमगीन माहौल के बीच उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनकी तीये की बैठक 26 मई को नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारकजी की नसियां में सुबह 8 बजे होगी। स्व. सुभद्र कुमार पाटनी पांच भाई-बहन और बेटे-पौत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। जयपुर के सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल की स्थापना में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। 'लाट साहब' ने वर्ष 1936 में बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की थी। वे जमनालाल बजाज के साथ वर्धा में भी रहे थे।

# सुप्रीम कोर्ट ने बीसलपुर बांध की डीसिल्टिंग व ड्रेजिंग रोकने वाले आदेश पर रोक लगाई

## कोर्ट के इस आदेश से जयपुर, अजमेर व टोंक जिलों को भी राहत मिली है, क्योंकि इस प्रोजेक्ट के चलते बीसलपुर बांध की भराव क्षमता बढ़ सकेगी

जयपुर, (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार व ईस्टर्न कैनाल प्रोजेक्ट लिमिटेड को राहत देते हुए एनजीटी के जनवरी 2024 के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें बीसलपुर बांध की भराई क्षमता बढाने व सफाई के लिए की जा रही डीसिल्टिंग व ड्रेजिंग को माइनिंग मानते हुए इस प्रक्रिया को रोक दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश इस प्रोजेक्ट का काम कर रहे एनजी गाधिया की अपील पर दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से जयपुर, अजमेर व टोंक जिलों को भी राहत मिली है, क्योंकि इस प्रोजेक्ट के चलते बीसलपुर बांध की भराव क्षमता बढ़ सकेगी। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे ने पक्ष रखा। जबकि राज्य सरकार व ईस्टर्न कैनाल की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व राज्य के एएजी शिवमंगल शर्मा ने पक्ष रखा।

एएजी शर्मा ने बताया कि बीसलपुर बांध की भराव क्षमता बढ़ाने व इसकी सफाई कार्य के लिए डीसिल्टिंग व ड्रेजिंग का काम याचिकाकर्ता फर्म को वर्ष 2023 में दिया था। इस दौरान दिनेश बोथरा ने एनजीटी में याचिका दायर कर कहा कि बीसलपुर बांध से इस प्रक्रिया में माइनिंग हो रही है और इसके लिए पर्यावरण की मंजूरी जरूरी है। इसलिए इस प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। एनजीटी ने याचिका पर सुनवाई करते हुए जनवरी 2024 में डीसिल्टिंग व ड्रेजिंग पर रोक लगा दी। इसके खिलाफ बोलीदाता ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर कहा कि जांच कमेटी ने इसे माइनिंग एक्टिविटी नहीं माना है। वहीं अभी मानसून आने वाला है और बांध से एक लाख मीट्रिक टन माल निकाला जाना है। यदि एनजीटी की रोक नहीं हटी तो बांध में आने वाला पानी व्यर्थ बहेगा और इससे समीप के क्षेत्र को भी खतरा है। इसलिए एनजीटी के आदेश पर रोक लगाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने एनजीटी के आदेश पर रोक लगा दी है।

## डॉ. अरूण चतुर्वेदी का जन्मदिन आज

**जयपुर।** भाजपा नेता डॉ. अरुण चतुर्वेदी का जन्मदिन शनिवार को एस बी गार्डन सिविल लाइन में मनाया जाएगा। पूर्व मंत्री डॉ. चतुर्वेदी के जन्मदिन को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए आज प्रातः 12 बजे बार एसोसिएशन द्वारा उच्च न्यायालय में भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों ने भाजपा नेता डॉ. चतुर्वेदी को जन्मदिन की अग्रिम बधाई दी। आज जन्मदिन की पूर्व संध्या पर डॉ चतुर्वेदी ने अपने जन्मदिन को जयपुर शहर में जगह-जगह पर गायों को चारा खिलाया।


**खोया पाया**

मेरा आधार कार्ड, पैन कार्ड, खाली स्टाम्प हस्ताक्षर सहित, सभी मूल दस्तावेज कहीं खो गये। मिलने पर सूचित करें। शंकर लाल गुर्जर रामूलाल गुर्जर। 9928509025



**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय **श्रीमान मूलचंद जी हल्दीनिया** का स्वर्गवास 23 मई 2024 को हो गया है। तीये की बैठक 25 मई 2024 कों दोपहर 3 बजे सें 5 बजे तक श्री चतुर्भुज जी मंदिर के पास हल्दीनियों का मोहल्ला कानोता पर रखी गईं है।

**शोकाकुल-** गंगासहाय जी, रामदयाल जी, नन्दलाल जी, कानाराम जी (भाई), शंकर, विमल, प्रहलाद, राधेश्याम, गोपाल, महेश (पुत्र) विष्णु, सूरज, हरिओम, राहुल, आरव, कृष्ण, अमन, दिशांत एवं समस्त हल्दीनिया परिवार।

9414459900, 9413043157



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय **विजय शर्मा** पुत्र रामअवतार शर्मा का आकस्मिक निधन 23 मई 2024 को हो गया है। तीये की बैठक 25 मई 2024 कों दोपहर 3 बजे सें 4 बजे तक कुथाड़ा खुर्द डूंगरवालों की ढाणी, एआरजी पुरम के पीछे रखी गईं है।

**शोकाकुल-** जगदीश, रामस्वरूप (दादाजी) सीताराम, रामप्रसाद, दिनदयाल, कृष्ण, उमाशंकर, मुकेश, गणेश (चाचा) महेश, राजाराम, विकास, विष्णु, पुरुषोत्तम, शिवम, दक्ष, अभय, हर्षित, दिव्यांश (भ्राता) आदित्य, केशव, कार्तिक, भरत, राम, लक्ष्मण (पुत्र/भतीजे) एवं समस्त ओजट परिवार।

9829630167, 9929041387, 9799414091


# दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी को खेलने का मौका नहीं देने पर बी.सी.सी.आई. से मांगा जवाब

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने दिव्यांग क्रिकेट खिलाडी को नियमित क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलने का मौका नहीं देने व निशक्त अधिनियम 2016 की धारा 30 की पालना नहीं करने पर बीसीसीआई को जवाब पेश करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस महेंद्र कुमार गोयल ने यह आदेश रतेन्द्र सिंह जयरा की याचिका पर दिया।

- हाईकोर्ट ने बी.सी.सी.आई. को जवाब देने के लिये तीन सप्ताह का समय दिया है

याचिका में अधिवक्ता अनुराग कलावटिया ने बताया कि याचिकाकर्ता 60 फीसदी अंध दृष्टि बाधित है और वह राष्ट्रीय व राज्य स्तर की कई दृष्टिहीन प्रतियोगिताओं में क्रिकेट खेलता आया है। उसने दिव्यांग अधिनियम 2016 के तहत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में प्रार्थना पत्र दायर कर उसे भी समानता का अधिकार देते हुए क्रिकेट की मुख्यधारा में शामिल करने का आग्रह किया। वहीं इस संबंध में बीसीसीआई को निर्देश देने के लिए कहा। जिस पर आयोग ने 14 दिसंबर 2019 को आदेश जारी कर बीसीसीआई को प्रार्थी के मामले में विचार करने के लिए कहा। उसने खेल मंत्रालय को भी प्रतिवेदन दिया, लेकिन उसने प्रतिवेदन पर कोई भी कार्रवाई नहीं की। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि अधिनियम के प्रावधानों के तहत उसे भी मुख्यधारा से जोड़ा जाए। मौजूदा समय में आईपीएल सहित कई प्रतियोगिताएं हो रही हैं और इनमें याचिकाकर्ता को भी शामिल किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बीसीसीआई को जवाब पेश करने के लिए समय दिया है।

## चुनाव परिणाम पर लगी अंतरिम रोक के खिलाफ अपील

**जयपुर,** (का.सं.)। अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम-9 ने अग्रवाल समाज समिति के 19 मई को हुए चुनाव के परिणाम जारी करने पर 21 मई को सिविल न्यायालय की ओर से लगाई अंतरिम रोक को लेकर मामले के पक्षकार आनंद गुप्ता व अन्य को नोटिस जारी कर 27 मई तक जवाब देने के लिए कहा है। अदालत ने यह आदेश अग्रवाल समाज सेवा समिति व उसके निवर्तमान अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश अग्रवाल भाडेवाला की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए दिए।

अपीलार्थियों के अधिवक्ता पवन शर्मा ने बताया कि सिविल न्यायालय का अंतरिम रोक का आदेश कानूनी तौर पर गलत है। दूसरे पक्ष को सुने बिना अंतरिम आदेश नहीं दिया जा सकता। मामले में उनकी ओर से जवाब दे दिया है, लेकिन कोर्ट के पीठासीन अधिकारी अवकाश पर चले गए हैं। इसलिए चुनाव परिणाम पर लगी अंतरिम रोक हटाकर इस आदेश को रद्द किया जाए। प्रार्थी आनंद गुप्ता के अधिवक्ता ने बताया कि सिविल न्यायालय ने कानूनी प्रावधानों और चुनाव के दौरान अनियमितता व फर्जीवाड़ा होने पर ही मतगणना व चुनाव परिणाम जारी करने पर अंतरिम रोक लगाई थी।

# जल सेवा सबसे बड़ा परमार्थ है : दिया कुमारी



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को विद्याधर नगर के झोटवाड़ा में वार्ड नं. 40 के गणेश मंदिर पार्क में भीषण गर्मी से त्रस्त पक्षियों और छोटे जीवजंतुओं के लिए परिंडे बांधे। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि क्लाइमेट चैंज के कारण हर साल गर्मियों में तापमान बढ़ता जा रहा है, ऐसे में ये हम सब की जिम्मेदारी है कि निरीह पक्षियों और जानवरों के लिए भी पीने के पाने की व्यवस्था हो। दिया कुमारी ने अपील की कि क्षेत्रवासी इन परिंडों के माध्यम से रोज पक्षियों को पानी उपलब्ध करवाये और पुण्य प्राप्त करे। इस अवसर पर उन्होंने आमजन की समस्याएं भी सुनी और मौजूद अधिकारियों को तुंरत समाधान करने के निर्देश भी दिये।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**नाम परिवर्तन**

मै अमित गोपाल निगम बयान करता हूं कि मेरी पुत्री जाहान्वी निगम की जन्म दिनांक 20.03.2006 स्कूल के दस्तावेजों में गलत दर्ज है, उसकी सही जन्मतिथि आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार 20.03.2007 है, वाया शपथ पत्र दिनांक 24 मई 2024 जरिए नोटरी पब्लिक जयपुर

**कार्यालय उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
(चौगान स्टेडियम के पास, गणगौरी बाजार, जयपुर)
Email ID: dchmw.jmc@gmail.com Ph. No. 0141-2329953
क्रमांकः-F51() Dept.Comm./H.M.A.Z./2024/263
**आपत्ति सूचना** दिनांकः- 23.05.24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री माल सिंह पता मकान नं. 182, शिवाजी नगर, शास्त्री नगर, जयपुर का नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। भूखण्ड संख्या 182, शिवाजी नगर, शास्त्री नगर, जयपुर का पट्टा नगर निगम जयपुर द्वारा क्रमांक 2286 दिनांक 27.12.2007 को श्रीमती गुलाब पत्नि श्री माल सिंह को कच्ची बस्ती के अन्तर्गत जारी किया गया था। उक्त के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ सरकारी/ गैर सरकारी संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में सूचित करे। मियाद गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन नगर निगम हैरिटेज, जयपुर

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य मुतावल्लीयान जगर हाऊस अजमेरी गेट जयपुर की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैकि एक दुकान पूर्वमुखी दो दरवाजे वाली जगर हाऊस टोंक रोड, जयपुर में मोहम्मद जाहिद पुत्र मोहम्मद सईद किरायेदार थे, जिनका दिनांक 13.05.2024 को देहान्त हो गया है, जिनके जिम्मे दिनांक 01.01.2019 से 4,500/- रूपये प्रतिमाह की दर से आज तक का किराया बाया है। मृतक की पत्नी का पहले ही स्वर्गवास हो चुका है। मृतक की कोई संतान नही है। ऐसी स्थिति में मेरे अभिभाष्य को स्वंय की दुकान को अपने कब्जे में लेने का अधिकार है। यदि किसी को इस पर आपति हो तो दिनांक 05.06.2024 से पहले मुझे लिखित में सूचित कर सम्पर्क कर लेवे।
जयपुर ( अमानुल्लाह खान ) एडवोकेट
दिनांक मो.-9829055308

**कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर)
क्रमांक-एफ ()/न.नि.ज.ग्रेटर/मा.न.जोन/2024/ दिनांकः

**सार्वजनिक सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मूल भूखण्ड सं. 44, जवाहर नगर जयपुर जवाहर हाउस बिल्डिंग कॉ. लि. का जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर द्वारा श्रीमति कौशल्या देवी पत्नी रमेश चन्द विजय को क्षेत्रफल 266.66 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था, मूल आंवटी श्रीमति कौशल्या देवी पत्नी रमेश चन्द विजय की दिनांक 02.07.2011 को मृत्यु हो चुकी है। श्रीमति स्वप्निल विजयवर्गीय पत्नी मनोज विजयवर्गीय के हक मे रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 20. 05.2006 सम्पादित किया गया है। श्रीमति स्वप्निल विजयवर्गीय पत्नी मनोज विजयवर्गीय द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु भूखण्ड सं. 44, जवाहर नगर जयपुर जवाहर हाउस बिल्डिंग कॉ. लि. जयपुर का आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किये गये दस्तावेजो, शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), रजिस्टर्ड पट्टा, मूल आंवटी एवं वसीयत के गवाह श्री रमेश चन्द विजय का मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं रजिस्टर्ड वसीयतनामा, वसीयत के गवाह के शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेजो की छायाप्रति के आधार पर भूखण्ड सं. 44, जवाहर नगर जयपुर जवाहर हाउस बिल्डिंग कॉ. लि. का जयपुर का नाम हस्तान्तरण नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा श्रीमति स्वप्निल विजयवर्गीय पत्नी मनोज विजयवर्गीय के पक्ष मे किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपति हो तो 07 दिवस मे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम ग्रेटर) मे प्रस्तुत करे, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त मालवीय नगर जोन नगर निगम ग्रेटर जयपुर

**बराला हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर**
(राधास्वामी बाग NH 52 जयपुर रोड चौमूं जयपुर)
**विशेष सूचना**

राज्य सरकार के नियमानुसार मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट करने की सतत प्रक्रिया के अनुसार **31 मार्च 2019** से पूर्व के सभी मरीजो का मेडिकल रिकॉर्ड सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवस बाद नष्ट करवाया जायेगा। सम्बंधित व्यक्ति को उक्त रिकॉर्ड की प्रतिलिपि लेना चाहते है तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवस में प्रतिलिपि ले सकते है। उसके पश्चात उपरोक्त रिकॉड्र्स सतत प्रक्रिया के तहत नष्ट कर दिया जाएगा तथा इसके बाद संस्थान की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
निदेशक
बराला हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-1688 दिनांक-24/05/24

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 101/08(MIG-B), का आवंटन श्री नरेन्द्र नाथ भार्गव पुत्र श्री गणेशी लाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2770 दिनांक 23.03.2005 को जारी किया गया था। श्री नरेन्द्र नाथ भार्गव की मृतयु दिनांक 07.12.2013 को हो जाने के कारण उनकी पुत्रवधु श्रीमती श्रेया भार्गव पत्नी स्व.श्री अभिषेक भार्गव आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अघोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में आपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती श्रेया भार्गव पत्नी स्व. श्री अभिषेक भार्गव का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत-प्रथम
राज. आवा. मण्डल. जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि शंकर भवन निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की स्कीम राधा स्वामी नगर, मानसरोवर, जयपुर मे भूखण्ड संख्या 58, पश्चिम मुखी स्थित है। इसमे एक कमरा बना है। प्लॉट नम्बर 58 एवं 59 की संयुक्त चारो दीवारे एवं एक कमरा श्री उमेश जैन ने स्वयम् के धन से बनवाया है। यह भूखण्ड श्री उमेश जैन पुत्र श्री द्वारका दास जैन ने स्वयं के उपार्जित आय से अपने नाबालिग पुत्र श्री अंकित जैन के नाम उक्त समिति से आवंटन पत्र दिनांक 14.03.1995 के द्वारा खरीदा है। श्री अंकित जैन की जन्म तिथि दिनांक 24.06.1983 है। दिनांक 14.03.1995 को उसकी उम्र ग्यारह साल की थी। भूखण्ड संख्या 58 एक मात्र मालिक एवं स्वामी एवं काबिज श्री उमेश जैन पुत्र श्री द्वारका दास जैन है। भूखण्ड के समस्त मूल दस्तावेजात भी श्री उमेश जैन के ही कब्जे मे है, कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त भूखण्ड श्री अंकित जैन से नही खरीदे, अन्यथा स्वयं जिम्मेदार होगा।
जयपुर (फैजान हुसैन) एडवोकेट
दिनांक 25-5-2024 मो.-8824515124

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
संख्या-51245650, दिनांक 22.05.2024

वरि. मंसाप्र-जयपुर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ई-निविदा संख्या- 51245650 जिसकी बंद होने की तारीख 14.06.2024 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे है। निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल/संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पाएंगे। मैनुअल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे। इस तरह के मैनुअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **(1) आपूर्ति का विवरण:** Supply of Trans receiver VHF hand held walkie-talkies sets 5 watt Synthesized with 1 Minimum 2300 MAH Ni-MH Battery Pack 2 Configuration VH-3 Band 136-174 MHz. **(2) मात्रा:** 252 नं. **(3) निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय:** ई-निविदा को 14.06.2024 को 14.25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है। **वेबसाइट विवरण:** www.ireps.gov.in 600-DK/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 143/2024
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि श्री प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री मदन लाल शर्मा निवासी प्लॉट नं.55, श्री नारायण नगर, दादी का फाटक, बेनाड रोड जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत ऊँ शिव हनुमान मन्दिर प्रयास पता श्री नारायण नगर, दादी का फाटक, बेनाड रोड जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 25.4.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 01.7.24
मोहर अदालत
आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**
**मुकदमा नम्बर 42/2024**

चूंकि श्री ओम प्रकाश झालानी महामंत्री प्रन्यास श्री खण्डेलवाल वैश्य हितकारिणी सभा गंगा मंदिर स्टेशन रोड, जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 196 जयपुर 1965 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत न्यास की कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न करा चयनित नवीन पदाधिकारियों प्रन्यासियों के नाम कार्यालय रिकार्ड में दर्ज अभिलेख कराने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन / संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 26.06.2024
आकाश रंजन (आरएएस)
सहायक आयुक्त (प्रथम),
देवस्थान विभाग, जयपुर

**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21)**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**मुकदमा नम्बर-DEV/JAIPUR-II/TRUST/2024/6**

चूंकि प्रार्थी श्री ओंकार प्रसाद शर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थाना राजाजी के पास, थाना राजाजी, विवेकानन्द एवं शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान 301408 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास विवेकानन्द शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, विवेकानंद शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान थाना राजाजी, राजगढ़ (अलवर) के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 17-05-2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22/07/2024
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-द्वितीय

# मूक बधिर बालिका को जलाकर मारने के मामले ने तूल पकड़ा

## विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामीण एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। हिण्डौन नई मंडी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में मूक बधिर 10 वर्षीय बालिका के जली अवस्था में मिलने और उपचार के दौरान हुई मौत का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। टोडाभीम विधायक घनश्याम नहर एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरदो गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीण एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को हिंडौन के डीएसपी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम डीएसपी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया कि मूक बधिर बालिका की बदमाशों द्वारा दुष्कर्म करके जलाकर हत्या करने की वीभत्स घटना हुई है। मामले में कई दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है जिससे जनता में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी, पीड़ित परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता एवं बालिका की हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन पर भ्रष्टाचार और अपराधियों को बचाने के आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी भी की। उन्होंने कहा कि पुलिस परिवार की महिलाओं को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस ने मामले का शीघ्र खुलासा नहीं किया तो जाम लगाकर आंदोलन किया जाएगा।



टोडाभीम विधायक घनश्याम नहर एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा सहित ग्रामीणों ने डीएसपी को ज्ञापन दिया।

- डीएसपी को ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि मूक बधिर बालिका की बदमाशों द्वारा दुष्कर्म करके जलाकर हत्या करने की वीभत्स घटना हुई है
- मामले में कई दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है जिससे जनता में आक्रोश व्याप्त है

मामले में डीएसपी ने निष्पक्ष जांच करने एवं किसी निर्दोष को नहीं फसने देने और दोषी को हर हाल में कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन दिया। ज्ञात रहे कि मामले में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा दो दिन पूर्व ही डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है जो कि मामले की जांच में जुटी है।

उल्लेखनीय है कि टोडाभीम के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने हिण्डौन नई मंडी थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि वह परिवार सहित हिंडौन की एक कॉलोनी में किराए के मकान में रह कर दूध-डेयरी का काम करता है। उसकी 10 वर्षीय मूक-बधिर बेटी 9 मई को सुबह करीब 10-11 बजे गंभीर झुलसी हालत में मां को पुकारते मिली थी। बालिका निर्वस्त्र हाल में कमर से नीचे गंभीर झुलसी हुई थी। मां के अनुसार बालिका ने इस दौरान दो व्यक्तियों की ओर इशारा भी किया था। परिजन मूक-बधिर बेटी को लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने 60 फीसदी जलने पर प्राथमिक उपचार कर जयपुर रैफर कर दिया। मूक बधिर बालिका से एक्सपर्ट के माध्यम से पूछताछ व कई लोगों के फोटो दिखाकर तथ्य संग्रहण किए और पर्चा बयान दर्ज किए। 20 मई को जयपुर में बालिका की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में अभी तक कोई आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ है। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी है।

# तेज गर्मी से युवक की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के रूपाहेली ग्राम में रोजमर्रा की तरह आइसक्रीम बेचने आए एक युवक की तेज गर्मी के चलते मौत हो गई।

सदर थाना पुलिस के अनुसार रूपाहेली ग्राम में पेड़ के नीचे आइसक्रीम बेचने वाला युवक अचेत पड़ा मिला। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस का मानना है कि तेज गर्मी के चलते उसकी मौत हुई है। मृतक की पहचान उत्तरप्रदेश के तुरपट्टी थाना अंतर्गत विजयपुर निवासी शमशाद पिता आलिम के रूप में हुई है। वो यहां रहकर आइसक्रीम बेचने का काम करता था।



मृतक युवक।

- रोजमर्रा की तरह आइसक्रीम बेचने आया था

विगत 12 दिन से वह इसी गांव में आइसक्रीम बेचने का काम कर रहा था। मृतक युवक 20 दिन पहले ही यूपी से भीलवाड़ा आया और संजय कॉलोनी में किराए के मकान में अपने चाचा के लड़के के साथ रहता था। पुलिस ने आज मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू की है।

## महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के नापासर पुलिस थाना क्षेत्र में मन्दिर के दर्शन करने के बाद घर लौट रही महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम के आदेश पर थाने में मामला दर्ज किया गया है। थानाधिकारी जसवीर के मुताबिक महिला ने आरोप लगाया है कि वह 21 मई को मंदिर के दर्शन करने के बाद अपने गांव लौट रही थी। उसने कालू को फोन किया तो वह रेलवे स्टेशन पहुंच गई। वह टैक्सी से पहुंची तो उसको मोटरसाइकिल पर भारतमाला सड़क की ओर ले गया। उसके साथ दो युवक और थे। आरोप है कि तीनों ने सड़क के किनारे उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इस आशय की रिपोर्ट नापासर थाने में दी तो मामला दर्ज नहीं किया गया। उसके बाद पीड़िता एसपी के समक्ष पेश होकर उन्हें आपबीती बताई।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग वृत कोटा**

Phone No. 0744-2501104, Email : secircle.kot.phed@rajasthan.gov.in

**ई-निविदा सूचना संख्या 05/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विभाग एवं अन्य विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी फर्म जो निविदा प्रपत्रों में वांछित योग्यता रखते हों से निविदा संख्या 05/2024-25 हेतु ई-निविदा द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेब साईट sppp.rajasthan.gov.in एवं http.//eproc.rajasthan.gov.in पर देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है। http.//eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 27.05.2024 प्रातः 9.00 बजे से 06.06.2024 सांय 6.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदा दिनांक 07.06.2024 को दोपहर 2.00 बजे उक्त वेबसाईट पर कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। इस निविदा सूचना संख्या 05/2024-25 में कुल 01 कार्य है, जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 100.00 लाख है।

NIB Code No : PHE2425A0362

UBN Code No : PHE2425WSRC00692 Mobile no. 94149-39456

अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग
वृत कोटा

DIPR/C/3721/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर**

क्रमांकः अअ/वृत्त/जा/2024-25/288 दिनांकः 23-05-20

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः 01 वर्ष 2024-25**

**NIB No. PWD2425A0057**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से Mantenance of Various BT roads under Risk & Cost के अन्तर्गत सडक कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 06 कार्य जिनकी लागत राशि रू. 92.48 लाख है, अतः उक्त कार्यों के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 24 मई 2024, 9:30 बजे से 5 जून 2024, सायं 06:00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http:// eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

NIB No. PWD2425A0057

| क्र.सं. | यूबीएन नं. | क्र.सं. | यूबीएन नं. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB00106 | 4 | PWD2425WSOB00109 |
| 2 | PWD2425WSOB00107 | 5 | PWD2425WSOB00110 |
| 3 | PWD2425WSOB00108 | 6 | PWD2425WSOB00111 |

(ओमप्रकाश) अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड सांचौर मोबाईल 9166187926

DIPR/C/3735/2024


# ग्राम विकास अधिकारी को दलाल सहित रिश्वत लेते पकड़ा

**बाडमेर,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बाडमेर इकाई ने शुक्रवार को ट्रैप कार्रवाई करते हुये जिले की सेडवा पंचायत समिति के ग्राम कुंदनपुरा के ग्राम विकास अधिकारी शंकर लाल मीणा को दलाल सुभान खान ई-मित्र संचालक निवासी कुन्दनपुरा के साथ परिवादी से 12 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ग्राम विकास अधिकारी द्वारा श्रमिकों की श्रम राशि पारित करने की एवज में रिश्वत मांगी गई थी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की बाडमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मनरेगा कार्यों में श्रमिकों की उपस्थिति भरकर श्रम राशि पारित करने की एवज में ग्राम विकास अधिकारी शंकर लाल मीणा, ग्राम पंचायत कुन्दनुपरा. पं.स. सेडवा, बाडमेर द्वारा 12 हजार रूपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जोधपुर के उप महानिरीक्षक हरेन्द्र महावर के सुपरविजन में एसीबी की बाडमेर इकाई के उप अधीक्षक किशन सिंह चारण के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर शुक्रवार को उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्रवाई करते हुए शंकर लाल मीणा एवं दलाल सुभान खान, ई-मित्र संचालक को परिवादी से 12 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

- श्रमिकों की श्रम राशि पारित करने की एवज में 12 हजार की रिश्वत मांगी थी

## युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थानान्तर्गत युवती का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इसमें तीन युवकों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता के पिता की ओर से थाने में इस आशय की रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक पीड़ित परिवार खेती-बाड़ी व दूध बेचकर अपना भरण-पोषण करता है। आरोपी तीन साल से उसके यहां गाड़ी में दूध लेने के लिए आ रहा है। इसी के साथ गांव का युवक भी आना-जाना है। आरोप है कि गांव से बाहर ले जाकर तीनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। बेटी को डराया व धमकाया कि यदि किसी को बताया तो उसके अश्लील वीडियो वायरल कर देंगे।

# आई.आई.टी. प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड कल

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे कठिनतम प्रवेश परीक्षाओं में से एक जेईई-एडवांस्ड का आयोजन 26 मई को देश के 222 एवं विदेश के 3 शहरों में होने जा रहा है।

आईआईटी मद्रास द्वारा आयोजित की जा रही यह परीक्षा दो पारियों में सुबह 9 से 12 एवं दोपहर 2.30 से 5.30 बजे के मध्य होगी। कोटा में दो परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा होगी। इसमें वायबल सोल्युशंस एवं डिजिटल डेस्क पर यह परीक्षा होगी। कोटा में इन दो सेंटर पर अधिकांश छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगी। परीक्षा का परिणाम 9 जून को जारी किया जाएगा।

एलन के कॅरिअर काउन्सलिंग एक्सपर्ट अमित आहुजा ने बताया कि स्टूडेंट्स को सुबह परीक्षा केन्द्र पर पहले पेपर के लिए 7 बजे रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। स्टूडेंट्स को पेपर-1 के लिए कम्प्यूटर व परीक्षा डेस्क 8.30 पर अलॉट किया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से 25 मिनट पूर्व विद्यार्थी अपने कम्प्यूटर पर जेईई-एडवांस्ड का रोल नं. एवं जन्म दिनांक डालकर लॉगइन कर इंस्ट्रक्शंस पढ़ सकेंगे। पेपर-1 की समाप्ति 12 बजे होगी। इसके बाद स्टूडेंट्स को पेपर-1 एवं पेपर-2 के मध्य 2.30 घंटे का समय दिया जाएगा।

- परीक्षार्थियों को सुबह 7 बजे पहुंचना होगा परीक्षा केन्द्र, दिन में मिलेगा दो घंटे का ब्रेक
- 'गलतियों से बचें, ब्रेक का करें उपयोग'

एक्सपर्ट अमित आहुजा ने बताया कि स्टूडेंट्स को कोई एक्स्ट्रा फोटो ले जाने की आवश्यकता नहीं है। स्टूडेंट्स को चाहिए कि वे प्रवेश पत्र के साथ ओरिजनल आईडी प्रूफ जैसे आधार कार्ड, स्कूल आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, पासपोर्ट एवं पैन कार्ड लेकर ही जाएं। स्टूडेंट्स ट्रांसपेरेंट पानी पीने की बोतल साथ में लेकर जाएं।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. विद्युत खण्ड प्रथम, जोधपुर**

क्रमांकः अ.अ./विद्युत-1/निविदा/2024-25/350 दिनांक :23.05.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना क्रमांक 01/2024-2025 NIB Code PWD2425A0067**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड, जोधपुर के अधीनस्थ विभिन्न कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों/वे संवेदक जो कन्सलटेन्सी में अनुभव रखते हो एवं पंजीकृत न हो, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेब साईट http://www.dipronline.org व http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | रू. 28.34 लाख (कुल 2 कार्य) अधिकतम एकल कार्य की राशि 14.17 लाख |
| कुल धरोहर राशि (रूपयों में) | अनुमानित लागत की दो प्रतिशत अथवा नियमानुसार |
| निविदा आवेदन / डाउनलोड करने की तारीख व समय | 23.05.2024 से 27.05.2024 तक दोपहर 1.00 बजे |
| ऑनलाईन निविदा जमा कराने की तारीख व समय | 23.05.2024 से 27.05.2024 तक दोपहर 1.00 बजे |
| तकनीकी निविदा खोलने की तारीख व समय | 27.05.2024 को सांय 5.00 बजे से (तकनीकी निविदाएं खोली जायेगी) |
| वित्तीय बिड खोलने की तारीख व समय | तकनीकी बिड़ के मूल्यांकन के पश्चात् सफल निविदा दाताओं की वित्तीय बिड़ खोलने की दिनांक ऑनलाईन सूचित कर दी जावेगी। |
| प्री-बिड मीटिंग की तारीख व समय | 24.05.2024 को दोपहर 1.00 बजे से अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. विद्युत खण्ड प्रथम जोधपुर कार्यालय में। |
| कार्य का विवरण | (1) Electrification work in Vulnerable Witness Deposition Centre (VWDC) at District Court Jalore UBN NO. PWD2425WSOB00133 |
| | (2) Electrification work in Vulnerable Witness Deposition Centre (VWDC) at District Court Jaisalmer UBN NO. PWD2425WSOB00134 |

DIPR/C/3741/2024 (हिमांशी जीनगर) अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. विद्युत खण्ड प्रथम, जोधपुर


# बनारस की युवा अध्येता निवेदिता को पहला नवल किशोर स्मृति आलोचना सम्मान

**उदयपुर।** हिन्दी साहित्य और संस्कृति की पत्रिका बनास जन ने विख्यात आलोचक प्रो. नवल किशोर की स्मृति में आलोचना सम्मान की घोषणा कर दी है। बनास जन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि इस वर्ष से प्रारम्भ यह सम्मान बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की युवा अध्येता निवेदिता प्रसाद को उनके विनिबंध नज़ीर अकबराबादी का महत्त्व पर दिया जाएगा।

सम्मान के लिए गठित निर्णायक समिति के सदस्यों प्रो. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल (जयपुर), प्रो माधव हाड़ा (उदयपुर) और संयोजक प्रो मलय पानेरी (उदयपुर) ने सर्वसम्मति से निवेदिता प्रसाद की पांडुलिपि का चयन किया। बनास जन द्वारा उक्त विनिबंध का स्वतंत्र अंक के रूप में प्रकाशन किया जाएगा तथा सम्मान राशि भी भेंट की जाएगी।



युवा अध्येता निवेदिता

सम्प्रति काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में टीच फॉर बी एच यू फेलो के रूप में कार्यरत डॉ. निवेदिता प्रसाद का जन्म 25 मार्च 1995 को बलिया में हुआ था। प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, कलकत्ता से स्नातक तथा दिल्ली के जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर के बाद उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी से पीएच.डी की उपाधि ग्रहण की। नज़ीर अकबराबादी पर उनके विनिबंध पर अपनी संस्तुति में प्रो. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने कहा कि निवेदिता का अध्ययन नज़ीर अकबराबादी का उर्दू अदब के शायर के रूप में ही मूल्यांकन नहीं करता बल्कि हिंदी कविता के विकास की एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में नज़ीर को चिन्हित किये जाने का सार्थक प्रयास करता है। प्रो. हाड़ा ने अपनी संस्तुति में कहा कि उत्तर रीतियुगीन भारतीय समाज के संदर्भ में नज़ीर का अध्ययन इस विनिबंध को विशिष्ट बनाता है।

- निवेदिता प्रसाद को उनके विनिबंध नज़ीर अकबराबादी का महत्त्व पर दिया जाएगा

उक्त सम्मान के लिए परामर्श समिति के संयोजक और श्रमजीवी कालेज में हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. मलय पानेरी ने बताया कि आलोचना के क्षेत्र में अपने अविस्मरणीय योगदान के लिए प्रो. नवलकिशोर को जाना जाता है। उनकी स्मृति को स्थाई रखने के लिए इस सम्मान को प्रारम्भ किया गया है जिससे युवा अध्येताओं को भी नया मंच मिल सकेगा।

## छात्रा ने आत्महत्या की

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा थानाधिकारी रायसल सिंह शेखावत ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र रावतभाटा की छात्रा ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या की। घटना नगर के वार्ड नंबर 22, चर्च बस्ती की है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है। मृतका के मौसेरे भाई हिमांशु ने बताया कि उसकी बहन मोनिका (19) पुत्री कालूराम पेंटर राजकीय आईटीआई कॉलेज में इलेक्ट्रिकल से आईटीआई कर रही थी।


RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम



**औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार**

**आप भी बनें भागीदार**

सरल ई-नीलामी के माध्यम से रीको के साथ

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

| कुल भूखण्ड | औद्योगिक भूखण्ड | व्यावसायिक भूखण्ड | आवासीय | दुकानें |
|---|---|---|---|---|
| 65 | 48 | 04 | 02 | 11 |

ईएमडी — प्रारम्भ तिथि : 27 मई, 2024 (प्रातः 10:00 बजे); अंतिम तिथि : 10 जून, 2024 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि : 11 जून, 2024 (प्रातः 10:00 बजे); अंतिम तिथि : 13 जून, 2024 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 02 आबू रोड़ | 03 झुन्झुनू | 06 राजसमंद | 02 बोरानाडा |
| 08 अजमेर | 02 जोधपुर | 05 भिवाड़ी-। | 01 उदयपुर |
| 03 कोटा | 10 मण्डोर | 04 भिवाड़ी-।। | 01 नीमराना |
| 02 बांसवाड़ा | 04 दौसा | 01 जयपुर (दक्षिण) | 01 जयपुर (उत्तर) |
| 04 भरतपुर | 03 सवाईमाधोपुर | 03 नागौर | |

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किस्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ*

*T&C Apply

सामान्य प्रश्नों के लिए स्कैन करें

Raj.Samwad/C/24/216

**राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेलः riico@riico.co.in

ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें www.riico.co.in


# हिण्डौन क्षेत्र में भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराया, लोगों ने किया प्रदर्शन

## हिण्डौन व श्री महावीर जी के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराया हुआ है

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। हिण्डौन क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। जलदाय विभाग के अधिकारियों द्वारा सुनवाई नहीं करने से नाराज होकर लोगों ने शुक्रवार को हिण्डौन के उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन देकर पेयजल समस्या के समाधान की मांग रखी। साथ ही समस्या समाधान नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी।

हिण्डौन व श्री महावीरजी के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों पेयजल संकट गहराया हुआ है। लोगों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत टंकी बना दी है, बोरवेल खोद दिए हैं तथा पाइपलाइन भी डाली गई है लेकिन कनेक्शन नहीं होने के कारण पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। महिलाएं दूर दराज से पीने के लिए पानी का प्रबंध कर रही है। उन्होंने बताया कि इस बारे में कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने व ज्ञापन देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि एक और सरकार जल जीवन मिशन के तहत पेयजल उपलब्ध कराने की बात कहती है, वहीं दूसरी ओर जमीन हकीकत यह है कि लोगों को योजना के तहत एक बूंद पानी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।



लोगों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों द्वारा सुनवाई नहीं करने से नाराज होकर प्रदर्शन किया।

इसी प्रकार हिंडौन क्षेत्र के नागरिया का पुरा में भी कई महीने से पेयजल संकट गहराया हुआ है। उन्होंने बताया कि बोरवेल खोदे गए हैं लेकिन कनेक्शन नहीं होने से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है इसके अलावा टैंकरों से भी पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर चेतावनी दी कि यदि शीघ्र पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो लोगों को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। मामले में उप जिला कलेक्टर ने लोगों को शीघ्र टैंकर आपूर्ति एवं उसके बाद योजना के तहत पेयजल व्यवस्था सुचारु करने का आश्वासन दिया है।

- लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है, महिलाएं दूर-दराज से पीने के लिए पानी का प्रबंध कर रही है

# पिछली कांग्रेस सरकार के अधूरे और खराब प्रोजेक्ट के लोकार्पण की जल्दबाजी क्यों हैं?

## आमजन से जुड़े जो प्रोजेक्ट, जिनका निर्माण कार्य और टेस्टिंग अभी तक पूर्ण नहीं हुई, इंजीनियर्स ने उनके बारे में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल को जानकारी क्यों नहीं दी?

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । पिछली कांग्रेस सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व यू.डी.एच. मंत्री शांति धारीवाल ने जिन बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स पर खूब वाहवाही लूटी, वह आज तक पूरे नहीं हुए है। जबकि खुद धारीवाल राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड और जयपुर विकास प्राधिकरण में चेयरमैन के पद पर थे। पिछली सरकार के इन अधूरे और खराब प्रोजेक्ट्स के लोकार्पण की अब जल्दबाजी क्यों हो रही हैं?

आखिर नगरीय विकास विभाग के जिम्मेदार उच्चाधिकारियों और इंजीनियर्स ने मौजूदा भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल को यह जानकारी क्यों नहीं दी कि अभी तक यह प्रोजेक्ट्स पिछली सरकार की कमजोर मॉनिटरिंग और नीतियों के कारण पूरे नहीं हो पाए हैं। चूंकि पिछली सरकारों द्वारा बिल्डिंग, सड़क, पुल व उद्यान जैसे प्रोजेक्ट्स का चुनाव के समय लोकार्पण करना पुरानी परंपरा रही है, हर सरकार ऐसा करती आई हैं। परंतु फ्लैट्स अथवा आवास के प्रोजेक्ट्स, जिनमें लोग रहेंगे, उनकी सुरक्षा और निर्माण संबंधी गुणवत्ता जांचे बिना लोकार्पण करवाना क्या सुरक्षा मानकों की अनदेखी नहीं है?

बताया जा रहा है कि आमजन के आवास और सड़क सुविधाओं से जुड़े कई प्रोजेक्ट्स में तो अभी तक टेस्टिंग और थर्ड पार्टी जांच नहीं हो पाई है, इसके बावजूद इंजीनियर्स ने प्रोजेक्ट्स की हकीकत छिपाकर वर्तमान नगरीय विकास मंत्री से इनका लोकार्पण तक करवा दिया। क्या लोकसभा चुनाव-2024 की आचार संहिता लागू होने से पहले आनन-फानन में इन योजनाओं के लोकार्पण का खेल इसलिए खेला गया, ताकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के इन अधूरे प्रोजेक्ट्स की जिम्मेदारी का ठिकरा वर्तमान भाजपा सरकार के माथे पर फोड़ा जा सके? इन सभी प्रोजेक्ट्स में जो घटिया काम हुए, उनकी जांच भी आनन-फानन में लोकार्पण के कारण पूरी नहीं हो पायी है।



अतिआवश्यक

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

यू.ओ.नोट

विषयः- राज्य सरकार से प्रस्तावित योजनाओं के लोकार्पण के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 15.02.2024 के पश्चात कभी भी राज्य सरकार से निम्नलिखित प्रस्तावित योजनाओं का लोकार्पण करवाया जाना संभावित है :-

- अखिल भारतीय सेवा (प्रथम चरण), प्रताप नगर, जयपुर।
- फाउण्टेन स्कवायर, मानसरोवर, जयपुर।
- बोटनिकल गार्डन, सिटी पार्क, मानसरोवर, जयपुर।
- 200 फीट चौडी गंगा मार्ग एवं सर्विस लेन के सुदृढीकरण, इन्दिरा गांधी नगर, जयपुर।
- मुख्यमंत्री जन आवास योजना, सैक्टर-28 प्रताप नगर, जयपुर।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त योजना से संबंधित कार्यों को दिनांक 15.02.2024 तक आवश्यक रूप से पूर्ण करवाया जावे, ताकि निर्धारित तिथि पर राज्य सरकार से प्रस्तावित योजनाओं का लोकार्पण करवाया जाना संभव हो सके।

Sd
मुख्य अभियन्ता (प्रथम)

यू.ओ.नोट क्रमांक :- मु.अ.I/2023-24/401 दिनांक :- 9-2-2024

उप आवासन आयुक्त,
वृत-प्रथम/द्वितीय/तृतीय,
राजस्थान आवासन मण्डल,
जयपुर।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

(1) निजी सचिव-आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
(2) अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर को निर्देशित किया जाता है कि उक्त योजनाओं के कार्यों को पूर्ण करवाये जाने हेतु प्रतिदिन मोनिटरिंग करें एवं की गयी कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत करावें।
(3) रक्षित पत्रावली।

मुख्य अभियन्ता (प्रथम)

सूत्रों की मानें तो पिछली कांग्रेस सरकार के प्रोजेक्ट्स में शामिल जयपुर के प्रताप नगर में अखिल भारतीय सेवा (ए.आई.एस.) रेजीडेंसी-प्रथम, फाउंटेन स्कवायर मानसरोवर, बोटनिकल गार्डन सिटी पार्क मानसरोवर, इंदिरा गांधी नगर में 200 फीट चौड़े गंगा मार्ग व सर्विस लेन सुदृढ़ीकरण और मुख्यमंत्री जन आवास योजना प्रताप नगर सेक्टर-28 प्रोजेक्ट्स का कार्य राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड द्वारा आज तक पूरा नहीं किया जा सका है।

- **चूंकि पिछली सरकारों द्वारा बिल्डिंग, सड़क, पुल व उद्यान जैसे प्रोजेक्ट्स का चुनाव के समय लोकार्पण करना पुरानी परंपरा रही है, हर सरकार ऐसा करती आई हैं। परंतु फ्लैट्स अथवा आवास के प्रोजेक्ट्स, जिनमें लोग रहेंगे, उनकी सुरक्षा और निर्माण संबंधी गुणवत्ता जांचे बिना लोकार्पण करवाना क्या सुरक्षा मानकों की अनदेखी नहीं है?**
- **सवाल यह उठता है कि, क्या लोकसभा चुनाव-2024 की आचार संहिता लागू होने से पहले आनन-फानन में इन योजनाओं के लोकार्पण का खेल इसलिए खेला गया, ताकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के इन अधूरे प्रोजेक्ट्स की जिम्मेदारी का ठिकरा वर्तमान भाजपा सरकार के माथे पर फोड़ा जा सके?**

अगर इन प्रोजेक्ट्स की बात करें तो मुख्यमंत्री जन आवास योजना प्रताप नगर सेक्टर-28 में 1056 आवासों का निर्माण तय डेडलाइन (अप्रैल-2023) तक पूरा करने में पिछली कांग्रेस सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई। सितंबर-2020 में जब इन आवासों की घोषणा तत्कालीन यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने की थी, तब तय समय से पहले काम पूरा करने के बड़े-बड़े दावे किए गए थे, जो कि धरातल पर नहीं उतर पाए। कांग्रेस राज में आवासन मंडल में नियुक्त हुए अफसरों ने राजस्थान में सरकार बदलने के बाद भी अपना काम नहीं सुधारा। अब उनकी कारगुजारियां और ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे घटिया काम पकड़े नहीं जाए, इसलिए आनन-फानन में इन योजनाओं का लोकार्पण की तैयारियां की गई। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में बनने वाले यह 1056 फ्लैट्स आज तक पूरे नहीं हो पाए और अब आवंटियों को पेनल्टियां भुगतनी पड़ रही है। इसी तरह ए.आई.एस. रेजीडेंसी प्रथम, फाउंटेन स्कवायर, बोटनिकल गार्डन व इंदिरा गांधी नगर स्थित गंगा मार्ग का काम भी अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।

सूत्रों की मानें तो जयपुर में बहुप्रतीक्षित झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड (राव शेखाजी पुलिया) का काम भी पिछली कांग्रेस सरकार के पूरे 5 साल में जयपुर विकास प्राधिकरण पूरा नहीं करवा पाया। विधानसभा चुनाव-2023 से पहले जब तत्कालीन नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल को लगा कि इस प्रोजेक्ट का श्रेय कांग्रेस को नहीं मिल पाएगा तो उन्होंने विधानसभा चुनाव-2023 की आचार संहिता से कुछ दिन पहले आधी-अधूरी पुलिया (पानीपेच से निवारू टी-जंक्शन तक) का लोकार्पण कर दिया। चूंकि पुलिया का निर्माण आधा ही पूरा हुआ था, इसलिए इसे फेज-1 का नाम दे दिया गया।

इसके बाद निवारू टी जंक्शन से झोटवाड़ा पंचायत समिति तक पुलिया निर्माण का काम चलता रहा। कई जगह पर तय 160 फीट चौड़ी सड़क के बजाय 100-120 फीट तक चौड़ाई में ही सड़क बनाई गई। इस एलिवेटेड रोड की सर्विस लेन और चौमूं पुलिया सर्किल से झोटवाड़ा की ओर जाने वाली सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य अभी तक भी पूरा नहीं हो पाया है, जो अब किया जा रहा है। इसके बावजूद क्या जे.डी.ए. के अधिकारियों ने पिछली कांग्रेस सरकार में हुई गड़बड़ियों को छिपाने के लिए भाजपा की सरकार बनते ही लोकार्पण का प्रस्ताव रखा?

# बाल विकास परियोजना अफसर और महिला पर्यवेक्षक निलम्बित

-कार्यालय संवाददाता-

- **महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव डॉ. मोहनलाल यादव ने जारी किए आदेश**
- **सैनेटरी नैपकिन का नियमानुसार भौतिक सत्यापन करवाए बिना ई-औषधि पोर्टल पर रिवर्स एन्ट्री करवाने के मामले में कार्रवाई**

जयपुर। शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. मोहन लाल यादव ने बताया कि जैसलमेर जिले के सम सीडीपीओ कार्यालय के बाल विकास परियोजना अधिकारी (सी.डी.पी.ओ.) करण सिंह को तथा जैसलमेर जिले के पोकरण सीडीपीओ कार्यलय की महिला पर्यवेक्षक स्नेहलता शर्मा को निलम्बित किया गया है।

शासन सचिव ने बताया कि करण सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी, सम जिला जैसलमेर के विरूद्ध सैनेटरी नैपकिन का नियमानुसार भौतिक सत्यापन करवाए बिना ई-औषधि पोर्टल पर रिवर्स एन्ट्री करवाए जाने के सन्दर्भ में गम्भीर लापरवाही बरतने बाबत अनुशासनिक कार्यवाही विचाराधीन होने के तहत राजस्थान सिविल सेवाएं नियम 1958 के नियम 13 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्हें तुरन्त प्रभाव से निलम्बित करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार स्नेहलता शर्मा महिला पर्यवेक्षक कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी, पोकरण जिला जैसलमेर के विरूद्ध सैनेटरी नैपकिन का नियमानुसार भौतिक सत्यापन करवाए बिना ई-औषधि पोर्टल पर रिवर्स एन्ट्री करवाए जाने के सन्दर्भ में गम्भीर लापरवाही बरतने बाबत अनुशासनिक कार्यवाही विचाराधीन होने के तहत राजस्थान सिविल सेवाएं नियम 1958 के नियम 13 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्हें तुरन्त प्रभाव से निलम्बित करने के आदेश दिए गए हैं।

शासन सचिव ने बताया कि करण सिंह का बाल विकास परियोजना अधिकारी का निलम्बन काल मुख्यालय उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, डीग के कार्यालय में नियत किया गया है। इसी प्रकार स्नेहलता शर्मा,महिला पर्यवेक्षक का निलम्बन काल में मुख्यालय उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, भरतपुर के कार्यालय में नियत किया गया है।

निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओपी बुनकर ने बताया कि शनिवार 25 मई को सभी जिलों के उप निदेशक, सीडीपीओ तथा महिला पर्यवेक्षक को शनिवार 25 मई को पांच-पांच आंगनबाड़ी केन्द्रों का अवलोकन कर उडान योजना के अंतर्गत सैनेटरी नेपकिन वितरण व्यवस्था का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि उक्त भौतिक सत्यापन कि रिपोर्ट भी शनिवार 25 मई को ही देनी होगी।

# महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने 3 घंटे तक किया हिंगौनिया गौशाला का निरीक्षण

## भीषण गर्मी में गौवंश को उचित छाया और चारा-पानी देने के निर्देश



**नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने शुक्रवार को हिंगौनिया गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

- **अगले 10 दिनों तक गर्मी में राहत देने के लिये गायों पर ठंडे पानी की बौछार की जायेगी**

**जयपुर** । नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने शुक्रवार को हिंगौनिया गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुबह 8 बजे से 11 बजे तक करीब 3 घंटे से भी अधिक समय तक चले इस निरीक्षण में महापौर गायों के एक-एक बाडे में गई। उन्होंने गायों के लिये बनाये गये 62 बाड़ों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने गायों को हरा चारा भी खिलाया।

महापौर ने भीषण गर्मी को देखते हुए गायों के लिये ग्रीन शेड नेट स्वयं के खर्चे पर लगवाने के लिए 5 लाख रूपये राशि देने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने गौशाला प्रबंधन को छाया, पानी, चारा, साफ-सफाई, बीमार गायों का उचित प्रकार से उपचार जैसी सभी व्यवस्थाओं को माकुल करने के सख्त निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए आगामी 10 दिन तक लगातार पानी का छिड़काव करने के भी निर्देश दिये। महापौर ने आईसीयू वार्ड का भी निरीक्षण किया आईसीयू वार्ड में 1 दिन के गाय के बच्चे को दुलार किया तथा बोतल से दूध भी पिलाया।

औचक निरीक्षण के दौरान डॉ. हरेन्द्र, डॉ. राधेश्याम मीणा, उपायुक्त रजनी माधीवाल सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में शाम की पारी में सफाई 30 जून तक बंद

**जयपुर** । राजस्थान में भीषण गर्मी सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। तेज धूप और लू के चलते अब आम आदमियों को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ रहा है। इसके बाद सरकार ने प्रदेशभर के सफाई कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए एक पारी की सफाई व्यवस्था को 30 जून तक के लिए स्थगित कर दिया है। स्थानीय निकाय विभाग के उपनिदेशक विनोद पुरोहित ने बताया कि राजस्थान में लगातार गर्मी बढ़ रही है। ऐसे में 30 जून तक प्रदेशभर के सफाई कर्मचारियों को सिर्फ सुबह की पारी में ही सफाई करनी होगी। शाम की पारी में उन्हें सफाई करने नहीं आना पड़ेगा। इसके साथ ही सुबह की पारी में भी उन्हें सुबह 5 बजे बुलाया गया है। ताकि तेज धूप के प्रकोप से प्रदेशभर के सफाई कर्मचारियों को राहत दी जा सके। सफाई कर्मचरी यूनियन के जितेंद्र ढलेत ने कहा कि राजरू सरकार की इस पहल का प्रदेशभर के सफाई कर्मचारी स्वागत करते है। लेकिन सुबह की पारी की टाइमिंग चेंज होनी चाहिए। क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे सफाई कर्मचारी है। जो दूर दराज से जयपुर आकर सफाई कर रहे है। ऐसे में सुबह 5 बजे सफाई कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी पर पहुंचने के लिए संसाधन नहीं मिल पा रहे हैं। जिसका सीधा असर शहर की सफाई व्यवस्था पर देखने को मिल सकता है।

# टी. रविकांत ने आठ सचिवों को थमाया 'कारण बताओ' नोटिस

## राजस्व अर्जन और आमजन के सामान्य कार्यों में ढिलाई बरतने पर लगाई फटकार



**जयपुर** । प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने नगरीय विकास व आवासन विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी आयुक्त, विकास प्राधिकरण और सचिव न्यास ने भाग लिया। वीसी के माध्यम से हुई इस बैठक में प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों से विभागीय कार्यों की समीक्षा की और कार्यों में तेजी लाने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने सिटीजन सर्विसेज से संबंधित लंबित प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर सचिव, बीकानेर नगर विकास न्यास एवं सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण ई-फाईलिंग में कम प्रगति पर सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, सचिव, न्यास आबू, बाड़मेर, बीकानेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, पाली और सीकर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। राजस्व अर्जन में बहुत कम राजस्व प्राप्ति पर सचिव, नगर विकास न्यास बाड़मेर व पाली को "कारण बताओ नोटिस" जारी किया जायेगा। प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त द्वारा यह निर्देश दिये की आगामी 15 दिवस में ई फाइल का कार्य सम्पूर्ण करेंगे। उनके द्वारा सभी विकास प्राधिकरण की जोन उपायुक्त स्तर तक भी सिटीजन सर्विसेज कार्यों की समीक्षा की गई। जिसकी 7 दिनों पश्चात पुनः समीक्षा की जायेगी। वीसी में जयपुर, अजमेर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर के विकास प्राधिकरणों के आयुक्त एवं सचिव, आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल, उप शासन सचिव, सचिव, नगर विकास न्यास, जेएमआरसी के निदेशक, मुख्य नगर नियोजक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### बुद्ध शिक्षाओं का प्रथमतः पालन जरुरी



**जयपुर,** (का.सं.)। सैद्धान्तिक उपदेश एवं शिक्षाओं की चर्चा मात्र से जीवन सफल नहीं होता अपितु उनका प्रथमतः व्यवहारिक पालन से जीवन सफल व सार्थक बनता है। जीवन में संस्कार एवं नैतिक आचरण के अभाव में निरन्तर दिशा एवं दशाए बदल रही हैं जिसके जिम्मेदार मानव है। हास्यप्रद है कि सभी आस्थाओं के संदेशों का मात्र बखान कर इतिश्री करना गरिमा के प्रतिकूल है। परिणाम सामने है। उन्होंने आहवान किया कि बुद्धत्व मार्ग का पालन करना चुनोती नहीं बल्कि सत्य कर्म के लिए सरल व आशान हैं। यह विचार "बुद्ध सर्वधम्म केन्द्र" भगवती नगर में गुरुवार को भगवानबुद्ध शिक्षा एवं समाज उन्नतीय संस्था द्वारा आयोजित 37वें बुद्ध जयन्ती समारोह में व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बताया कि प्रातः बड़े बुजुर्गों, मॉता-पिता, का नमन का सद्आचरण सर्वोपरि है। बौद्ध राधेश्याम कोली ने बताया कि अद्भुद गौतमबुद्ध ने मानव द्धारा अपार अर्जित सम्पति के उपरान्त भी अशान्त जीवन को सुखमय बनाने के लिए शेष जीवन को पुनःर्जन्म मान सद्कर्मो में लगाने की सलाह दी। समारोह के मुख्य अतिथि व्योवृद्ध मथुरालाल ने बुद्ध चित्र सम्मुख दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर बुद्ध प्रेमी केशव देव वर्मा, सूरज मल, वनवारी लाल, सुभाष चंद एवं गणमान्यो ने सम्बोधन कर उत्साह भर दिया।

### आईओ हैंडबुक व इंवेस्टिगेशन चार्ट जारी



**जयपुर** । पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने शुक्रवार को जयपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में नए आपराधिक कानूनों (न्यू क्रिमिनल लॉज-2023) के संदर्भ में अनुसंधान अधिकारी (आईओ) के लिए हैंडबुक एवं अनुसंधान फ्लो चार्ट के पोस्टर का विमोचन किया। आईओ हैंडबुक में पुलिस अनुसंधान प्रक्रिया का पुराने और नए कानूनों के संदर्भ में तुलनात्मक विवरण, राजस्थान पुलिस अधिनियम एवं रेगुलेशन के संदर्भित प्रावधान एवं विधि विज्ञान के अनुसंधान में उपयोगी सामग्री के साथ ही इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर्स के संदर्भ और विवेचन के लिए तार्किक फ्लो चार्ट एवं ब्रोशर का समावेश किया गया है। साहू ने इस अवसर पर अधिकारियों को हैंडबुक एवं इंवेस्टिगेशन फ्लो चार्ट की प्रतियों को पुलिस रेंज, जिला, वृत एवं थाना स्तर तक वितरण करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक लगभग 12 हजार पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों- 2023 का प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। जून-2024 के अन्त तक सभी पुलिस अनुसंधान अधिकारियों की ट्रेनिंग पूरी कर ली जाएगी। विमोचन के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एम एन, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड सचिन मित्तल, उपमहानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण राहुल कोटोकी, इंटेलिजेंस ट्रेनिंग अकादमी के निदेशक दीपक भार्गव एवं पुलिस अधीक्षक जयपुर (ग्रामीण) शांतनु कुमार सिंह के अलावा नवीन आपराधिक कानून-2023 के क्रियान्विति से संबंधित समितियों के सदस्यों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धनपत राज, शालिनी सक्सेना एवं सुशीला यादव, उप पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक दीपक यादव, धीरज वर्मा एवं पंकज राज तथा एसआई सोनिया तंवर मौजूद थे।

### ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**जयपुर** । मानसरोवर इलाके में गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई, जबकि दो यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया। पुलिस के अनुसार रात करीब सवा दो बजे प्रधान वाटिका में एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक धौलपुर निवासी 36 वर्षीय गंभीर सिंह और ऑटो सवार दो यात्री घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म

**जयपुर** । मुहाना थाना इलाके में नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि सांगानेर निवासी 23 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि जुलाई-2023 में जॉब के दौरान उसकी मुलाकात सुनील गोस्वामी से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी सुनील ने उससे दोस्ती कर ली। आरोप है कि मिलने के बहाने उसे मानसरोवर स्थित एक होटल में बुलाया। होटल रूम में नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर आरोपी ने रेप किया।

# 11 हजार 824 किलो से ज्यादा मिलावटी घी सीज

**जयपुर** (कासं)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय की ओर से मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए 11 हजार 824 किलो मिलावटी घी सीज किया गया।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि धौलपुर में सीएमएचओ डॉ.जयंती लाल मीणा के द्वारा धौलपुर रीको औद्योगिक क्षेत्र में पालीवाल संस डेयरी प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत 3 नमूने पालीवाल ब्रांड घी के लिए गए। साथ ही, संदेह के आधार पर 9 हजार 898 किलो घी भी सीज किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह भी कार्रवाई में शामिल रहे। नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



इसी प्रकार गंगापुर सिटी में 324 लीटर घी मारवाड़ की शान सरस फर्म बजाज एंटरप्राइजेज पर सीज कर तीन नमूने लिए गए।

टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह और वेद प्रकाश पूर्विया शामिल थे। भरतपुर में सीएमएचओ टीम ने मैसर्स सुमित ट्रेडिंग कंपनी में पालीवाल घी और गोधन डेरी का 1500 किलोग्राम घी सीज किया।

# फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लोगों को ठगने वाली ईरानी गैंग के 3 बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस ने 500 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी को लखनऊ में दबोचा

- **गैंग के सदस्यों को वारदात के लिए जयपुर लाने वाला टैक्सी चालक भी गिरफ्तार**

**जयपुर** (कासं)। माणक चौक पुलिस ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने वाली ईरानी गैंग के तीन सदस्यों को 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद लखनऊ से पकड़ा । पुलिस ने गैंग के सदस्यों को वारदात के लिए जयपुर लाने वाले एक टैक्सी चालक को भी गिरफ्तार किया। डीसीपी राशि डोगरा डूडी ने बताया कि गैंग ने पांच माह में जौहरी बाजार में ही चार ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

उन्होंने बताया कि भोपाल के निशादपुरा स्थित ईरानी बस्ती निवासी शेख मुख्तार उमर उर्फ मुख्तार हसन, मोहम्मद अली, जुल्फीकार उर्फ जावेद को गिरफ्तार किया। आरोपियों के ईरानी बस्ती निवासी साथी मोहम्मद बाकर उर्फ शोकत की तलाश जारी है। आरोपियों को वारदात के लिए लेकर जाने वाले उत्तर प्रदेश निवासी टैक्सी चालक जितेन्द्र कुमार शर्मा को भी गिरफ्तार किया। डीसीपी राशि ने बताया कि 9 मार्च को संचित बागड़ा ने माणक चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

परिवादी ने बताया कि 8 मार्च को दुकान बंद कर बैग में दो पीस डायमंड व 50 हजार रुपए लेकर घर के लिए निकला था। परतानियों का रास्ता में चार लोगों ने रुकवा लिया और खुद को पुलिस में होना बताया। आरोपियों ने बातों में उलझाकर व परिवादी की नजर से बचते हुए बैग में रखे दोनों डायमंड व 50 हजार रुपए निकाल ले गए।

डीसीपी राशि ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए थानाधिकारी गुरभूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एएसआई प्रद्युमन, कांस्टेबल छीतरमल, प्रधान, विजय, विजय सिंह व गिरधर सिंह की टीम बनाई। आरोपियों पर 2 अप्रेल को 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया। गैंग के सदस्य 16 मई को जयपुर आकर पार्सल का काम करने वाले द्वारका प्रसाद शर्मा को सीबीआई अधिकारी बनकर रोक लिया। द्वारका प्रसाद की नजर से बचते हुए एक पार्सल पार कर ले गए। करीब 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तब आरोपियों के आगरा रोड की तरफ जाने का पता चला,। तब एक पुलिस टीम आगरा भेजी। वहां सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व मुखबिर से पता चला कि गैंग के सदस्य लखनऊ पहुंच गए हैं। तब पुलिस टीम लखनऊ पहुंची। लखनऊ में भी सीसीटीवी कैमरों की मदद और मुखबिर की सूचना पर लुलु मॉल के पास से आरोपियों को पकड़ा गया।



## World Fish Migration Day

Dive into a world where rivers come alive, teeming with fish on a mission. These aren't just any fish. They're adventurers of the aquatic world, journeying through streams and oceans with purpose and zest. Picture this vibrant underwater parade, and you've got the heart of *World Fish Migration Day*. It's a day that casts a spotlight on these finned travellers. This day isn't just for show. It's a call to action to protect our water-dwelling friends and the rivers they navigate. From local community gatherings to educational programs, people everywhere unite to spread the word about keeping river paths open and healthy for fish migration.

#RESEARCH

# Dental Health Conditions

Suboptimal dental visits or infrequent flossing were associated with an increase in all-cause mortality





People, who report having poor oral health, are as likely to have negative long-term systemic health outcomes as those previously diagnosed with periodontal disease, or gum disease, according to the new study.

The researchers examined whether self-reported oral health questions, which are commonly used in the surveillance of periodontal disease, had the same or similar comorbidities of the disease by analyzing data sets from the Women's Health Study and the National Health and Nutrition Examination Survey (NHANES).

The Women's Health Study followed women 45 years or older with self-reported information on gum disease, oral health questions, cardiovascular disease, diabetes, and osteoporosis in various timeframes, starting from 1992, while the NHANES included data on oral health questions and linked mortality from 1999 to 2018.

Led by first author Yau-Hua Yu, associate professor of Periodontology at the Tufts University School of Dental Medicine, the researchers tested their hypotheses by running analyses that estimated the probability of outcomes, based on a variety of factors and then, looked at survival rates within various groups. The results showed that negative self-evaluations were associated with the same level of systemic comorbidities as those who had been diagnosed with periodontal disease.

The study also found that suboptimal dental visits or infrequent flossing were associated with an increase in all-cause mortality.

"These questions are really helpful to understand a person's oral health conditions when clinical access is limited," says Yu.

Yu and fellow researchers, including senior author Julie Buring of Brigham and Women's Hospital and Harvard Medical School, also examined the role that access to dental care plays on overall health. They did this by asking two important questions, "In the past 12 months, have you visited the dentist or hygienist?" and "How often do you visit a dental office for routine check-ups and cleaning?"

The researchers found that about 10% of the Women's Health Study participants and 45% of NHANES study participants did not visit a dentist within a year and, as a result, their oral and overall health outcomes were poor.

"Our study findings suggest that people, who don't see a dentist, may have negative outcomes in terms of mortality," Yu says, noting that their original goal was to understand the usefulness of these questions for understanding and evaluating gum disease and oral health, in general.

Given this demonstrated link between oral health and mortality, Yu suggests primary care physicians consider asking about their patients' dental habits and condition to get a fuller picture of their overall health.

Yu isn't stopping with this study. She says she's still working on big data sets, and hopes to showcase outcomes in different populations, such as veterans. She is currently collaborating with the U.S. Department of Veterans Affairs.

And, Yu underscores the need for more large-scale national health studies/biobanking efforts to incorporate questions around dental health, to better understand and communicate the association between oral health and long-term health outcomes, as well as the gaps in access to dental care.

"For society in general," she says, "we need to look at, without dental care access, what is the burden?"



# Do What You're Passionate About - leave the rest



Mirza Yawar Baig
*Naturalist and wildlife conservationist*

People trust the written word much more than the spoken word. In the words of Martin Luther King (Jr.), "If you want to change the world, pick up your pen and write." This also keeps you busy in the lull periods, where you may, otherwise, fall prey to anxiety and stress. So, write. Starting now. Just do it.






That is because you can't deliver 'quality' unless you are passionate about something. So, never do something for money. Do it for love. Money will follow. Money is the natural consequence of all quality work. But if you do something, that you don't believe in, you will never succeed. That is why I have always refused work for cigarette and liquor companies and companies, which are known for corruption, no matter what the fee. I have also never done sales training because it doesn't excite me. I teach leadership, where I am paid to do it, and I teach it free, where the client (like schools) can't pay me but I believe that they will benefit and need that training. That gives me practice with a variety of audiences and builds equity in the market. Work for love and you will be loved for it.

'Genuinely' want the best for your client. If you are not interested in the welfare of the client and are working only for money, it will show and it will go against you. Genuine interest means that you will end up doing more work than you may have anticipated, including some that is not billable. But being genuinely interested means that you won't grudge or regret that. Take those projects that only interest you because if you want to succeed in a project and make a mark, then, you will need to be 'mentally' engaged with it 24 x 7. You can't do that unless it genuinely interests you. That too will show.

Genuine wanting the best for your client also means that sometimes, you will tell your client to go somewhere else, if he needs something that you know someone else can provide better than you can. It is a tough call and that is why you need to think beyond your income. Remember that in the end, it all comes back. People remember and are grateful and will promote and recommend you. Consulting is not business. Consulting is friendship. I have worked with this philosophy for the past 45 years and never regretted it.

#ORGANISATIONAL CONSULTANT

## Communicate, Communicate, Communicate

There is no getting away from this. Talk to people, write things and share with everyone. Have an 'abundance' mentality with sharing. It all comes back. Speak at conferences and seminars. Offer to teach (even if it is for nothing) management development courses at business schools and training establishments, pick and choose, of course, but do it. This will teach you the skills of dealing with people. It will energize you, expose you to your potential client base and give you visibility and credibility. I used to teach at IIM-B, when I lived in Bangalore, at Asnuntuck Community College and the Government of Connecticut, when I was in the U.S. and teach at the National Police Academy, SSB Academy and others, when I lived in Hyderabad. All for next to nothing in terms of money but great networking benefits.

Answer phone calls immediately, always return calls that you may have missed, always respond to e-mails, call people just to say hello. Have a toll-free number where your clients can reach you. Never leave a phone call unreturned or an e-mail unanswered. Good people skills are far more important than anything else. People hire you not because of competence alone but because they like you. Competence is a given. It must be there. Being liked is the decision-maker. Communication is the key to being liked. Aspiring consultants who play (or are) hard to get are digging their own graves. Nobody loves you enough to chase you. That will happen one day, provided you



build enough equity. But it will happen after a lot of hard work. I once had a client who waited for two years for me to return from America to do some work, but the exception proves the rule. If you are not reachable, someone else is. No matter that you think you are the best in the market. Even if you are, they don't know that until they work with you and if they can't reach you, if you don't return calls or mails, that will never happen.

## Never Compromise your Integrity, no matter how hungry you are!

Remember that your client is not the one who feeds you and the one who feeds you doesn't lack resources. So, never do anything which is against your beliefs and values. Have the highest values and live by them. That is the biggest incentive in my view of being an independent consultant, that you can 'afford to live by your values.' And guess what? Not only will you never starve but you will gain a huge amount of respect in the market, which you can't buy, even if you wanted to. For example, I have always insisted on clients respecting copyright and never agreed to use photocopied instruments, books and so on. On one occasion, I had to walk away from a very lucrative assignment from a very famous company (you'll be surprised if I told you the name) because the training manager insisted that I should use photocopied MBTI questionnaires to 'reduce cost.'




She said to me, "But everyone does it." I told her, "I am not every-one." That was in my very first year as an independent consultant (1994), when I was very poor and hungry, and it hurt very much to walk away. But I did. And the rest is history.

Another aspect of integrity is to keep the confidentiality of the client. Especially if you have high profile clients, others will try to put pressure on you to talk about them. By all means, share the good stuff. But anything that is confidential like business information, personal information about anyone, any plans that you may be privy to, must all remain completely confidential.

Remember that it takes years to build a reputation for integrity in consulting and it takes a single instance to destroy it. It doesn't matter whether you did it deliberately or accidentally. If you did it, it is a bullet in the forehead. It is instant death. A reputation of high integrity is your best brand, your greatest asset. It is your signature, your key differentiator in the market and it is what you will 'always' be remembered for. I can say with great pride that I have worked with GE from 1994, but have never been asked to sign an NDA (Non-Disclosure Agreement). So also, with all my other clients. I have never signed an NDA with anyone. Not that I would have refused. If someone has a policy about it, I have no objection to following it. But nobody ever asked me to do it. As I mentioned earlier, your reputation is your greatest asset. By far, greater than anything material. Don't sell it for love or money. It is simply not worth it. Guard it very zealously and jealously. It will benefit you all your life.

Consulting is hard because it means that someone else must feel that the advice, that you will give them, is worth paying for. So, it needs hard work, consistent results and extremely good social skills and interpersonal relationships. But like a giant wheel, it is hard work to move it but once it starts rolling, it builds momentum on its own. I have not made a cold call in 30 years. All my clients are either repeat or referrals from clients. Good relationships always pay off. No exceptions.

I hope this is helpful and gives you a start. We must work very hard, very, very hard to begin with. That is why passion is important because it will help to make the long uphill climb, when breath is short and burning in the chest, your legs are leaden, your back is a mass of pain and the sweat is pouring off your brow like rain. But you keep climbing because you know what awaits you at the top. To sit on a rock and watch the world at your feet, your face cooled by a gentle breeze and your body slowly relaxing as you gaze down, not up, at the clouds.

**Concluded.**

rajeshsharma1049@gmail.com

## Document and Focus on your Own Training

The written word has high credibility. So, write. Record meetings, thoughts, ideas and questions. Then, read them. You will be amazed at how much you will learn. Every year or so, go over what you have recorded, and you are likely to have the makings of a book on hand. I wrote 40 books in 40 years of consulting. Almost all of them this way. You will be amazed how much research and learning happens in the normal course of life, except that we don't record it. Beat the rest. Record your learnings. Books are an excellent way to build credibility. They are the strongest way to advertise what you have to offer without having to talk about it. A book is a quiet but 'confident' statement of who you are and what you have to



offer to the market. People trust the written word much more than the spoken word. In the words of Martin Luther King (Jr.), "If you want to change the world, pick up your pen and write." This also keeps you busy in the lull periods, where you may, otherwise, fall prey to anxiety and stress. So, write. Starting now. Just do it.

Ensure that you invest in yourself by upgrading your own skills. Set aside time and a budget to invest in your own learning. Read and get trained on a regular basis and you will find that to be a competitive advantage. I have found this an absolutely unassailable argument on the rare occasion, when someone says to me, "But so-and-so charges less than you do." I say to them, "Ask them what they spent on their own training in the last 12 months." Nobody ever came back, and I never lost a client for this reason. The hard reality is that if you have not upgraded yourself, then, you are really not fit to offer anything to the client. His reality changes daily with greater complexity, more demanding challenges, and an ever more ambiguous environment. How can you help them if you are still living in the stone age? Remember that consulting, especially leadership consulting, is not about technology but about helping your client sell his dream and then, helping him to create a concrete roadmap to achieve it. It is about building trust, keeping confidence and being there for them. Some of this or even a lot of this is not billable. But friendship never is. Yet, friendship is the foundation of all great consultant-client relationships. As they say, "You can only sell to friends." That is because only friends are trusted. Consulting is about being trusted, first and foremost.

#TECHNOLOGY

# How to Clear Your Browser's Cache

All browsers automatically store data locally, which speeds up web browsing but can cause problems too. Here's how to do something about it.

Every web browser has, what's called a *cache*, a temporary storage space for web pages that syncs online content to your computer or mobile device. This syncing is designed to help websites load up faster and put less strain on your internet bandwidth.

It's a good idea, and it works well most of the time, which is why every browser does it. However, it can cause problems. By its very nature, cached content can fall out of date. Browsers will try to ensure this doesn't happen, but it can, and that might mean you're looking at information, links, and images that are no longer accurate or relevant.

What's more, discrepancies between cached content and what's actually on the internet can also cause all kinds of weird bugs, like pages not loading properly or web apps not functioning.

Cached content can also represent a security vulnerability. Data stored on your computer, about the websites you've visited, can tell a story of your online activity, and while it would require physical access to your computer and a skilled hacker to find it, it's a possibility. For all these reasons, you might want to regularly clear out cached pages. Clearing the cache effectively resets the browser's relationship to the webpage, and it can often fix problems with a site.

There are reasons to clear your browser's cookies too, but we're going to focus on the cache here. This is how to do the job, no matter what browser you're using.







### Google Chrome

In Chrome on the desktop, click the three dots (top right), then, Settings. Open up the Privacy and security tab, click Clear browsing data, and then, select Cached images and files under the Basic tab.

The drop-down menu up at the top lets you choose the time range for the cache clear out, anything from the last hour to all time. (You'll be shown how much data is in the cache in each case.) When you're ready, click Clear data to confirm the action. It's a similar process, if you're using Chrome for Android or iOS. Tap the three dots (top right on Android, bottom right on iOS), then, Settings and Privacy and security. Choose Clear browsing data to find the Cached images and files option.

### Mozilla Firefox

Over on Firefox for the desktop, click the menu button (three horizontal lines, top right), then, choose Settings. The options that you need can be found on the Privacy & Security tab by clicking on Clear Data.

The next tab shows you how much data is stored in the cache, which, here, is referred to as Cached Web Content. Make sure this checkbox is selected, then, click Clear to wipe everything currently in the cache. With Firefox on mobile, the menu button is the three dots up in the top right corner (Android) or the three lines in the bottom right corner (iOS). Tap this button and Settings, then, Delete browsing data (Android) or Data Management (iOS) to clear the cache.




### Microsoft Edge

If Edge is your browser of choice, on the desktop, you click the three dots (top right), then, Settings, and then, open up the Privacy, search, and services tab. Click Choose what to clear next to Clear browsing data now. Make sure the option for Cached images and files is checked on the next dialog, and choose the time range you want covered in the drop-down menu (from Last hour to All time). Click Clear now to confirm and empty the cache. If you're using Edge on Android or iOS, tap the three horizontal lines in the bottom right corner, then Settings, then Privacy and security, and Clear browsing data. You'll see the Cached images and files checkbox on the next screen.

### Apple Safari

When it comes to Safari on macOS, you don't get quite as much control. Cached data and cookies are combined together in one pile, so, you have to clear both or neither. Pick Settings from the Safari menu, open the Privacy tab, and click Manage Website Data. All of the sites, that have stored data on your computer, are listed, together with the type of data, cache, cookies, or both. Select a website and click Remove to delete the data for that website. To wipe all local data from all websites, click Remove All. For Safari on iOS and iPadOS, open the main Settings screen, then tap Safari, Advanced, and Website Data. Tap Remove All Website Data to erase everything, or choose Edit. Then, tap the red delete button next to a site to wipe the cookies and cache for that specific site.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पानी-बिजली की समस्या को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया

## जिला कलेक्टर को लोगों ने ज्ञापन सौंप समस्या समाधान कराने की मांग की

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे बिजली व पानी की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। प्रशासन के द्वारा लगातार मॉनिटरिंग करने के बाद भी समस्या का समाधान निकलता नहीं दिख रहा है। उसी का कारण है कि जिला मुख्यालय करौली फाटक के आसपास की कॉलोनियों और मोहल्लों में इन दिनों लोगों को कम वोल्टेज की बिजली आपूर्ति की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसके चलते लोगों को पेयजल समस्या भी झेलनी पड़ रही है।

इस संबंध में शुक्रवार को कॉलोनीवासियों ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की। गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय पर करौली फाटक रामचंद्र नगर और आबकारी पुलिस थाने के आसपास कॉलोनीवासी वार्डपंच पूजा मीणा, प्रकाशी गुर्जर, गुड्डी, राजकुमारी, रिंकेश, आशा, शकुंतला, शारदा, सोनू, बृजेश कुमारी, कृष्णा शर्मा, हेमराज, भूरसिंह गुर्जर, मनोज शर्मा, साहबसिंह, केशवसिंह, सत्यनारायण आदि ने बताया कि करौली फाटक रामचन्द्र नगर और



लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और पानी-बिजली के समस्या समाणान की मांग की।

आबकारी पुलिस थाना के पास केवल एक ही ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। यह भी 100 केवी का है। इस कम क्षमता के ट्रांसफार्मर पर 500 से अधिक बिजली के कनेक्शन हैं। इसके कारण ट्रांसफार्मर पर लोड अधिक रहता है। कम क्षमता के इस ट्रांसफार्म पर लोड अधिक होने के कारण बार-बार तार जल जाते हैं। साथ ही वोल्टेज भी 70-80 ही आते हैं, जिसके कारण ना तो कूलर चल पाते हैं और ना ही पंखे चल पाते हैं। यह स्थिति करीब 15 दिन से है, जिसके कारण इस भीषण गर्मी में कई परिवार के सदस्य बीमार पड़ चुके हैं।

उन्होंने बताया कि बिजली के आने का पता है और न जाने का, कभी-कभी तो पूरी रात बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को बैठे-बैठे ही निकालनी पड़ती है। कॉलोनी में लगभग 80 प्रतिशत मजदूर हैं। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना पूर्व में कनिष्ठ और सहायक अभियंता ही नहीं बल्कि अधिशासी

- **शीघ्र समस्या का समाधान नहीं होने पर लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी**

अभियंता तक को शिकायत की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लाइनमैन पर अधिकारियों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लाइनमैन के कहने से ही पूर्व में सहायक अभियंता ने इसके लिए प्रपोजल बनाकर दिया, लेकिन बाद में उसे निरस्त करा दिया।

इसके अलावा कॉलोनी में पानी की भी विकट समस्या है, यहां न तो नलों से आपूर्ति हो रही है और न ही प्रशासन के द्वारा टैंकरों से सप्लाई। ऐसे में इस भीषण गर्मी में लोगों को पानी की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है उन्होंने कलेक्टर से पानी और बिजली की समस्या को गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया तो मजबूर होकर लोगों को आंदोलन करना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# दो विवाहिताओं की संदिग्ध हालत में मौत

## दोनों के पीहर पक्षों ने दहेज की खातिर हत्या का मामला दर्ज कराया

**धौलपुर,** (निसं)। मनियां थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दो अलग-अलग जगह दो विवाहिताओं की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। दोनों विवाहिताओं की मौत के मामले में पीहर पक्षों ने दहेज की खातिर हत्या का मामला दर्ज कराया है। थाने में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने मृतक विवाहिताओं के पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए हैं।

पहला मामला मनियां थाना क्षेत्र के जसुपुरा गांव का है, जहां मृतक महिला ज्योति के भाई अजय ने थाने में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी बहन ज्योति की शादी 2 मार्च 2024 को जसूपूरा गांव के विवेक ठाकुर के साथ की थी। जिसके बाद से ही उसकी बहन का पति और ससुराल पक्ष के लोग 5 लाख रुपए के दहेज की मांग करते हुए उसकी बहन ज्योति की मारपीट करते थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि गुरुवार की रात को उसकी बहन ने घर पर फोन कर मारपीट करने की जानकारी दी थी। जिसके बाद शुक्रवार को गांव के ही किसी युवक ने उसे फोन कर बहन ज्योति की मौत की सूचना दी। पीड़ित युवक ने रिपोर्ट में विवाहिता के ससुराल पक्ष पर दहेज की खातिर हत्या का मामला दर्ज कराया है।

वहीं दूसरा दहेज हत्या का मामला परौआ गांव के रहने वाले विश्राम सिंह कुशवाहा द्वारा दर्ज कराया गया है। जिसमें बताया गया है कि उसकी बेटी खुशबू की शादी एक वर्ष पूर्व मनियां थाना क्षेत्र में ललित कुशवाहा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही महिला का पति और ससुराल पक्ष के लोग 5 लाख रुपए के दहेज की मांग करते हुए उसकी बेटी के साथ मारपीट कर रहे थे। बेटी की मारपीट को देखकर पीड़ित ने अपने छोटे बेटे को उसकी ससुराल भेज दिया। जहां से आरोपी उसके बेटे को बहला-फुसलाकर घर के बाहर ले गए। जिसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी बेटी खुशबू की हत्या कर दी। दोनों ही मामलों में पुलिस ने पीहर पक्ष की शिकायत पर दहेज की खातिर हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने विवाहिताओं का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।

## सांप के काटने से बालिका की मौत

**आसीन्द,** (निसं)। आसींद थाना अंतर्गत लाछुड़ा गांव में सांप के काटने से बालिका की मौत हो गई। आसींद थाना अंतर्गत लाछुड़ा निवासी चतरु राव ने जानकारी देते हुए बताया कि पुत्री किरण राव (17) वर्ष शुक्रवार सुबह सात बजे खेत पर अपने काका कन्हैया लाल राव के साथ काम करते समय सांप के काटने से घायल हो गई। उसे तुरंत काका को चिल्लाने पर पता चला तो काका ने जाकर देखा तो सांप जाते हुए दिखाई दिया जिसको लकड़ी की सहायता से सांप को मौके पर ही मार दिया एवं पिता चतरु राव को सूचना दी। वह निजी वाहन लेकर मौके पर पहुंचे और घायल किरण राव पुत्री को लेकर आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। कन्यालाल राव ने बताया कि भाई के चार पुत्रियां एवं एक पुत्र है जिसमें से यह तीसरे नंबर की पुत्री किरण राव है जो कक्षा 10 में पढ़ाई करती थी।

# किसान को लोक परिवहन बस ने कुचला

## ग्रामीणों ने बस को आग लगाई

**हनुमानगढ़,** (निसं)। सूरतगढ़ फोरलेन मार्ग पर गांव मक्कासर में लोक परिवहन बस ने साइकिल सवार किसान को कुचल दिया। इससे मौके पर ही किसान की मौत हो गई। बस चालक व परिचालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। गुस्साए ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। मगर पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के हादसे के करीब पौने घंटे बाद तक मौके पर नहीं पहुंचने से नाराज ग्रामीणों ने पत्थरबाजी कर पहले बस की शीशे तोड़े, फिर बस को आग लगा दी। बाद में पुलिस व प्रशासन ने दमकल की मदद से आग बुझाई। मगर तब तक बस जलकर कबाड़ हो गई।

ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी, मृतक के परिवार को मुआवजा देने, मौके पर देरी से पहुंचने के कारण पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने आदि मांगों को लेकर फोरलेन मार्ग पर धरना लगाकर रोड जाम कर दिया। जंक्शन थाना प्रभारी सतपाल बिश्नोई व तहसीलदार हरीश कुमार ग्रामीणों की समझाइश के प्रयास में जुटे हुए थे। जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े दस बजे गांव मक्कासर निवासी बलकार सिंह (55) पुत्र सुखदेव सिंह साइकिल पर सवार होकर डबलीराठान की तरफ अपने खेत जा रहा था। जब वह पांच नम्बर गली के सामने फोरलेन पर पहुंचा तो पीछे से आई लोक परिवहन बस ने उसे टक्कर मारते हुए कुचल दिया। इससे बलकार सिंह ने मौके पर दम तोड़ दिया।

## युवक ने आत्महत्या की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र से गुजर रहे भीलवाड़ा-चित्तौड़ रेल मार्ग पर दो दिन पूर्व संगम हाउस के सामने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने वाले युवक के परिजनों ने ब्याज माफियाओं की धमकियों से परेशान होकर यह कदम उठाने की शिकायत की है। कोतवाल राजपाल सिंह का कहना था कि हितेश (27) पिता धर्मेन्द्र रोचानी निवासी सोनी हॉस्पिटल के निकट ने दो दिन पूर्व संगम हाउस के सामने रेलवे ट्रेक पर जयपुर उदयपुर इंटरसिटी ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शव को एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। शुक्रवार को मृतक की पहचान होने के बाद परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक फल फ्रूट का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। अंकित, जशू और कमल सिंधी जो कि ब्याज माफिया है इनके द्वारा उसे धमकियां दी जा रही थी जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया है।

# ट्रक में आग लगी, 50 लाख का नुकसान

**निवाई,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बरथल तिराहे पर शुक्रवार की दोपहर दो ट्रकों में अचानक भीषण आग लग गई। इस दौरान दूसरे ट्रक को तो आग को बुझाकर बचा लिया व एक ट्रक करीब 50 लाख रुपए की लागत के प्लास्टिक केमिकल के दाने सहित जलकर राख हो गया। आग की सूचना पर निवाई एवं टोंक की 4 दमकलों ने मौके पर पहुंचकर करीब 7 राउंड से आग पर काबू पाया। ट्रक में आग लगने से ट्रक में घनी लपटें एवं आसमान में काले धुएं के गुब्बारे दूर-दूर तक नजर आए, जिनको देखकर आसपास के क्षेत्र से सैकडों राहगीर एवं ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

ट्रक चालक मोहम्मद हनीफ ने बताया कि वह मुंबई से ट्रक में प्लास्टिक केमिकल के दाने भरकर दिल्ली जा रहा था। इस दौरान टोंक से जयपुर की ओर जाते समय बरथल तिराहे पर स्थित जगदंबा भोजनालय में चालक व परिचालक ट्रक को खड़ा करके खाना



राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बरथल तिराहे पर ट्रक में आग लग गई।

खाने के लिए गए थे। इस दौरान ट्रक की केबिन में शॉर्टसर्किट होने से अचानक केबिन में आग लग गई। उनको ट्रक की केबिन में आग की तेज लपटें दिखाई देने लगी। जिस पर उन्होंने दौड़कर आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग तेज गति से भभकने लग गई और ट्रक में रखें प्लास्टिक केमिकल में भी आग लग गई। ट्रक की आग की तेज लपटों से पास में खड़े दूसरे ट्रक में भी आग लग गई। जिसको बुझाना मुश्किल हो गया। उन्होंने ट्रकों में आग लगने की सूचना निवाई एवं बरौनी पुलिस को दी। सूचना पर निवाई एवं टोंक से चार दमकले मौके पर पहुंची और करीब सात राउंड में डेढ घंटे में आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने तक ट्रक एवं उसमें रखे हुए प्लास्टिक केमिकल के दाने के कट्टे जलकर राख हो चुके थे। इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। ट्रक में आग की लपटें तेज होने से पास में खड़े ट्रक में भी आग लग गई लेकिन उसको कुछ देर में ही सूझबूझ से आग को बुझा दिया जिससे दूसरे ट्रक में कोई नुकसान नहीं हुआ।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने 9898 किलो घी सीज किया

## रीको औद्योगिक क्षेत्र में पालीवाल संस डेयरी प्राइवेट लिमिटेड से तीन नमूने पालीवाल ब्रांड घी के लिए



धौलपुर में खाद्य सुरक्षा टीम ने घी सीज किया।

**धौलपुर,** (निसं)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान, अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा और सीएमएचओ डॉ.जयंती लाल मीणा के निर्देश पर धौलपुर रीको औद्योगिक क्षेत्र में पालीवाल संस डेयरी प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत 3 नमूने पालीवाल ब्रांड घी के लिए। साथ ही संदेह के आधार पर 9898 किलो घी भी सीज किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि लिए गए नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले भर में लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लेने का कार्य किया जा रहा है। आमजन को शुद्ध आहार उपलब्ध हो इसके लिए विभाग प्रतिबद्ध है।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती प्रक्रिया में प्रोविजनल कंसीडर करने के आदेश

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती की नियुक्ति प्रक्रिया में प्रोविजनल कंसीडर करने के अंतरिम आदेश जारी किए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पद के लिए जारी विज्ञापन में अपेक्षित चिकित्सा में डिग्री के अर्थ में बीडीएस की डिग्री भी शामिल है। राजस्थान हाइकोर्ट जस्टिस अरुण मोंगा की एकलपीठ ने डॉ. पूजा व्यास की रिट याचिका की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए आदेश दिए हैं। दंत चिकित्सक की ओर से अधिवक्ता यशपाल खिलेरी ने पैरवी की।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता यशपाल खिलेरी व विनीता ने रिट याचिका दायर कर बताया कि याची जयपुर स्थित निम्स यूनिवर्सिटी से दंत चिकित्सा में स्नातक /बीडीएस डिग्री उत्तीर्ण हैं। केंद्रीय सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 और खाद्य सुरक्षा और मानक नियम, 2011 अधिनियमित कर रखे हैं और इन्हीं प्रावधानों के अध्यधीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी का पद सृजित किया गया और उक्त पद के लिए अपेक्षित शैक्षिणक योग्यता निर्धारित की हुई है। उक्त केंद्रीय अधिनियम के प्रावधान अनुसार सम्पूर्ण भारतवर्ष में इस पद के लिए समान योग्यता निर्धारित है।

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 21 अक्टूबर 2022 से खाद्य सुरक्षा अधिकारी के 200 पद के लिए विज्ञिप्त जारी की थी। 27 जून 2023 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई। 20 फरवरी 2024 को जारी परिणाम में याची को सफल घोषित किया गया।

- **राजस्थान उच्च न्यायालय ने अंतरिम आदेश जारी किए**

आयोग द्वारा सफल मेधावी याची को दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार काउंसलिंग में शामिल किया गया। लेकिन पत्र 2 मई 2024 से आरपीएससी ने निर्धारित शैक्षिणक योग्यता के अभाव में याची की अभ्यर्थिता रद्द कर दी। इस पर याची ने रिट याचिका दायर कर आरपीएससी के आदेश को चुनौती दी गई।

याची की ओर से अधिवक्ता ख़िलेरी ने बताया कि एमबीबीएस डिग्री और बीडीएस डिग्री दोनों स्नातक पाठ्यक्रमों में एकल नीट परीक्षा के जरिये ही प्रवेश मिलता है और दोनों ही पद्धित चिकित्सा में डिग्री की परिभाषा में आती है। डॉ. एम. दिव्या बनाम निदेशक मामले में मद्रास हाईकोर्ट ने अहम फैसला देते हुए यह अभिनिर्धारित किया है कि दंत चिकित्सा विज्ञान में स्नातक चिकित्सा में स्नातक/ डिग्री इन मेडिसिन के अर्थ में ही समाहित हैं। इस बाबत हाइकोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्रीय सरकार के चिकित्सा विभाग मंत्रालय की एक्सपर्ट कमेटी द्वारा विस्तृत जांच कर इस आशय की रिपोर्ट भी पेश कर यह माना कि दंत चिकित्सा विज्ञान में स्नातक, होम्योपैथी में डिग्री, सिद्धा में डिग्री एवं अन्य मेडिसिन डिग्री को खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदों के लिए योग्य माना है और इन डिग्रीयों को चिकित्सा में स्नातक डिग्री के अर्थ में सम्मलित माना है। ऐसे में याची अधिनियम 2006 के प्रावधानों अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी पद हेतु नियुक्त होने योग्य है। इस संबंध में त्रिपुरा राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदो हेतु जारी विज्ञिप्त में दंत चिकित्सा स्नातक को निर्धारित शैक्षिणक योग्यता में सम्मिलित किया है।

मामले की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए जस्टिस अरुण मोंगा की एकलपीठ ने नियुक्ति प्रक्रिया में याची की अभ्यर्थिता प्रोविजनल कंसीडर करने का अंतरिम आदेश देते हुए राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं राज्य सरकार को जवाब तलब किया। अगली सुनवाई 6 अगस्त 2024 को नियत की।

# दूध देने से मना करने पर युवकों ने दुकानदार की हत्या की

**संगरिया,** (निसं)। हनुमानगढ़ जिले के संगरिया नगर के गांव किशनपुरा उत्तराधा में दूध नहीं देने पर गुस्साए तीन युवकों ने एक किराना दुकानदार एवं डेयरी संचालक की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। मृतक की पहचान वार्ड 11 गांव किशनपुरा उतराधा निवासी इंद्रप्रकाश बिश्नोई (60) पुत्र बनवारीलाल के रुप में हुई है। वह परिजनों को सुबह दुकान के पीछे बने नोहरा में चारपाई पर मृत अवस्था में मिला। चारपाई व उसके नीचे खून बिखरा हुआ था। हत्यारों ने तेज धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी, जिसकी गुत्थी सुलझाने के लिए मौके पर एडिशनल एसपी प्यारेलाल, डीएसपी करणसिंह पुलिस जाब्ता के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। निरीक्षण कर जरुरी निर्देश दिए। एफएसएल टीम प्रभारी अंबिका सहित डॉग स्क्वॉयड ने पहुंचकर अहम सुराग जुटाए।

थाना प्रभारी धर्मपालसिंह ने बताया कि पुलिस ने शक के आधार पर मौके से कुछ लोगों को डिटेन किया है। जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है। मृतक के पुत्र दीपक की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या व चोरी करने का मामला दर्ज किया है। मेडिकल टीम से पोस्टमॉटर्म्म करवाकर मृतक का शव परिजनों को सौंपा दिया गया।

मृतक के पुत्र दीपक कुमार बिश्नोई (38) ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता वार्ड 11 गांव किशनपुरा उतराधा निवासी इंद्रप्रकाश बिश्नोई घर के सामने बने पशुओं के नोहरे में परचून की दुकान करते हैं। रात को नोहरे में पशुओं के पास रखवाली करते हुए सो जाते हैं। रोज की तरह बुधवार की रात भी खाना खाकर नोहरे में सो रहे थे। उसी दौरान करीबन दस बजे फोन पर कॉल करके सोनू बावरी ने दुकान में आने के लिए कहा। जब वह नोहरे में पहुंचा तो वहां गांव के सोनू बावरी, गगन मेघवाल व दीपू पंवार खड़े थे। उन्होंने दूध व अन्य सामान मांगा। सौ रुपए का सामान दे दिया लेकिन दूध उपलब्ध नहीं होने से मना कर दिया। इस बात पर वे शराब के नशे में झगड़ने लगे। मौके पर उनको चले जाने और शराब पीकर फिर कभी दुकान में नहीं आने के लिए कहने पर वे नाराज होकर चले गए। दीपक अपनी दुकान बंद करके घर चला गया, पिता नोहरे में सो रहे थे। आरोप लगाया कि इसके बाद रात में किसी वक्त सोनू बावरी पुत्र जग्गा बावरी, गगन मेघवाल एवं दीपू पंवार तीनों नोहरे में घुस गए। कुल्हाड़ी (टोका) तथा सब्बल से सो रहे पिता इन्द्रप्रकाश बिश्नोई के सिर व माथे पर गम्भीर चोटें मार कर उनकी निर्मम हत्या कर दी। जब गुरुवार सुबह करीब पांच बजे नोहरे में आया तो देखा कि पिता चारपाई पर खून से लथपथ पड़े हुए थे। उनकी मृत्यु हो चुकी थी। पिता का पर्स व रुपए गायब थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तीन शराब अनुज्ञाधारियों पर करीब 1.11 करोड़ की राशि बकाया

## आबकारी विभाग ने नोटिस थमाया, समय रहते राशि जमा नहीं कराई तो संपत्ति कुर्क होगी

**देवली,** (निसं)। यहां आबकारी विभाग ने तीन लाइसेंस धारकों को बकाया राशि जमा कराने के लिए नोटिस दर नोटिस जारी किए, परंतु शराब अनुज्ञाधारियों ने लाखों रुपए की बकाया राशि विभाग में अब तक जमा नहीं करवाई। इसको लेकर देवली आबकारी निरीक्षक कार्यालय ने तीनों शराब अनुज्ञाधारियों की संपत्ति कुर्क करने का निर्णय लिया है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम को देवली आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार डिडेल ने अपने कार्यालय से प्रेस नोट जारी कर बताया कि देसी मदिरा कंपोजिट दुकान देवली गांव के अनुज्ञाधारी चंद्रपाल ठागरिया पर 59 लाख 58 हजार 366 रुपए की राशि बकाया चल रही है। इसी प्रकार देसी मदिरा कंपोजिट दुकान देवली शहर दुकान संख्या 5 अनुज्ञधारी दयाराम सिंह मीणा में 26 लाख 71 हजार 241 रुपए की राशि बकाया चल रही है। तो वहीं देसी मदिरा कंपोजिट दुकान देवली उपखंड चांदली ग्राम पंचायत के अनुज्ञाधारी देवराज सिंह मीणा पर 24 लाख 83 हजार 541 रुपए की राशि बकाया चल रही है। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने जरिए प्रेस नोट यह भी बताया कि देवली गांव के अनुज्ञाधारी चंद्रपाल ठागरिया वर्तमान 30 जून 2024 तक का अनुज्ञा धारी है। चंद्रपाल की उक्त दुकान में अनियमितता पाई जाने पर एवं मदिरा का उठाव बकाया कायम रहने के कारण उक्त अनुज्ञाधारी को मदिरा उठाव एवं बकाया जमा कराने हेतु चार नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

इसी प्रकार देवली शहर दुकान संख्या 5 अनुज्ञाधारी दयाराम सिंह मीणा की भी लाइसेंस वैधता 30 जून 2024 तक की है। उक्त अनुज्ञाधारी की दुकान में नियम विरुद्ध अनियमितता पाई गई है। यहां भी मदिरा उठाव एवं बकाया कायम रहने के कारण अनुज्ञाधारी दयाराम मीणा को भी मदिरा उठाव एवं बकाया जमा करने के लिए कार्यालय से अब तक 11 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। लेकिन उक्त अनुज्ञाधारी ने विभाग में अब तक बकाया राशि जमा करवाने की कोई प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की। इसी प्रकार देसी मदिरा कंपोजिट उपखंड चांदली ग्राम पंचायत के अनुज्ञाधारी देवराज सिंह मीणा की दुकान में मदिरा उठाव एवं बकाया कायम की अनियमितता पाई गई एवं विभाग के लाखों रुपए की बकाया राशि जमा नहीं कराए जाने पर उक्त अनुज्ञाधारी को भी कार्यालय से बारी-बारी 11 नोटिस जारी किए गए। परंतु उक्त अनुज्ञाधारी ने भी कार्यालय की बकाया राशि जमा करवाने मैं दिलचस्पी नहीं दिखाई है। ऐसे में आबकारी विभाग ने लाखों रुपए की बकाया राशि वसूलने के लिए तीनों अनुज्ञाधारियों को बार-बार विभाग की राशि जमा करने के लिए नियम अनुसार अवगत कराया परंतु तीनों अनुज्ञाधारी विभाग की उक्त सूचना को नजरअंदाज करते रहे हैं।

इस पर निरीक्षण अशोक कुमार ने यह भी बताया कि देसी मदिरा अनुज्ञाधारी चंद्रपाल ठागरिया, दयाराम सिंह मीणा, देवराज मीणा ने अगर समय रहते 30 जून 2024 तक लाखों की बकाया राशि कार्यालय में जमा नहीं करवाई तो 30 जून 2024 के पश्चात उक्त अनुज्ञाधारियों से विभाग की बकाया राशि वसूली करने के लिए नियम अनुसार चल अचल संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

# मदनपुरी-गूजूकी रोड पर नहर एवं सरकारी भूमि पर की अवैध प्लाटिंग

## शिकायत पर पटवारी द्वारा जांच करवा कर सख्त कार्रवाई की जाएगी : तनु शर्मा तहसीलदार अलवर

**अलवर।** भूमाफियाओं के होसलें इतने ज्यादा बुलंद हो चुके है कि उन्होंने सरकारी भूमि सहित सिंचाई विभाग की नहर और नदी-नालों तक पर अतिक्रमण कर अवैध प्लाटिंग करते हुए उनका बेचान भी शुरू कर दिया है और जिले के जिम्मेदार अधिकारी देश में लगी आदर्श आचार संहिता का गुणगान करते हुए इन सभी क्रिया कलापों को आंख बंद कर देख रहे है।

ऐसे में आने वाले समय में भारत सरकार और राजस्थान सरकार की ईआरसीपी योजना को बडा झटका लगने वाला है क्योंकि यहां नहरों और नदी नालों सहित सभी सरकारी भूमि पर तो पांच साल के दौरान भवन बन जाएगे और फिर नदियो से आने वाला पानी बांधों तक कैसे पहुंचेगा और पहुंच भी गया तो बांधों की उपरा लगने के बाद कहा से गांवों में सिचाई के लिए पहुंचेगा यह सवाल आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। अलवर के समीपवर्ती मदनपुरी गांव में गूजकी रोड पर सिंचाई विभाग की नहर एवं सरकारी भूमि पर कुछ भू माफियाओं द्वारा सरकारी अफसरों एवं हल्का पटवारी से मिली भगत कर भूमि पर अतिक्रमरण कर लिया और इस भूमि पर अवैध प्लाटिंग भी शुरू कर दी है ग्रामीणों से पता चला है कि इन प्लाटों में कुछ प्लाट भी कट चुके है जिनकी राजिष्ट्र की तैयारियां भी शुरू हो गई है जो जल्दी ही पूरी कर ली जाएगी।

लेकिन जिम्मेदार हल्का पटवारी और अधिकारी इस और से बेखबर है उनसे जब भी शिकायत की जाती है तो वे रटा रटाया जवाब दे रहे है कि अभी आचार संहिता लगी हुई है हम कुछ नही कर सकते आखिर में ठामीणों ने इस मामलों को मीडिया को साझा किया है। इस मामले की जांच के लिए जब हल्का पटवारी को फोन किया तो उन्होंने फोन रिसिव नही किया।

अलवर तहसीलदार तनु शर्मा ने कहा कि इस मामले की जांच पटवारी द्वार करवा कर उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी


अलवर में भूमाफियाओं ने अवैध प्लाटिंग करते हुए उनका बेचान भी शुरू कर दिया है ।

## समस्याओं का मौके पर किया निस्तारण

**कोटपूतली।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिले के बानसूर क्षेत्र की ग्राम पंचायत गिरूडी के अटल सेवा केन्द्र पर विगत गुरूवार को शाम 07 बजे से रात्रि चौपाल कर ग्रामीणों की समस्यायें सुनी। इस दौरान कुल 14 परिवाद प्राप्त हुये। जिनमें से 4 परिवाद विधुत विभाग, 5 परिवाद पेयजल सम्बंधी, 3 परिवाद राजस्व विभाग एवं 2 परिवाद अन्य विभागों से सम्बंधित प्राप्त हुये। जिला कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों व आमजन की परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण करते हुये सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सख्ती से निर्देशित कर कार्यवाही रिपोर्ट से अवगत करवाने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने बिजली व पानी की समस्याओं की गहनता से जानकारी लेकर रात्रि चौपाल में उपस्थित बानसूर जेवीवीएनएल एईएन व पीएचईडी एईएन को ग्रामीण क्षेत्र में विधुत एवं पेयजल की सुचारू एवं अबाधित रूप से आपूर्ति करने हेतु निर्देशित किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों व आमजन को ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी एवं लू-तापघात से बचाव हेतु सामान्य जानकारी दी गई। इस दौरान एसडीएम रविकांत सिंह, डीएसपी सत्यप्रकाश मीणा, तहसीलदार, विकास अधिकारी, बीसीएमओ समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत स्तरीय कार्मिक व बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आमजन मौजूद रहे।

## विधायक धनकड रोजाना सुनेंगे जन समस्याएं

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड जनसमस्याओं के समाधान व क्षेत्र के विकास के लिए विजन तैयार कर जनसमस्याओं की सुनवाई के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम बना लिया है।

भाजपा विधायक कुलदीप धनकड ने बताया कि उन्होंने हर माह में कोई दिन निश्चित कर लिया है कि क्षेत्र में जाकर जनसुनवाई करेंगे और जनता की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने बताया कि नियमित जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत प्रत्येक रविवार रविवार को सुबह 8 बजे से निवास स्थान भांकरी, महीने के पहले व तीसरे शनिवार को सुबह 8 बजे से ढाक बंगला विराटनगर, महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को सुबह 8 बजे से ढाक बंगला शाहपुरा मे जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी और उसके अनुसार प्रशासनिक कारिंदों एवं सरकार से कार्य कराये जाने के प्रयास किए जाएंगे।

भाजपा विधायक कुलदीप धनकड ने बताया कि पांच वर्ष में बिना किसी भेदभाव के वे क्षेत्र का विकास करेंगे। उनका प्रयास होगा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान तत्परता से किया जाए।

## सार-समाचार

### मोटरसाइकिल तारबंदी में घुसी



**निवाई/गुंसी ।** राहोली गुंसी सडक मार्ग पर शुक्रवार दोपहर बाद करीब 3:30 बजे गाय को बचाने के प्रयास में मोटरसाइकिल असंतुलित होकर सडक़ किनारे लगी तारबंदी में जाकर फंस गई। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार पति पत्नी एवं उनका चार वर्षीय पुत्र गंभीर घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को निवाई राजकीय अस्पताल में भर्ती करवाया। सभी घायलों की हालत चिंताजनक होने पर उनको जयपुर रैफर कर दिया गया। 108 एंबुलेंस के मेल नर्स राकेश मीणा एवं पायलेट कुलदीप सिंह ने बताया की राहोली निवासी राजेश पुत्र नारायण बैरवा उम्र 35 वर्ष अपनी पत्नी मिथलेश एवं चार वर्षीय पुत्र लक्की के साथ मोटरसाइकिल से निवाई से अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान गुंसी-राहोली रोड पर स्थित गांव काचरिया के पास सडक़ मार्ग पर अचानक एक गाय सामने आ गई जिसको बचाने के प्रयास में उनकी मोटरसाइकिल असंतुलित होकर सडक़ किनारे खेतों की मेड पर लगी तारबंदी में जाकर फंस गई। इस दुर्घटना में बाईक सवार तीनों जने गंभीररूप से घायल हो गए। राहगीरों एवं पास में एक मिष्ठान भंडार के कर्मचारियों ने तारों में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस को सूचना दी। इस दुर्घटना में तारों से बाईक चालक का गला कट गया। सभी घायलों को निवाई राजकीय अस्पताल पहुंचाया जहां से तीनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उनको जयपुर रैफर कर दिया।

### ढाबे पर खड़े ट्रकों में लगी आग

**टोंक ।** पीपलू उपखण्ड के बरोनी थाना क्षेत्र के बरथल तिराहे पर एक ढाबे पर केमिकल से भरे ट्रक में शुक्रवार दोपहर को अचानक आग लग गई। बरोनी थानाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया की दोपहर 12 बजे करीब बरथल तिराहे पर जंगदबा ढाबे पर केमिकल से भरा हुआ एक ट्रक खड़ा हुआ था, जिसमें अचानक से आग लग गई, वहीं पास ही दूसरे ट्रक ने भी आग पकड़ ली, लेकिन ट्रक चालक की सूझबूझ से ट्रक आगे ले जाकर आग पर काबू पा लिया गया। वहीं मौके पर तीन दमकल बुलाकर आग बुझाई गई, जिसमें एक ट्रक जलकर राख हो गया, करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया तथा बाद मेकं ट्रैफिक सुचारू रूप से शुरू किया गया।

### नर्सिंगकर्मी को किया निलंबित

**कोटपूतली।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार को बहरोड़ जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर इंजेक्शन वार्ड में पहुंची तो वहां उन्होंने मौके पर एक प्राईवेट व्यक्ति को मरीजों का ईलाज करते हुए पाया। वह एक व्यक्ति एक मरीज के इंजेक्शन लगा रहा था। जिला कलेक्टर ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पीएमओ डॉ. सत्यवीर यादव को निर्देशित किया कि ईलाज कर रहे व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज करवाई जाये तथा (इन्जेक्शन वार्ड प्रभारी) नर्सिंग ऑफिसर राकेश कुमार को राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम-13 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तुरन्त प्रभाव से निलंबित किया गया। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस प्रकार का कार्य मानव जीवन को खतरे में डालने वाला है तथा सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

### वार्ड पंच का पद रिक्त घोषित

**टोंक ।** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रतिष्ठा पिलानिया ने पंचायत समिति देवली की ग्राम पंचायत पोल्याड़ा के वार्ड पंच का पद रिक्त घोषित किया है। सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 2 के वार्ड पंच लादू लाल बैरवा की मृत्यु होने के कारण इस पद को रिक्त घोषित किया है।

# निगम जरूरी सेवाओं के लिए वसूलेगा ज्यादा फीस

**अलवर ।** दो दर्जन जनसुविधाओं के लिए लोगों को ज्यादा टैक्स (उपभोक्ता प्रभार) देना पड़ सकता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि दर्जनों ऐसे साधन हैं, जिनके जरिए नगर निगम का खजाना भर सकता है, तो जनसुविधाओं पर आय का लक्ष्य बढाने की जरूरत क्यों पडी?

पहले से महंगाई की मार झेल रही शहर की जनता पर नगर निगम टैक्स का बोझ बढ़ा सकता है। निगम ने अपना खजाना भरने के लिए गत एक अप्रेल से ही बजट के आंकडों पर काम करना शुरू कर दिया है। अब विवाह पंजीकरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई, कचरा संठाहण के अलावा दो दर्जन जनसुविधाओं के लिए लोगों को ज्यादा टैक्स (उपभोक्ता प्रभार) देना पड सकता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि दर्जनों ऐसे साधन हैं, जिनके जरिए नगर निगम का खजाना भर सकता है, तो जनसुविधाओं पर आय का लक्ष्य बढ़ाने की जरूरत क्यों पड़ी ? हालांकि अब तक प्रमाण पत्रों पर टैक्स का यह भार सीधा देखने को नहीं मिला।

निगम जनता को जनसुविधाएं देने के नाम पर उपभोक्ता प्रभार लेता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 564.72 लाख रुपए लेने का लक्ष्य तय किया था। दिसंबर 2023 तक 303.74 लाख रुपए ही प्राप्त हुए। निगम ने बिना देरी किए ही इसे संशोधित करके शुल्क 508.70 लाख कर दिया। अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में 684.32 लाख रुपए वसूलने का प्रावधान किया गया है। यानी पिछले साल की अपेक्षा सुविधाओं के नाम पर नगर निगम इस बार जनता से 175.62 लाख रुपए अधिक लेगा। नेता प्रतिपक्ष विक्रम यादव कहते हैं कि निगम की कार्यशैली सभी को पता है।

## पशुओं के उपयोग पर 11 से 4 बजे तक रोक

**टोंक।** जिले में गत दिनों में तापमान में वृद्धि हुई है एवं भीषण गर्मी हो रही है। तेज गर्मी में पशु मालिक द्वारा ऊंट, घोड़ा, खच्चर, पोनी, बैल, पाड़ा, गधा तथा ऊँट जैसे पालतु पशुओं को बिना पानी, भोजन एवं आराम के बिना चिलचिलाती गर्मी में भार ढोने के कार्य में उपयोग लिया जा रहा है। लू एवं तापघात से पशुओं में डीहाइड्रेशन की संभावना बहुत बढ़ जाती है जो कि पशु क्रूरता की श्रेणी में आता है। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा ने पशु क्रूरता की रोकथाम, पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं पशुओं के प्रति मानवीय दृष्किोण व दया भावना को लेकर आदेश दिए है कि पशुओं को भीषण गर्मी के दौरान दोपहर 11 से सायं 4 बजे के मध्य भारवाहक के कार्य के लिए उपयोग में नहीं लेवे। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि पशुओं का उपयोग भारवाहक के लिए करता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# देवयानी मैया के मेले में हजारों भक्त उमड़े

**सांभरझील,** (निसं)। यहां सभी तीर्थों की नानी के नाम से देशभर में प्रसिद्ध प्रमुख आस्था का केंद्र देवयानी तीर्थ स्थल पर वार्षिक मेले में सांभर सहित प्रदेश के अनेक जगहों से आए हजारों लोगों ने इसमें उत्साह के साथ भाग लिया।

मेले में देर रात तक लोगों की भीड़ देखने को मिली। पुजारी योगेश शर्मा ने देवयानी की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार कर मंदिर को सजाया। देवयानी के घाटों पर स्थित अति प्राचीन गंगा माता, बड़ का बालाजी,गणेश, नीलकंठ महादेव, जागेश्वर, गिरधर गोपाल, अन्नपूर्णा, गौरीशंकर सहित कई मंदिरों में पुजारियों ने प्रतिमा का श्रृंगार किया। आने वाले श्रद्धालुओं को पूजा पाठ भी कार्रवाई। धर्मस्थल के चारों ओर सभी मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। तपस्वीजी का आश्रम पर भंडारे में देर रात तक लोगों ने पंगत प्रसादी पाई। संकट मोचन हनुमान मंदिर में भी भंडारे का आयोजन हुआ।


देवयानी मंदिर में वार्षिक मेले पर मां का भव्य श्रृंगार किया गया।

# प्रागपुरा से मुस्लिम दंपति हज यात्रा के लिए रवाना

■ जायरीनों को खुशी खुशी विदा कर अमन चैन की दुआ मांगी

**पावटा।** कस्बा से एक मुस्लिम दपति शुक्रवार को मक्का मदीना की हज यात्रा के लिए रवाना हुआ। इस हज यात्रा में श्रीमती नाथी बानो समेत बाबू खान तेली अपनी पत्नी खातून बानो व भाई इस्लामुद्दीन एवं उनकी पत्नि लाली बानो प्रागपुरा कस्बा के मुय बाजार शाही जामा मस्जिद से हज यात्रा पर रवाना हुए तो ग्रामवासियों ने फूल माला पहना एवं पुष्पवर्षा कर जायरीनों को खुशी खुशी विदा किया और मक्का मदीना शरीफ पहुंच कर क्षेत्रवासियों के लिए अमन चैन की दुआ मांगने की दरवास्त की। प्रागपुरा वक्फ बोर्ड कमेटी सदर आमीन मंसूरी ने बताया की मक्का मदीना मुस्लिमों का पवित्र स्थल है।

जहां हर मुस्लिम की महत्ति इच्छा होती है की वो भी जीवन में कम से कम एक बार हज यात्रा करें। बाबू खान ने बताया कि हज यात्रा जाने की बहुत दिनो से इच्छा थी किन्तु खुदा के रहमो करम से अब जाकर यह मुक्किल दिन आया है। उन्होंने बताया मुल्क के सभी लोगों एवं देश में अमन चैन और सुख शांति की मक्का मदीना में दुआ की जाएगी। ताकि लोगों के बीच आपसी सद्भावना बनी रहे। इस दौरान वक्फ बोर्ड कमेटी सचिव समीर लुहार, कमेटी सदस्य रिजवान कुरेशी, हाजी मोहमद फरीद, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया, जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत, कांग्रेस नेता जगन यादव, इरफान कुरेशी, सोहन लाल खंडेलवाल, ओमप्रकाश सैनी, राजेन्द्र शर्मा, धर्मपाल यादव, मिंटू शर्मा, धारासिंह सैनी, बोद्धू राम आदि उपस्थित रहे।

## कारागृह का निरीक्षण किया

**बौंली, बामनवास ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला सैशन न्यायाधीश अतुल कुमार सक्सेना ने सवाई माधोपुर जिला कारागृह का मासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह में कीटनाशक छिड़काव, सीवरेज बंदियों को कैंटीन सुविधा, सूखे व गिले कचरे का अलग-अलग निस्तारण, रसोई, पेयजल, भोजन सहित सभी सुविधाओं की जानकारी ली एवं प्रथम बार प्रवेश करने वाले बंदियो से संवाद व पूछताछ कर जांच की गई बंदियो को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ बैठक की

**कोटपूतली।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार को बहरोड पंचायत समिति सभागार में अधिकारियों की बैठक ली एवं व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने बहरोड जिला अस्पताल का निरीक्षण किया तथा बहरोड के वार्ड नंबर 01 में जलापूर्ति का औचक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लू व तापघात की स्थिति में आवश्यक दवा यों का स्टॉक रखने एवं साफ-सफा के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए लू व तापघात मरीजों के लिये विशेष व्यवस्थायें एवं वार्ड बनाये जायें। जिला कलेक्टर ने समस्त दवा यां के स्टॉक की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में पर्याप्त कूलर तथा पंखों की व्यवस्था नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर की।

जिला कलेक्टर ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला कलेक्टर ने उपखण्ड क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, निर्माण कार्यों की प्रगति जानी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आमजन को निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। साथ ही पेयजल के लिए आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं आये इसका विशेष ध्यान रखा जावें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर आवश्यकता है वहां तुरंत टैंकरों से जलापूर्ति करें। इस कार्य में किसी भी तरह की ढ़िला नहीं बरतें। इस दौरान जिला कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम, सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सुचारू रूप से आपूर्ति, कानून व्यवस्था, -फा लिंग प्रणाली क्रियान्वयन, विभागीय योजना, निरीक्षण एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सीएमओ, सम्पर्क पोर्टल एवं जनसुनवा में प्राप्त परिवादों के निस्तारण आदि की समीक्षा की।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के अवकाश की मांग

**शाहपुरा ।** शाहपुरा उपखंड में पारा 42 डिठी सेल्सियस होने पर लू और तपती धूप की भीषण गर्मी को देखते हुए रणवीर सेवा समिति के अध्यक्ष विजय चौहान,समिति महासचिव डॉ.पूरण मल बुनकर, दी बार एसोसिएशन संयुक्त सचिव राव राम सिंह यादव आदि ने शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों व कार्मिकों के अवकाश की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि भीषण गर्मी में भी आंगनबाड़ी केंद्रों में नन्हे बच्चों को बुलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र अब प्री स्कूल यानी शाला पूर्व शिक्षण केंद्र के रूप में भी संचालित हैं। भीषण गर्मी में राजकीय व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 17 मई से प्रारंभ हो चुका है।

# भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी केंद्रों के अवकाश की मांग, सौंपा ज्ञापन

## आंगनबाड़ी अब प्री स्कूल यानी शाला पूर्व शिक्षण केंद्र के रूप में संचालित

**पावटा ।** शाहपुरा उपखंड में पारा 42 डिग्री सेल्सियस होने पर लू और तपती धूप की भीषण गर्मी को देखते हुए रणवीर सेवा समिति के अध्यक्ष विजय चौहान, समिति महासचिव डॉ. पूरण मल बुनकर, दी बार एसोसिएशन संयुक्त सचिव राव राम सिंह यादव आदि ने शुक्रवार को आंगनबाडी केंद्रों व कार्मिकों के अवकाश की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि भीषण गर्मी में भी आंगनबाडी केंद्रों में नन्हे बच्चों को बुलाया जा रहा है। आंगनबाडी केंद्र अब प्री स्कूल यानी शाला पूर्व शिक्षण केंद्र के रूप में भी संचालित हैं। भीषण गर्मी में राजकीय व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 17 मई से प्रारंभ हो चुका है। लेकिन आंगनबाडी केंद्र में 6 वर्ष तक के नन्हे बच्चों को बुलाया जाता है। शाहपुरा ब्लॉक में बडी संया में आंगनबाडी केंद्रो में ना तो बिजली कनेक्शन है और ना ही पंखे हैं। कई में तो शौचालय तक नहीं है। आंगनबाडी केंद्रों के पास पास स्वयं का भवन नहीं होने से अधिकांश विद्यालयों के पुराने भवनों में चल रहे हैं। जिसके चलते आंगनबाडी केंद्र घर से दूर पडते हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों की छुट्टियां हो रही हैं, ऐसे में आंगनबाडी केंद्रों पर आने वाले छोटे बच्चों व कार्मिकों का भी अवकाश होना चाहिए।


शाहपुरा उपखंड में पारा 42 डिग्री सेल्सियस होने पर लू और तपती धूप की भीषण गर्मी को देखते हुए रणवीर सेवा समिति के अध्यक्ष विजय चौहान ने अवकाश के लिए ज्ञापन सौंपा।

## भूमि को खुर्द बुर्द होने से बचाने की मांग

**कोटपूतली।** स्थानीय श्री जयसिंह गौशाला की ग्राम गोनेड़ा स्थित 78 बीघा भूमि को खुर्द बुर्द होने से बचाने की मांग को लेकर समिति पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल सहित एसडीएम बृजेश चौधरी व तहसीलदार सौरभ गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अध्यक्ष सुरेश पायोनियर, उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, महामंत्री नन्दलाल जोशी, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, पार्षद मनोज गौड़ व मुकेश सराधना आदि ने बताया कि गोनेड़ा स्थित गौशाला की कुल 78 बीघा भूमि को भू माफिया फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करवाकर नामान्तरण खुलवाने के लिये प्रयासरत है। उक्त भूमि की जमाबंदी खातेदारी, काश्तकार जयसिंह गौशाला कोटपूतली है। जिसमें गायों के संरक्षण, पालन पोषण व बचाव के लिये उपयोग व उपभोग में ली जा रही है। उक्त भूमि में किसी भी दिगर व्यक्ति का को लेना देना नहीं है। कुछ भूमाफिया उक्त भूमि का विक्रय पत्र तस्दीक करवाकर इसे जबरन खुर्द बुर्द करवाना चाहते है। ज्ञापन में सम्बंधित खसरा नम्बरों के किसी भी प्रकार के विक्रय पत्र को तस्दीक ना किये जाने एवं किसी भी प्रकार का नामान्तरण खसरा नम्बर स्वीकृत नहीं किये जाने की मांग करते हुये गौचर भूमि को खुर्द बुर्द करने से रोके जाने की मांग की ग है। ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा समेत मुख्य सचिव सुधांशु पंत व प्रदेश के राजस्व मंत्री को भी भेजी है।

# पी. एम. श्री दूनी स्कूल में साइकिलें बांटे


विद्यालय में सत्र 2022-23 के लिए 23 साइकिल एवं सत्र 2023-24 के लिए 50 साइकिल सहित कुल 73 साईकिल प्राप्त हुई थी, जिनका वितरण किया गया है।

■ साइकिलें पाकर छात्राओं के चेहरे खिले

**टोंक / देवली।** देवली उपखंड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को राज्य सरकार की योजना अंतर्गत प्राप्त साइकिलों का वितरण किया।

पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवरलाल कुम्हार ने बताया कि ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति मोहम्मद नासिर तथा एसडीएमसी सदस्य सत्यनारायण तिवारी की उपस्थिति में छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साईकिल वितरण प्रभारी प्राध्यापक गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि विद्यालय में सत्र 2022-23 के लिए 23 साईकिल एवं सत्र 2023-24 हेतु 50 साईकिल सहित कुल 73 साईकिल प्राप्त हुई थी, जिनका वितरण किया गया है। यहां उल्लेखनीय हैं कि सत्र 2022-23 की साइकिल जुलाई 2022 में तथा सत्र 2023-24 की साइकिल जुलाई 2023 में प्राप्त हो जानी चाहिए थी मगर उक्त साइकिल दो सत्र के बाद में प्राप्त हुई हैं। देर आए दुरुस्त आए छात्राएं साइकिल पाकर बहुत खुश नजर आ रही थी।

# प्रचंड गर्मी में 1100 मातृ शक्ति ने निकाली कलश यात्रा

**पावटा, जयपुर।** गायत्री प्रज्ञा मण्डल पावटा की ओर से शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में शुक्रवार को दिल्ली रोड स्थित हीरामल बाबा, ढाणी शीतलदास वाली, ग्राम भूरी भडाज में कलश यात्रा के साथ 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण और संस्कार महोत्सव का शुभारंभ हुआ।

गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा ठाकुर जी मन्दिर से प्रारम्भ हुई। महिलाएं एक ही वेशभूषा में चालो चालो सुहागन नार कलश सर धारण करो जैसे प्रज्ञा गीत और पुरुष श्रद्धालु हम बदलेंगे युग बदलेगा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा का जय घोष करते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा का जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विभिन्न मार्गो से होते हुए कलश यात्रा यज्ञ स्थल तक पहुंची। प्रचंड गर्मी और उमस के वातावरण में भी महिलाओं की श्रद्धा भावना ने सबको अभिभूत कर दिया। इससे पूर्व गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के दिनेश आचार्य और प्रहलाद शर्मा ने वरुण देवता का आ ान कर कलश पूजन करवाया।मानव में देवत्व एवं धरती पर स्वर्ण अवतरण की अवधारणा के साथ वैज्ञानिक अध्यात्मवाद की शीतल ज्ञान गंगा में स्नान करने के लिए लोग सपरिवार एवं ईष्ट मित्रों के साथ शामिल हुए।



पावटा में गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा ठाकुर जी मन्दिर से प्रारम्भ हुई।

वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ पं. श्री राम शर्मा आचार्य, वन्दनीया माताजी भगवती देवी शर्मा के संरक्षण में 1926 में प्रज्जवलित अखण्ड दीपक एवं जन्म शताब्दी समारोह 2026 के अंर्तगत गृह गृह गायत्री यज्ञ श्रृंखला के अन्तर्गत शनिवार से 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञापुराण कथा एवं संस्कार महोत्सव का विधिवत शुभारंभ होगा।

शनिवार, 25 मई से 28 मई तक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में गायत्री एवं महामृत्युंजय मंत्र के साथ विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ भगवान को आहुतियां अर्पित की जाएगी। शाम 5 बजे रात्रि 8 बजे तक प्रज्ञापुराण कथा, संगीत प्रवचन होगा। शांतिकुंज हरिद्वार से आए सुनील कुमार शर्मा प्रज्ञा पुराण कथा का श्रवण कराएंगे।

## संक्षिप्त

### जवानों ने लाखों की राशि एकत्रित की

**श्रीमाधोपुर।** देश की सीमाओं पर तैनात जवानों ने सोशल मिडिया पर एक मुहिम चलाकर अपने एक साथी के निधन पर परिवारजनों की आर्थिक सहायता के लिए लाखों रूपयों की राशि एकत्रित कर जवान के घर पहुंचकर आर्थिक सहायता की। जानकारी के अनुसार सौथलिया निवासी जवान मुकेश मील जो सीआरपीएफ की पीडीजी बटालियन में संसद की सुरक्षा में तैनात था। गत 9 फरवरी 24 को बाईपास रोड़ पर सड़क हादसा हो गया था और जयपुर अस्पताल में ईलाज जारी था। लेकिन सात मई को सड़क हादसे में घायल होने के बाद अस्पताल में ईलाज के दौरान जवान मुकेश मील का निधन हो गया था। साथी जवानों ने सीकर जिले के केन्द्रीय बलों में कार्यरत लोगों को जोडकर सीआरपीएफ फॉर्म आरजे 23 नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर संसद की सुरक्षा पी. डी.जी में तैनात जवान मुकेश मील के लिए 3 लाख 41 हजार रूपये की धनराशि एकत्रित कर उनके घर पहुंचकर परिवारजनों उनकी धर्मपत्नी, मॉ तथा चाचा को चैक सौंपकर आर्थिक सहायता की ।

### बीमार गाय का कराया इलाज

**शाहपुरा ।** गर्मी व लू के कारण इन दिनों गायों की हालात गंभीर हो रही है। दोपहर में तापमान 45 डिग्री तक पहुच गया है जिसके कारण तेज धूप में गाय बीमार हो रही है। खोरी नदी में बीमार गाय का सामाजिक कार्यकर्ता धर्मपाल यादव ने इलाज कराया।शाहपुरा पशु चिकित्सालय की ओर से सभी चिकित्सालय व उपकेंद्रों को दिन रात क्षैत्र में आई बीमार पशुओं के इलाज के लिए उपस्थित रहने के निर्देश दे रखे हैं। खोरी ग्राम पंचायत के नदी में एक गाय बीमार होकर तडप रही थी जिसका सामाजिक कार्यकर्ता धर्मपाल यादव ने ब्लॉक वैटनरी हैल्थ ऑफिस उपनिदेशक डॉ.सुनिल शर्मा को सूचना देकर मुख्यमंत्री पशु एम्बुलेंस बुलाकर डॉक्टर टीम से इलाज कराया। टीम डॉक्टरों ने बताया कि तेज धूप में पानी ना मिलने की वजह से गायों के जगह जगह बीमार होने की सूचना प्राप्त होती है जिनका प्राथमिकता से इलाज किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### अनियंत्रित होकर पलटा-पानी का टैंकर

**पावटा ।** नगरीय क्षेत्र पावटा में दो दिन से जलापूर्ति नही होने से लोगों द्वारा जलापूर्ति के लिए मंगवाया पानी का टैंकर पावटा कस्बे के वार्ड न. 11 पटेलो के मोहल्ले मे अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में चालक बाल बाल बच गया। घटना गुरुवार की रात को पावटा कस्बे के वार्ड न. 11 पटेलो के मोहल्ले मे हुई। जब आम लोगो के यहां पानी देने के उपयोग आने वाला पानी का टैंकर पानी स्पलाई करने के लिए आया उसी दौरान गड्ढे मे गिरने से अनियंत्रित होकर सडक पर पलटी खा गया। हालांकि घटना के दौरान किसी प्रकार से कोई अन्य हताहत नहीं हुआ है। लेकिन वार्ड मे सडक के बीच वाहन पलटी खाने से बडा हादसा हो सकता था लेकिन गनीमत रही की वहा भीड भाड नही होने से बडा हादसा टल गया ।

### विधायक को सौंपा ज्ञापन

**निवाई ।** वार्ड नं. 25 ओर 26 के वार्डवासियों ने बिजली की समस्याओं से परेशान होकर विधायक रामसहाय वर्मा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि भीषण गर्मी के मौसम में वार्ड में बिजली कटौती एवं वोल्टेज डाउन की समस्या बनी रहती है। इस भीषण गर्मी में बिजली की समस्या के समाधान करवाने के लिए वार्ड वासीयों ने कॉलोनी में एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाए जाने की मांग की है। जिससे लोड कम पडे और बार-बार कटौती नही हो। इस दौरान भवानीशंकर पारीक, ओमप्रकाश विजय, रोहित गौतम, अनिल माथुर, पुष्पराज सोनी व वैभव टेलर सहित कई वार्डवासी मौजूद थे।

### मंदिर में दान किए 51 हजार रुपए

**पीपलू।** 78 वर्षीय धन्नी देवी जांगिड का स्वर्गवास 21 मई को हो गया था। स्व. धन्नी देवी का ससुराल परणा है। विगत लगभग 50 वर्षों से वह अपने पीहर लावा में ही रहती थी उनके भाई सत्यनारायण, सीताराम जांगिड़ ने उनका मृत्युभोज न करके 51 हजार रुपए की राशि जांगिड़ समाज लावा के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में दान दिए है।

## पर्यावरण संरक्षण का कार्य जारी

**कोटपूतली।** संघ के कोटपूतली जिले की पर्यावरण गतिविधि की बैठक आदर्श विद्या मंदिर में प्रांत संयोजक अशोक कुमार एवं संघ के विभाग सह कार्यवाहक मुकेश कुमार के सानिध्य में आयोजित हुई।

विभाग संयोजक राजेश ढाकी, जिला संयोजक रामसिंह धनकड़ ने बताया कि संघ की योजना से चल रही पर्यावरण गतिविधि के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। इसके तहत पेड़ लगाना, पानी का संरक्षण करना एवं पॉलीथिन को काम में नहीं लेना प्रमुखता है। केंद्र की योजना से चल रहे अभियान के तहत 05 जून को पर्यावरण दिवस पर जिले के सभी मंडलों को आधार मानते हुए ग्राम स्तर पर न्यूनतम 100 पेड लगाने की योजना बना जा रही है।

जिसमें प्रत्येक ग्राम में पर्यावरण संयोजक नियुक्त करते हुए वृक्ष मित्र नियुक्त किये जायेगें। क्रमशः जून माह में पेड़ लगाने हेतु निर्धारित चिन्हित स्थान पर गड्डे खुदवाने की योजना है तथा जुला माह में वर्षा ऋतु आगमन पर पेड़ लगाना एवं उसकी पालना के लिए व्यक्ति तय कर नियमित रूप से उसकी संभाल करने का कार्य किया जायेगा। एक पेड़ देश के नाम मुहीम को आगे बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण को आगे बढाया जायेगा।

संघ के विभाग सह कार्यवाह मुकेश कुमार ने बताया कि लगातार तापमान बढना, वर्षा का कम होना तथा अनेक प्रकार के वायुमंडल में बदलाव आ रहे हैं इन सबको ठीक करने के लिए वृक्ष लगाना प्रत्येक व्यक्ति की पहली प्राथमिकता होनी चाहिये। प्रांत संयोजक अशोक कुमार ने पक्षी घर वितरित किये।

विभाग सम्पर्क प्रमुख महेंद्र शर्मा, गोपालन प्रमुख पुरुषोत्तम, जिला संयोजक रामसिंह धनकड, मजदूर संघ के विभाग संयोजक कैलाश, भाजपा जिला मंत्री पुष्कर शर्मा, घुमंतू जिला संयोजक प्रफुल्ल रमन, नगर संयोजक अरुण सैनी, राम चतुर्वेदी, जितेंद्र चौधरी, हेमंत गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

## खाते से 4 लाख 70 हजार रूपयों की राशि पार

**कोटपूतली ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सरूण्ड में एक महिला के बैंक खाते से किसी व्यक्ति द्वारा इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से 04 लाख 70 हजार रूपयों की राशि किसी अन्य खाते में ट्रांसफर किये जाने का मामला सामने आया है।

इस सम्बंध में पीड़ित महिला ने सरूण्ड थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार सरूण्ड निवासी नीतू पत्नी राकेश कुमार सैनी ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि उसका बैंक खाता राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक की शाखा नारेहड़ा में स्थित है। जिससे किसी अन्य व्यक्ति ने विगत 15 म को चार ट्रांसजेक्शन में कुल 04 लाख 70 हजार रूपयों की राशि अन्य खाते में ट्रांसफर कर ली। जबकि उन्होंने बैंक से किसी भी प्रकार की इन्टरनेट बैंकिंग व एटीएम सर्विस नहीं ले रखी है।

पीड़ित द्वारा इस बाबत बैंक शाखा सहित पुलिस सा बर पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करवाई गई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बैंक की लापरवाही के चलते उसके साथ धोखाधड़ी हुई है।

## 'पाइप लाइनों के लीकेज को सही करें'

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिले के कस्बे हरसोली व झाडका गांव में जलदाय विभाग की पेयजल व्यवस्था को देखने के लिए जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला पहुंची। उनके साथ जल अभियंत्रिक विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव सहित विभाग के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे। लाइनों के लीकेज व नालियों की सफाई नहीं होने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने मौके पर अधिकारियों को ठीक कराने व समय समय पर पानी की सैंपलिंग के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने हरसोली में पहुंचकर गली मोहल्ले के घरों पर जाकर पानी की व्यवस्था को देखा और जलदाय विभाग की ओर से की जाने वाली पानी की सप्लाई के बारे में विस्तार से ग्रामीणों से जानकारी ली। आमजन की पानी की लाइन लीकेज व नालियों की सफाई नहीं होने की शिकायत पर जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने अधिकारियों को लाइनों की लीकेज ठीक कराने व नालियों की सफाई के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने अधीक्षण अभियंता को समय-समय पर पानी की सैंपलिंग कराकर जांच के आदेश दिए। जिससे आमजन को स्वच्छ जल मिले। पेयजल व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने पहुंची जिला कलेक्टर ग्रामीणों से रूबरू हुई। उन्होंने लोगों से सीधे बातचीत कर जल आपूर्ति व सफाई व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को पेयजल लाइन लीकेज होने की बात कही।

ग्रामीणों की शिकायत पर जिला कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित विभाग के सहायक अभियंता को आमजन के द्वारा बताई गई लीकेजों को शीघ्र ठीक करने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने अधिकारी को कहा लाइन लीकेज रहने से पानी व्यर्थ बहे यह समय पानी को बर्बाद होने से रोकने का है ना कि बर्बाद होने देने का है। ग्रामीणों की काफी समय से नाली सफाई नहीं होने की शिकायत पर जिला कलेक्टर ने बीडीओ को नालीयों की सफाई कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद जिला कलेक्टर जल जीवन मिशन योजना को देखने ग्राम झाड़का में निरीक्षण के लिए पहुंची। अधीक्षक अभियंता ने जिला कलेक्टर को बताया की झाड़का ग्राम के सभी घरों में जल जीवन मिशन के तहत पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। गांव के प्रतिनिधि ने कलेक्टर को रायपुर गांव के 35 से 40 घरों को जेजेएम से नहीं जुड़ने के बारे में अवगत कराया। जिस पर जिला कलेक्टर ने अधीक्षण अभियंता को रायपुर गांव के सभी घरों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने रायपुर पहुंचकर देखी पानी की समस्या दूसरी ओर एसडीएम मूल चंद लूणिया ने जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल में लोगों की पानी की शिकायत पर पंचयात समिति किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत नूरनगर के ग्राम रायपुर मेवान में पेयजल की विकट समस्या की शिकायत पर शुक्रवार को अलसुबह ग्राम रायपुर मेवान में पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया व ग्रामीणों से बातचीत कर दो के स्थान पर चार टैंकर पानी भिजवाने का आश्वासन दिया।

रायपुर मेवान में पिछले कई वर्षों से पेयजल समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है जिसके चलते इस गांव से करीब आधे लोग पलायन कर चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने सभी जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग में गांव में पेयजल समस्या को लेकर गुहार लगाई थी परंतु कोई कार्रवाई नहीं हो पाई।

## एस.डी.एम. को सौंपा ज्ञापन

**श्रीमाधोपुर।** ग्रामीण इलाकों में पेयजल तथा बिजली की समस्या को लेकर शुक्रवार को उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम चौधरी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया कि वर्तमान में लगातार गर्मी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। वहीं शहर सहित आस पास के ग्रामीण इलाकों में भंयकर पेयजल तथा बिजली समस्या व्याप्त है। प्रशासन की ओर से अभी तक समस्या समाधान के कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। ग्रामीण आंचल हो या शहरी महिलाएं एक एक बुंद पानी के लिए मोहताज हो रही हैं । एक मटका पानी के लिए उन्हें चार से पांच घंटों तक का इंतजार करना पड़ रहा है। टैंकरों की कीमत आसमान छु रही है जिससे गरीब तथा मध्यम वर्ग के लिए डलवाना दुस्वार है। क्षेत्र में लगातार विद्युत विभाग के द्वारा प्रतिदिन अघोषित 6 से सात घंटों तक कटौती की जा रही है जिससे लोगों का गर्मी में रहना मुश्किल हो रहा है। उक्त समस्यों की तत्काल समाधान की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

## मालपुरा के सरकारी अस्पताल परिसर में 12 मई से बंद पड़ी है रसोई

**मालपुरा** (निस) कोई भी भूखा ना सोये संकल्प को साकार करने तथा जरूरतमंद व भूखे को भरपेट खाना उपलब्ध करवाने के उदेश्य को लेकर राज्य सरकार द्वारा चलाई गई अन्नपूर्णा रसोई योजना के मालपुरा सरकारी अस्पताल सेन्टर पर 12 मई से रसोई बंद हो जाने के चलते भर्ती रोगी व परिजनो को डेढ किलोमिटर पैदल चलकर भी भीषण गर्मी मे होटल व ढाबो पर भटकने पर विवश होना पड रहा है।

राज्य सरकार द्वारा अन्नपूर्णा रसोई सेन्टरो पर भरपेट थाली की एवज मे महज आठ रूपये नाम मात्र का भूगतान ले शेष राशि राज्य सरकार द्वारा वहन किये जाने का प्रावधान रखा गया। सभी सेन्टरो पर सोमवार से रविवार तक प्रतिदिन देने वाले खाने का मैन्यू चार्ट चस्पा करने तथा सेन्टरो पर सीसीटीवी कैमरे व मनोरंजन के लिये बडी एलईडी व सेन्टर पर पारदर्शिता के लिये ऑनलाईन टोकन के साथ-साथ प्रतिदिन तीन टाईम साफ-सफाई का प्रावधान रखा गया। लेकिन इन सभी प्रावधानो व राज्य सरकार के आदेशो की मालपुरा मे अवहेलना होने के बावजूद ना तो उपखण्ड प्रशासन और ना ही नगरपालिका प्रशासन द्वारा खामियों को दूर व्यवस्थाऐं सुचारू रखने मे दिलचस्पी दिखाई जा रही है। एसडीएम कार्यालय से सो मिटर की दूरी पर संचालित अन्नपूर्णा रसोई सेन्टर पर लगे गंदगी के ढेर व सेन्टर के पास जमा गंदगी से उड रही दुर्गन्ध खाना खाने वाले व्यक्ति को संक्रमण परोस रही है। सेन्टर पर इंटरनेट बंद पडा है तो एलईडी व लम्बे समय से बंद पडी है। थाली मे से छाछ का गिलास नदारद होने की भी जानकारी सामने आई है। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर मे बनी धर्मशाला मे शुरू की गई अन्नपूर्णा रसोई 12 मई से बंद पडी है। भीषण गर्मी से अस्पताल मे बढ रही मरीजो की संख्या के बावजूद सेन्टर पर रोगी व उनके परिजनो को सरकार की योजना के अनुरूप भोजन की थाली नही मिलने से बैबस व लाचार परिजन कडी धुप मे डेढ किलोमिटर पैदल सफर कर होटल व ढाबो पर भटकने व ठण्डे एवं गुणवत्ता विहिन भोजन लेने पर विवश हो रहै है।




मालपुरा के सरकारी अस्पताल परिसर मे 12 मई से बंद पड़ी अन्नपूर्णा रसोई योजना ।

■ डेढ़ किलोमिटर पैदल सफर कर रोटी के लिये भटक रहे रोगी के परिजन

## ग्रामीणों ने ए.ई.एन. कार्यालय का किया घेराव

**कोटपूतली ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा के ग्रामीणों ने शुकवार को भीषण गर्मी में बिजली कटौती से परेशान होकर नारेहड़ा एईएन कार्यालय का घेराव किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने एईएन उधम सिंह को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। पंसस प्रतिनिधि कमल मीणा ने बताया कि भीषण गर्मी में बिजली कटौती के कारण आमजन परेशान है। गांव में बिजली कटौती के कारण पेयजल सप्ला भी बाधित हो रही है। पिछले क दिनों से बिजली कटौती की समस्या बनी हु है। ग्रामीणों ने नारेहड़ा सप्ला के दो भाग करवाने की मांग भी की। जिससे सीटी व ग्रामीण अलग हो जायेगी, जिससे बिजली सप्ला अस्त-व्यस्त नहीं रहेगी।

## नवजात बालिका बरामद

**राजगढ़ ।** कस्बे के सामुदायिक चिकित्सालय में एम. ओ. टी. एवं वार्ड के बीच स्थित गली में शुक्रवार को प्रातः नवजात बालिका मिलने की सूचना से सनसनी फैल गई।

संभावित अज्ञात महिला पहचान छुपाने की वजह से नवजात बालिका को गली में रखकर चली गई। इस घटना की सूचना पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा नवजात बालिका को कब्जे में लेकर महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बच्ची के स्वस्थ होने के बाद उसे उच्च सुविधा एवं उपचार को लेकर अलवर रैफर कर दिया। इससे पूर्व शुक्रवार को प्रात करीब 6 बजे वार्ड के पास गली में नवजात के रोने की आवाजआई। चिकित्सालय में कार्यरत वार्ड बॉय एवं नर्सिंग कर्मचारी की ओर से सूचना डॉक्टर को दी जिसमें चिकित्सक कमलेश मीणा ने पुलिस को सूचना देने को कहा । सूचना पर पुलिस के हेड कांस्टेबल मुकेशमीणा,,एएस आई रामफूल पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नवजात बालिका को महिला चिकित्सालयमैं भर्ती कराया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गुरुवार रात्रि को आने वाले मरीजों की जांच पड़ताल कर अन्य तथ्यों का सुराग लगाने में जुटी है। शिशु रोग चिकित्सक महेश मीणा ने बताया कि नवजात बालिका स्वस्थ है एवं अन्य सुविधाएं मिलने की वजह से अलवर रैफर किया गया। राजगढ़ महिला चिकित्सालय से महिला पुलिस कर्मी एवं महिला नर्सिंग कर्मी के साथ अलवर एंबुलेंस से रेफर कर दिया।

■ पुलिस ने नवजात बालिका को बरामद कर अस्पताल में भर्ती कराया

## एस.डी.एम. ने बी.डी.एम. अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



एस.डी.एम. बृजेश चौधरी ने वार्डवासियों से जानी पेयजल की व्यवस्था।

**कोटपूतली।** भीषण गर्मी के मौसम में राज्य सरकार व जिला प्रशासन के निर्देशों के चलते उपखण्ड प्रशासन कस्बे में पेयजल किल्लत व बिजली कटौती को सुचारू करने को लेकर निरन्तर प्रयासरत है।

शुक्रवार को एस.डी.एम. बृजेश चौधरी कस्बे के विभिन्न वार्डो में पहुँचे। उन्होंने बुचाहेड़ा में जाकर पेयजल आपूर्ति के सम्बंध में वार्डवासियों से चर्चा की। गौरतलब है कि पीएच डी द्वारा विगत दिनों क्षतिग्रस्त हु पा प ला न को गुरूवार देर रात्रि दुरूस्त कर पेयजल सप्ला शुरू कर दी ग है। एसडीएम ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि पा प ला न में लीकेज की समस्या को भी दुरूस्त करने के लिये विभाग की टीम लगी हु है। जिसे जल्द से जल्द दुरूस्त करवा दिया जायेगा। इस दौरान पीएच डी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं दुसरी ओर एसडीएम चौधरी ने बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर व पीएमओ बीडीएम डॉ. सुमन कुमार यादव के साथ राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मचारियों व स्टॉफ के उपस्थिति रजिस्टर की जाँच करते हुये बिना अनुमति के अस्पताल से नदारद रहने वाले चिकित्सकों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये। एसडीएम ने चिकित्सकों के बीच आपसी समन्वय बनाये रखने की भी बात कही। ताकि गर्मी के मौसम में मरीजों की देखभाल के लिये पर्याप्त संख्या में चिकित्सक उपलब्ध रहे एवं लम्बी ला नों में मरीजों को खड़ा रहकर इंतजार ना करना पड़े। उन्होंने चिकित्सकों को ड्रेस कोड व आ डी कार्ड के साथ उपस्थित रहने, वार्डो में बंद पड़े कूलरों को तुरन्त प्रभाव से चालू करने के भी निर्देश दिये। एसडीएम ने मरीजों के साथ चर्चा करते हुये डॉक्टरों द्वारा समय पर जाँच, अस्पताल से मिल रही दवा यों, साफ-सफा की जानकारी प्राप्त की। साथ ही मरीजों के साथ वार्ड में ज्यादा लोग ना रहे इसकी मॉनीटरिंग करते हुये टोकन व्यवस्था शुरू करने के निर्देश वार्ड प्रभारी को दिये।

## मरीजों को बाहर रैफर करने पर जताई नाराजगी

**कोटपूतली।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में मेडीकल व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सीएमएचओ, पीएमओ, विषय विशेषज्ञों एवं चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान जिला कलेक्टर ने सभी विभागों से उनकी प्रगति की जानकारी ली तथा अस्पताल से ज्यादा कैस रैफर होने पर नाराजगी जता । बैठक में अस्पताल में बिना अनुमति के अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा भी संस्था में लाज किये जाने की बात सामने आ । जिस पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी जता एवं अस्पताल में सभी चिकित्सकों एवं स्टॉफ को यूनिफॉर्म एवं आ डी कार्ड में रहने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर द्वारा सभी प्रकार की दवा यों एवं जॉच की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। जिला कलेक्टर ने कहा कि हमारी पीएचसी, सीएचसी यदि पूरी क्षमता से काम करें तो मरीजों को छोटी-छोटी बीमारी के लाज के लिए जिला अस्पताल जाना नहीं पड़ेगा और बड़े शासकीय अस्पताल रेफरल और गंभीर मरीजों पर ज्यादा ध्यान दे पायेगें। जिला कलेक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए वार्ड में कूलर, पंखे एवं पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। बैठक में सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, एसडीएम बृजेश चौधरी, पीएमओ डॉ. सुमन कुमार यादव, डॉ. सतीश अग्रवाल, डॉ. सुगन चंद आदि मौजूद थे।

## कालाडेरा समर कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**चौमूं / कालाडेरा** ( निसं ) कालाडेरा कस्बे के बस स्टैंड के पास स्थित भाला स्टेडियम में कालाडेरा समर कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौमूं के पूर्व विधायक व भाजपा प्रवक्ता रामलाल शर्मा, गोविन्दगढ डीवाईएसपी राजेश जांगिड़ गोविन्दगढ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, जालसू पंचायत समिति प्रधान हरदेव यादव, कालाडेरा ग्राम पंचायत सरपंच अशोक कुमार शर्मा कालाडेरा कस्बे के युवा भामाशाह नितिन सहरिया के कर कमलो से यज्ञाचार्य बुद्धि प्रकास शास्त्री ने भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा अर्चना करवाकर कालाडेरा समर कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया। आयोजकों के द्वारा कार्यक्रम में आये अतिथियों का राजस्थानी पंरपरा के अनुसार साफ़ा बंधवाकर माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। आयोजक जितेन्द्र सैन व महेश बरमुंडा ने बताया कि कालाडेरा समर कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का में लगभग 64 टीम भाग लेगी जिसमें विजेता टीम कोविजेता राशि 1,11,111 रुपये व उपविजेता टीम को राशि 55,555 रुपये एंवम मैन ऑफ दा मेच 32 इंच एलईडी दि जायेगी। कार्यक्रम में जालसू पंचायत समिति के गांव बरना सरपंच सीताराम, विमलपुरा पूर्व सरपंच रामगोपाल मीना, पंकज शास्त्री, भाजपा कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, वार्ड पंच झुथा लाल कुमावत, अशोक खोज, पूरण शर्मा, अजय सामरिया सहीत ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

■ अतिथियों का राजस्थानी पंरपरा के अनुसार साफ़ा बंधवाकर माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।



कालाडेरा कस्बे के बस स्टैंड के पास भाला स्टेडियम में समर कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।



दिनेश कार्तिक बुद्धिमान व्यक्ति हैं। उन्हें सिर्फ क्रिकेट ही नहीं बल्कि कई चीजों के बारे में बहुत जानकारी है। मुझे उसकी ईमानदारी और साहस पसंद है। कार्तिक उत्कृष्ट प्रतिभा के धनी है, देखने में शानदार बल्लेबाज व उत्कृष्ट बल्लेबाज है। - विराट कोहली

आरसीबी के पूर्व कप्तान, दिनेश कार्तिक के रिटायरमेंट पर कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — शाहिद अफरीदी



**युवराज सिंह** और क्रिस गेल के बाद अब आईसीसी ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए एम्बेसडर बनाया है। बता दें कि, इस साल टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन वेस्टइंडीज और यूएस में 2 जून से होगा। अफरीदी 2007 में टी20 वर्ल्ड कप के डेब्यू के दौरान फाइनल तक पाकिस्तान टीम का अहम हिस्सा और फिर 2009 सीजन में विजयी अभियान में साथ थे। टूर्नामेंट की अपनी स्मृतियों को याद करते हुए अफरीदी ने टूर्नामेंट के एम्बेसडर के रूप में आगामी सीजन का हिस्सा बनने पर अपना उत्साह जताया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहाक का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिय के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# हैदराबाद तीसरी बार फाइनल में

## स्पिनर्स ने 5 विकेट लेकर खेल का रुख बदला, क्वालीफायर-2 में राजस्थान को हैदराबाद ने 36 रन से हराया



चेन्नई, 24 मई। सनराइजर्स हैदराबाद ने तीसरी बार फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने क्वालिफायर-2 में शुक्रवार को राजस्थान को 36 रन से हराया। हैदराबाद 6 साल बाद इस लीग के फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 2018 में फाइनल तक पहुंची थी। इस सीजन के फाइनल में हैदराबाद का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से 26 मई को होगा।

चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 9 विकेट 175 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 20 ओवर में 7 विकेट पर 139 रन ही बना सकी। टीम के स्पिनर्स ने 5 विकेट झटके, इनमें शाहबाज अहमद के 3 और अभिषेक शर्मा के 2 विकेट शामिल रहे। राजस्थान की ओर से यशस्वी जायसवाल ने 42 और ध्रुव जुरेल ने 56 रन बनाए।

हेनरिक क्लासन ने 50 रन बनाए। ट्रैविस हेड ने 34 रन और राहुल त्रिपाठी ने 37 रन की पारियां खेलीं। के ट्रेंट बोल्ट और आवेश खान ने 3-3 विकेट झटके। संदीप शर्मा को 2 विकेट मिले। आज यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान रायल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर की आखिरी गेंद पर अभिषेक शर्मा (12) का विकेट गवां दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने राहुल त्रिपाठी को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया। राहुल त्रिपाठी ने 15 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (37) रन बनाये। 10वें ओवर में संदीप शर्मा ने ट्रैविस हेड को अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। हेड ने 28 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (34) रन बनाये। एडन मारक्रम (1), नितीश कुमार रेड्डी (5), अब्दुल समद (शून्य) और शाहबाज अहमद (18) और और जयदेव उनादकट (5) रन बनाकर आउट हुये। हाइनरिक क्लासन ने 34 गेंदों में चार छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (50) रन बनाये। कप्तान पैट कमिंस (5) रन बनाकर नाबाद रहे।

# 15 साल की प्रीतिस्मिता ने रचा इतिहास, 133 किलो वजन उठाकर गोल्ड जीतने के साथ बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



पेरू, 24 मई। कहते है अगर कुछ कर गुजरने की चाहत हो तो फिर परेशानियां सूक्ष्म लगने लगती हैं। ऐसा ही कुछ ओडिशा के पिछड़े इलाके ढेंकनाल की 15 वर्षीय वेटलिफ्टर प्रीतिस्मिता भोई ने पेरू की राजधानी लीमा में इतिहास रच दिया। दरअसल, विश्व युवा वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। प्रीतिस्मिता ने 40 किलो भारवर्ग में कुल 133 किलो वजन उठाया। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 76 किलो वजन उठाकर 75 किलो का वर्ल्ड कीर्तिमान ध्वस्त कर दिया। ओडिशा की ही ज्योशना साबर ने इसी भारवर्ग में कुल 125 किलो वजन के साथ रजत पदक जीता। वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाली पहली युवा मीराबाई चानू के बाद दूसरी और युवा वर्ग में विश्व कीर्तिमान बनाने वाली प्रतिस्मिता देश की पहली वेटलिफ्टर हैं। चानू सीनियर वर्ग में क्लीन एंड जर्क का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी हैं। प्रीतिस्मिता का सफर आसान नहीं था। महज 2 साल की नन्हीं उम्र में सिर से पिता का साया छिन गया। मां के ऊपर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा, उन्होंने अपनी दोनों बेटियों को संघर्षों के साथ पाला औ ढेंकनाल के केंद्रीय विद्यालय में दाखिल करवा दिया। यहीं कोच गोपाल कृष्ण दास ने दोनों बहनों को स्कूल मीट में दौड़ते देखा तो उन्हें वेटलिफ्टर बनाने का फैसला किया। दोनों ने चार साल के अंदर परिणाम देने शुरू कर दिए।

### ओलंपिक क्वालीफायर में सचिन ने पहले राउंड में दर्ज की जीत

बैंकॉक, 24 मई। भारतीय मुक्केबाज सचिन सिवाच ने शुक्रवार को विश्व मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर का पहला राउंड में जीत लिया है। आज यहां खेले गये मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियन ने 57 किठाा वर्ग में राउंड ऑफ 64 के मुकाबले में न्यूजीलैंड के एलेक्स मुकुका के खिलाफ जीत हासिल की। भारतीय मुक्केबाज सचिन शुरू से ही अपने प्रतिद्वंद्वी पर हावी रहे और पूरे मुकाबले के दौरान दबाव बनाए रखते हुए जजों के सर्वसम्मत 5-0 निर्णय की बदौलत जीत हासिल की।

# नोवाक जोकोविच ने जेनेवा ओपन के सेमीफाइनल में की एंट्री



जेनेवा, 24 मई। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने डचमैन टालोन ठिक्सपुर को 7-5, 6-1 से हराकर जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। वहीं जोकोविच ने ये मैच 77 मिनट में अपने नाम किया। बता दें कि, 27वें नंबर के ग्रिक्सपुर 28 सदस्यीय जिनेवा टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त थे। ये टूर्नामेंट अगले सप्ताह से शुरु हो रहे फ्रेंच ओपन से पहले वार्म-अप मैच के रूप में कार्य करता है। शुक्रवार को सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से होगा, जिन्होंने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को 6-3, 7-6 से हराया है। जीत के बात नोवाक ने कहा कि,यह एक शानदार जीत थी। मुझे लगा कि पहला सेट आसानी से उसके पक्ष में जा सकता था क्योंकि मुझे लगता है कि वह पहले सेट के अधिकांश समय में बेहतर खिलाड़ी था। दूसरी तरफ अन्य मैचों में दूसरी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड ने अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। जबकि इटली के फ्लेवियो कोबोली ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर शेवचेनो को 6-4, 6-4 से हराया।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ के लिये प्रशासनिक समिति गठित की

नयी दिल्ली, 24 मई। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ के कामकाज में अनियमितताओं के मद्देनजर इसके कामकाज के संचालन के लिये सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तदर्थ प्रशासनिक समिति का गठन किया। जस्टिस तारा वी गंजू ने कहा कि आम तौर पर अदालत राष्ट्रीय खेल महासंघ के प्रशासन में दखल नहीं देती है लेकिन अनियमितताओं के मामले में हालात को अनदेखा नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के पूर्व जज नाजमी वजीरी तदर्थ प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष होंगे जबकि पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी इसके पर्यवेक्षक सदस्य और एडवोकेट रोहिणी मूसा सदस्य होंगी। यह फैसला राजस्थान घुड़सवारी संघ की याचिका पर सुनाया गया। अदालत ने कहा कि समिति ईएफआई के दैनंदिनी कार्यों का संचालन करेगी और मौजूदा पदाधिकारी किसी काम से जुड़े नहीं रहेंगे लेकिन समिति को पूरा सहयोग देंगे। इसमें यह भी कहा गया कि 29 सितंबर 2023 से अब तक लिये गए सभी फैसलों संबंधी रिपोर्ट दस दिन के भीतर समिति को दी जायेगी। समिति के अध्यक्ष का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होगा।

# तीरंदाजी विश्वकप में भारतीय कम्पाउंड मिश्रित टीम फाइनल में पहुंची, दीपिका ने की सेमीफाइनल में एंट्री



नई दिल्ली, 24 मई। ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में शुक्रवार को कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई जबकि दीपिका कुमारी ने शानदार वापसी करके व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में जगह बनाई। कंपाउंड महिला टीम बुधवार को ही फाइनल में पहुंच गई थी। ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने भारत का पहला पदक पक्का कर दिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने 16 तीरों में दो अंक ही गंवाते हुए मेजबान देश के हान सियुंगियोन और यांग जाएवोन को 158.157 से हराया। अब उनका सामना अमेरिका की ओलिविया डीन और सायेर सुलिवान से होगा। इससे पहले ज्योति और प्रियांश ने वियतनाम को 159.152 से हराया था। वहीं क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मेक्सिको को 156.155 से मात दी। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका ने लगातार चार जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाई। वह रिकर्व वर्ग में अकेली भारतीय बची हैं। उनका सामना दुनिया की नंबर दो तीरंदाज दक्षिण कोरिया की लिम सिहयिओन से होगा जिसने शंघाई में पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था। दीपिका ने पहले दौर में स्लोवेनिया की टिंकारा कार्डिनार को शूटआफ में हराया था। इसके बाद वियतनाम की लोक थि दाओ को 6.2 से, फ्रांस की लिसा बारबेलिन को 6.0 से, तुर्की की एलिफ बेरा गोकिर को 6.4 से हराया। रिकर्व वर्ग के अन्य व्यक्तिगत मुकाबलों में भजन कौर पहले दौर में हार गई जबकि अंकिता भकत को दूसरे दौर में पराजय झेलनी पड़ी। पुरूष वर्ग में तरूणदीप राय और मृणाल चौहान पहले दौर में हार गए जबकि धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव को दूसरे दौर में पराजय मिली। दीपिका कुमारी और तरूणदीप राय की रिकर्व मिश्रित टीम को खाली हाथ लौटना पड़ेगा जो क्वार्टर फाइनल में स्पेन से 2.6 से हार गए। रिकर्व तीरंदाज टीम वर्ग में पदक की दौड़ से पहले ही बाहर हैं।

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए कमेंट्री पैनल का ऐलान

नई दिल्ली, 24 मई। आईसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए कमेंट्री पैनल का ऐलान कर दिया है। इस मेगा टूर्नामेंट को शुरू होने में अब बस चंद दिन ही शेष हैं। रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, हर्षा भोगले समेत क्रिकेट के कई दिग्गज मेगा टूर्नामेंट में अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। वहीं इस लिस्ट में हाल ही में आईपीएल और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक का नाम भी शामिल है।

आईसीसी ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपने कमेंट्री पैनल का ऐलान किया है। टूर्नामेंट का प्रसारण 9 अलग-अलग जगह ससे किया जाएगा। स्टारकास्ट पैनल में रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, मेल जोन्स, हर्षा भोगले और इयान बिशप हैं। इस टीम में दिनेश कार्तिक, एबोनी रेनफोर्ड-ब्रेंट, सैमुअल बद्री, कार्लोस ब्रैथवेट, स्टीव स्मिथ, आरोन फिंच और लिसा स्टालेकर जैसे पूर्व पुरुष और महिला टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन शामिल हैं। जबकि पूर्व 50 ओवर के वर्ल्ड कप विजेता रिकी पोंटिंग, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन, रमीज राजा, इयोन मोर्गन, टॉम मूडी और वसीम अकरम भी आगामी टूर्नामेंट में अपना विशेषज्ञ विश्लेषण देंगे।

इसके अलावा टीम में अन्य बड़े नाम जैसे- डेल स्टेन, ठीम स्मिथ, माइकल एथरटन, वकार यूनिस, साइमन डूल, शॉन पोलक, केटी मार्टिन के साथ-साथ प्रसारण में प्रसिद्ध क्रिकेट नाम शामिल हैं। जिनमें एमपुमेलेलो एमबांग्वा, नटाली जर्मानोस, डैनी मोरिसन, अलीसन मिचेल, एलन विल्किन्स, ब्रायन मुर्गाट्रोयड, माइक हेसमैन, इयान वार्ड, अथर अली खान, रसेल अर्नाल्ड, नियाल ओ ब्रायन, कासा नायडू और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन गंगा मौजूद हैं। आईसीसी टीम टी20 विश्व कप की एक एआई की मदद से बनने वाली फीड भी मुहैया करायेगी।

### चीन की हान यू को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची पीवी सिंधु, अस्मिता को मिली निराशा

चीन, 24 मई। ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने ब्रेक के बाद बेहतरीन शुरुआत की है। भारतीय स्टार खिलाड़ी ने मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीन की हान यू को 21-13, 14-21 और 21-12 से हराया। वहीं इस जीत के बाद पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। बता दें कि, सिंधु थाईलैंड ओपन और उबेर कप में नहीं खेली थी। उन्होंने अपना आखिरी खिताब 2022 सिंगापुर ओपन में जीता था। चीन की हान यू के खिलाफ सिंधु की शुरुआत अच्छी रही, भारतीय शटलर ने अपना दबदबा बनाए रखा। पीवी सिंधु ने पहले गेम में चीनी खिलाड़ी को आसानी से 21-13 से हरा दिया। हालांकि, इसके बाद दूसरे गेम में हान यू ने दमदार वापसी की। इस गेम में हान ने सिंधु को 21-14 से शिकस्त दी। लेकिन तीसरे गेम में भारतीय स्टार ने आक्रामक रुख अपनाया। इस गेम में पीवी सिंधु ने हान यू को 21-12 से हरा दिया। वहीं इस जीत के साथ पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। वहीं दूसरी तरफ अन्य मुकाबलों में अष्मिता चालिहा को क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त झांग यि मैन ने 21-10, 21-15 से हराया।

# हॉकी में बेल्जियम ने भारत को 4-1 से दी मात



नई दिल्ली, 24 मई। डिफेंस में चूक का खामियाजा भारतीय टीम को भुगतना पड़ा और दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम ने उसे एफआईएच प्रो लीग में 4 . 1 से हरा दिया। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पहले मैच में बुधवार को अर्जेंटीना को शूटआउट में 5 . 4 से हराया था। पहला क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद बेल्जियम ने 22वें मिनट में कप्तान फेलिक्स डेनायेर के फील्ड गोल पर बढत बना ली।

हाफटाइम के चार मिनट बाद अलेक्जेंडर हेनड्रिक्स ने मेजबान के लिये पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल किया। बेल्जियम के खिलाड़ियों की तेज रफ्तार पासिंग और बेहतरीन कौशल से भारतीय डिफेंस छितर बितर हो गया। बेल्जियम के लिये तीसरा गोल सेड्रिक चार्लियर ने 49वें मिनट में किया। भारत के लिये अभिषेक ने एकमात्र गोल किया लेकिन आखिरी मिनटों में हेंडरिक्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके बेल्जियम की जीत पर मुहर लगा दी।

मैच में शुरू ही से भारतीय डिफेंस बिखरा हुआ दिखा और उसके पास बेल्जियम के हमलों का जवाब नहीं था। अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश ही अकेले किला लड़ाते रहे। भारत को 18वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन कप्तान हरमनप्रीत की फ्लिक को बेल्जियम के गोलकीपर लोइक वान डोरेन ने बचा लिया। दो मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन हरमनप्रीत गोल नहीं कर सके। बेल्जियम ने 22वें मिनट में कप्तान डेनायेर के गोल के दम पर बढत बना ली।

इसके चार मिनट बाद टैंगाय कोसिंस, डेनायेर और निकोलस डे करपेल ने मिलकर हमला बोला जिस पर मेजबान को पेनल्टी कॉर्नर मिला। इसे हेंडरिक्स ने गोल में बदला और गेंद श्रीजेश के पैरों के बीच से निकल गई। चार्लियर ने 49वें मिनट में बेल्जियम की बढत तीन गोल की कर दी जिन्होंने डेनायेर के लांग क्रॉस पर गोल दागा। आखिरी सीटी बजने से पांच मिनट पहले अभिषेक ने रिवर्स हिट पर भारत के लिये एकमात्र गोल दागा। भारत ने इसके तुरंत बाद पेनल्टी स्ट्रोक गंवाया जिस पर हेंडरिक्स ने गोल किया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, " हमने टुकड़ों में अच्छा खेला लेकिन फिनिशिंग नहीं कर पाये। हमें डिफेंस में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।"

### उपायुक्त ने उधमपुर की लड़कियों की वॉलीबॉल टीम को किया सम्मानित

उधमपुर, 24 मई। राजस्थान के उधमपुर की डिप्टी कमिश्नर सलोनी राय ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले की लड़कियों की वॉलीबॉल टीम को सम्मानित किया। आज यहां इस अवसर पर उपायुक्त ने जीत के लिए जिला उधमपुर की वॉलीबॉल एसोसिएशन को बधाई दी और जिले में वॉलीबॉल को बढ़ावा देने के लिए इसके प्रयासों की प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त, वॉलीबॉल एसोसिएशन ने टीम को 11 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला उधमपुर की वॉलीबॉल एसोसिएशन ने वीएडीयू और जिले में सभी खेल गतिविधियों के लिए डीसी के समर्थन की सराहना की। उल्लेखनीय है कि उधमपुर की टीम ने हाल ही में जम्मू के एमए स्टेडियम में आयोजित लड़कों और लड़कियों के लिए 35वीं जेके यूटी वॉलीबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था।

## विंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हराया

किंगस्टन, 24 मई। ब्रैंडन किंग की 45 गेंदों पर (79) की तूफानी पारी और उसके बाद गुडाकेश तथा फोर्ड ने 3-3 विकेट की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को पहला विकेट सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (1) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान ब्रैंडन किंग ने काईल मेयर्स के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 44 गेंदों में 79 रन जोड़े। काईल मेयर्स ने 25 गेंदों पर 34 रन और ब्रैंडन किंग ने 45 गेंदों पर 79 रन की पारी खेली। रोस्टन चेज ने 30 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 175 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से ओटनील बार्टमैन और एंडिल फेहलुकवायो ने 3-3 विकेट लिए। गेराल्ड कोएत्जी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इसके बाद 176 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब और उसने अपना पहला विकेट क्विंटन डी कॉक (4) रूप में गवां दिया। दूसरे ही ओवर में दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका रेयान रिकेल्टन (6) के रूप में। इस बीच दूसरे ओपनर रीजा हेंड्रिक्स ने रास्सी वैन डेर डुसने के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। हेंड्रिक्स ने 51 गेंदों पर 87 रन की पारी खेली। मैथ्यू ब्रीट्जके 13 गेंदों में (19) और रस्सी वैन डेर डुसेन (17) रन बनाकर आउट हुये। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को जमने अवसर नहीं दिया। उसके आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

### बीसीसीआई ने मुख्य कोच को लेकर किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से नहीं किया संपर्क : शाह



मुम्बई, 24 मई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सचिव जय शाह ने शुक्रवार को उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया जिसमें कहा गया कि बोर्ड ने अगले मुख्य कोच के लिए किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया था। इसके साथ ही उन्होंने यह संकेत दिया कि राहुल द्रविड़ का उत्तराधिकारी भारतीय क्रिकेटर हो सकता है जिसे देश में क्रिकेट और उसके मैदान की 'गहरी समझ' हो। शाह ने एक बयान में कहा, न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने कोचिंग की पेशकश के साथ किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया है। कुछ मीडिया अनुभागों में प्रसारित रिपोर्टें पूरी तरह से गलत हैं। उन्होंने कहा, हमारी राष्ट्रीय टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक कुशल और गहन प्रक्रिया है और हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसे भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ हो और टीम को अच्छी रैंक तक ले जा सके। बीसीसीआई सचिव ने यह भी कहा कि भारतीय घरेलू क्रिकेट का गहन ज्ञान होना अगले कोच की नियुक्ति के लिए महत्वपूर्ण मानदंडों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि यह समझ 'टीम इंडिया को वास्तव में आगे ले जाने के लिए' महत्वपूर्ण होगी। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कोच जस्टिन लैंगर और पूर्व विश्वकप चैंपियन कप्तान रिकी पोंटिंग ने यह दावा किया था कि बीसीसीआई ने उन्हें भारतीय टीम का कोच बनने का ऑफर दिया है।

# हम टी-20 विश्वकप में भी उलटफेर करेंगे : अली खान

ह्यूस्टन,24 मई। बंगलादेश के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच और सीरीज में मिली जीत से उत्साहित अमेरिका के तेज गेंदबाज अली खान का कहना है कि यह सीरीज जीत महज एक संयोग नहीं है और उनकी टीम आगामी टी-20 विश्वकप में भी कई उलटफेर करने के लिए तैयार है। मैच जीतने के बाद खान ने कहा, हम भूखे हैं और हमारे रास्ते में आने वाली हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। यह समय अभी हमें जरूरत के हिसाब से बदलाव और सामंजस्य बैठाने का है। टीम काफी संतुलित लग रही है और खिलाड़ियों के भीतर भी जीत की भूख है। मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि इस बार अमेरिका जरूर कुछ उलटफेर करेगी। उन्होंने कहा, हम अमेरिका को विश्व क्रिकेट के मानचित्र पर अंकित करना चाहते हैं। जब आप किसी बड़ी टीम के खिलाफ जीत दर्ज करते हैं तो लोग कई बार इसे संयोग करार दे देते हैं। लेकिन एक ही सीरीज में बार बार पटखनी देना संयोग नहीं है। अगर हमें अवसर मिले तो हम भी अपनी प्रतिभा और कौशल दिखा सकते हैं।

खान ने शाकिब का विकेट लेने की रणनीति साझा करते हुए कहा, कप्तान (मोनक पटेल) ने मुझे तैयार रहने के लिए कहा था। मुझे पता था कि परिस्थिति के हिसाब से मुझे 17वां और 19वां या 18वां और 20वां ओवर करना पड़ सकता है। मैं जब गेंदबाजी के लिए आया तब हमें ब्रेकथ्रू मिला ही था, ऐसे में बंगलादेश पर दबाव बन चुका था। विकेट धीमी थी और विपक्षी टीम यह अपेक्षा कर रही थी कि मैं तेज गेंद डालूंगा। इसीलिए उन्होंने जोर से बल्ला घुमाने की रणनीति अपनाई और इसके चलते गेंद ने शाकिब के बल्ले का बाहरी किनारा ले लिया। मेरे रणनीति यही थी कि मैं उन्हें हवा के विपरीत शॉट खेलने पर मजबूर करूं। हवा शाकिब के ऑफ साइड की ओर बह रही थी इसलिए मैंने गेंद को शाकिब से उसी दिशा में दूर रखा और मुझे उनका विकेट मिल गया। तेज गेंदबाज ने कहा, मैं चोट के बाद वापसी कर रहा था। मैं परिस्थिति के हिसाब से स्वयं को ढालने की प्रयास कर रहा था। पहले मैच में मेरा प्रदर्शन वैसा नहीं था जैसा मैं पसंद करता क्योंकि मैं अमूमन इतना महंगा साबित नहीं होता। वो वापसी के बाद मेरा पहला मैच था। हालांकि मैं बहाना नहीं देना चाहता लेकिन उस मैच से जो मुझे सबक मिला उसे मैंने इस मैच में अमली जामा पहनाने का प्रयास किया। विश्व कप आ रहा है, हमारे पास अधिक समय नहीं है। हमें अभी काफी सुधार करना है।

# सचिन पायलट ने पूरी ताकत झोंकी, पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट में

- पायलट ने 4 विधायक, 2 पूर्व मंत्री, 3 पूर्व विधायक सहित 50 से ज्यादा नेताओं को चुनाव प्रबंधन के लिए तैनात किया है।

जयपुर, 24 मई। उत्तर पूर्वी दिल्ली के पर्यवेक्षक बनने के बाद प्रचार अभियान में जुटे सचिन पायलट ने क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर चुनावी सभाएं एवं सामाजिक बैठकों को संबोधित किया।

जिम्मेदारी मिलने के तुरंत बाद उन्होंने राजस्थान के 50 से अधिक कार्यकर्ताओं तथा सीनियर नेताओं को विधानसभा तथा वॉर्ड वार जिम्मेदारी दी और अपने सैंट्रल ऑफिस से मॉनिटरिंग करवाई।

विधानसभा वार तिमारपुर में दो बार के विधायक मुकेश भाकर, करावल नगर में दो बार के विधायक रामनिवास गावड़िया, मुस्तफाबाद में दो बार के विधायक आमीन कागज़ी, रोहतास नगर में विधायक विनोद गोथवाल, गोकलपुर में पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल, सीमापुरी में पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी, घोंडा में पूर्व मंत्री (दर्जा प्राप्त) महेश शर्मा, बुरारी में पी.सी.सी. महासचिव गिरीश पारीख, सीलमपुर में पी.सी.सी. अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष आबिद कागज़ी और बाबरपुर में पी.सी.सी. अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष इमरान कुरैशी को जिम्मेदारी दी गई।

इसके अलावा क्षेत्र वार तथा सामाजिक बैठकें लेने के लिए पूर्व विधायक राकेश पारीख, पूर्व जिला अध्यक्ष और अजमेर विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर, पूर्व पी.सी.सी. सचिव एवं ब्यावर विधानसभा प्रत्याशी पारस जैन, जयपुर ग्रामीण के लोकसभा प्रत्याशी अनिल चोपड़ा, अखिलेश अत्री, महेंद्र सिंह खेड़ी, विशाल मीणा, आज़ाद सिंह, नरपत पन्नू, सरजीत खटाना, गजेंद्र सिंह सांखला, संजय शुक्ला, उम्रदराज, धर्म सिंह सिंघानिया, अरूण व्यास, अवधेश शर्मा, रियाजत अली, भूपेंद्र सिंह आलोरिया, सदिक चौहान, जुगल हटीला, लाईक अहमद, मोहम्मद अयूब, शकील उर रहमान, शोएब रंगरेज़ मसूद टीपू, ओमप्रकाश जिंदड, बबलू सोलंकी, मकसूद सगीर, फिरोज़ खान, सुरेश फौजी, गुलफाम खान, दुर्गा सिंह राठौड़ को सचिन पायलट ने पूरे लोकसभा क्षेत्र में प्रचार के लिए प्रतिनियुक्त किया। लगभग 15 और लोगों को वार्ड वार डोर टु डोर प्रचार आयोजित कराने की जिम्मेदारी दी।

## केजरीवाल के पी.ए. बिभव कुमार हिरासत में

- आप पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोप में दिल्ली की लोअर कोर्ट ने बिभव को 4 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

नयी दिल्ली, 24 मई। राष्ट्रीय राजधानी की निचली अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में गिरफ्तार बिभव कुमार की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने आज उसे अदालत में पेश किया। अदालत में सुनवााई के दौरान दिल्ली पुलिस ने बिभव कुमार की चार दिन की न्यायिक हिरासत मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया और बिभव को 28 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# 'बोर्ड की बैठक किए बिना ही अलवर सरस डेयरी ने बैंक से 65 करोड़ रू. कर्ज लिया'

## भाजपा नेता बन्ना राम मीणा ने अलवर दुग्ध संघ के चेयरमैन व एम.डी. की मुख्यमंत्री से पत्र लिखकर शिकायत की

- मीणा ने आरोप लगाया कि, चेयरमैन व एम.डी. को कांग्रेस के नेता टीकाराम जूली व भंवर जितेन्द्र सिंह का समर्थन प्राप्त है, इसलिए उनके खिलाफ मामले को दबाया जाता रहा है।
- मीणा ने आरोप लगाया कि, गत वर्ष पशु पालकों को दूध की कीमत देने का बहाना बनाकर बैंक से 65 करोड़ रू. कर्ज़ लिया गया तथा बोर्ड की बैठक तक नहीं की गई।
- मीणा ने कहा कि, अलवर दुग्ध संघ में बढ़ते भ्रष्टाचार से दुखी होकर 18 जनवरी 2024 को भाजपा से जुड़े 7 सदस्यों ने सामूहिक इस्तीफे भी दे दिए थे।

अलवर, 24 मई। सरस डेयरी में हो रहे करोड़ों के घोटाले की शिकायत मुख्यमंत्री को भेजकर ए.सी.बी. से जांच कराने की मांग की गई है, जिससे अलवर जिले के पशुपालकों को कांग्रेस राज में हुए अन्याय से मुक्ति दिलाते हुए न्याय दिलाया जा सके और सरस डेयरी में हो रहे भ्रष्टाचार से पर्दा उठाकर भ्रष्टाचारियों को सजा मिल सके।

अलवर के भाजपा नेता बन्ना राम मीणा ने मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे व वर्तमान में अलवर ग्रामीण से विधायक राजस्थान में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली व पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दिए जाने व शिकायतकर्ताओं की शिकायत को राजनीतिक संरक्षण के चलते बार-बार दबाने का आरोप लगाया गया है।

मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि अलवर दुग्ध संघ ने बोर्ड की बैठक किए बिना, विगत वर्ष में, पशुपालकों को दुग्ध के भुगतान का बहाना बनाकर, बैंक से 65 करोड़ रुपए का अनावश्यक ऋण लिया। शिकायत में कहा गया है कि, संघ के एमडी व अध्यक्ष का यह कृत्य सहकारिता उप नियमों के विरुद्ध है। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना की राशि में भ्रष्टाचार करके राज सरकार को हानि पहुंचाई जा रही है।

शिकायतों में कहा गया कि, प्रतिपक्ष के नेता, कांग्रेस के टीकाराम जूली की गैस एजेंसी से उच्च दरों पर एम.ओ.यू करके प्लांट को चलाने के लिए गैस सिलेंडर क्रिएट किए जाते हैं। फर्जी बिल बनाकर सिलेंडरों का भुगतान किया जा रहा है। एक करोड़ से अधिक का घाटा अलवर दुग्ध संघ को हो रहा है। बिना उपयोग में लिए गाड़ी के बिल व फर्जी लॉग बुक भरकर डीज़ल उठाया जा रहा है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि, अलवर दुग्ध संघ अध्यक्ष के आवास, गाड़ियों ऑफिस आदि पर बिना किसी निविदा किए करीब 20 लाख से अधिक का खर्च किया गया जो नियमों के खिलाफ है। यह भी आरोप है कि, 1 वर्ष से कोई बैठक या आम सभा नहीं की गई है और अलवर दुग्ध संघ के एम.डी. द्वारा विभिन्न मदों में 500 करोड़ रुपए का व्यापार किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री को की गई शिकायत के अनुसार, अलवर दुग्ध संघ में लगातार बढ़ते भ्रष्टाचार एवं वित्तीय घाटे से दुखी होकर भाजपा विचारधारा के सात सदस्यों ने 18 जनवरी 24 को सामूहिक इस्तीफे दिए, जिन्हें 19 फरवरी 2024 को स्वीकार कर लिया गया। ऐसे में कोरम के अभाव में बोर्ड को भंग कर प्रशासक लगाने का आग्रह भी किया जा चुका है। शिकायतकर्ता ने बताया कि, डेयरी कर्मचारी सौरव गौड़ को 6 जून 2023 को मनमानी कर गलत पदोन्नती द्वारा पदोन्नत किया गया। आर.सी.डी.एफ. ने कर्मचारी सौरव गौड़ की पदोन्नती को नियम विरुद्ध माना है, जिसकी आर.सी.डी.एफ. के एम.डी. द्वारा जांच की जा रही है इसके बावजूद भी 6 जून 2023 को उसे पदोन्नत किया गया है।

शिकायतकर्ता, अलवर के भाजपा नेता बन्ना राम मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखे पत्र में बताया कि, शिवलाल मीना रामफल गुर्जर ने 12 अप्रैल 2023 को प्रबंध निदेशक राजस्थान डेयरी फेडरेशन संघ जयपुर को शिकायत की थी। फेडरेशन की ओर से पांच सदस्य टीम गठित कर जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट 31 अक्टूबर 2023 को जारी होने के पश्चात कई बिंदुओं में अध्यक्ष ने प्रबंध संचालक को दोषी माना लेकिन फिर भी कार्रवाई नहीं हुई। प्रबंध निदेशक सुषमा अरोड़ा एम.डी. आर.सी.डी.एफ. जयपुर से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी चाही गई लेकिन उपलब्ध नहीं कराई गई।

उसी वर्ष 22 जून को आर.सी.डी.एफ. को शिकायत दी गई जिस पर अधिकारी महेंद्र शर्मा एवं विशेष लेखा पर्यवेक्षक सहकारी समिति अलवर द्वारा जांच की गई। प्राथमिक जांच रिपोर्ट 28 मार्च 2024 को सौंप दी गई, जिसमें भी जांच अधिकारियों ने छह बिंदुओं पर प्रबंध निदेशक को दोषी माना है। लेकिन कार्रवाई कोई नहीं हुई। अब 14 मई 2024 को पुनः धारा 55 में जांच करने के निर्देश देवी सहाय बैरवा को दिए गए हैं पर आज तक जांच नहीं की गई है। भाजपा नेता बन्ना राम मीणा ने अब मुख्यमंत्री को पूरे मामले की शिकायत कर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# 'पेयजल की शिकायतों के समाधान के लिए राज्य में 24 घंटे कंट्रोल रूम स्थापित'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने पानी, बिजली, स्वास्थ्य, पशुपालन सभी विभागों के अधिकारियों को फील्ड में लगाया

- मुख्यमंत्री शर्मा ने आमजन से अपील की है कि, लू से बचने के लिए दोपहर में घरों से बाहर न निकलें, विशेषकर बच्चे और बुजुर्ग।
- मुख्यमंत्री ने गौशालाओं में गौवंश के लिए भी पानी व छाया की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

जयपुर, 24 मई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर पेयजल की शिकायतों के समाधान के लिये 24 घंटे कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जयपुर सहित अन्य जिलों में आमजन को पर्याप्त बिजली और पानी उपलब्ध करवाने से लेकर, गर्मी और लू-जनित बीमारियों से राहत दिलाने के लिए सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी फील्ड में डटे हुए हैं। सी.एम. के निर्देश पर गर्मी की मार से गोवंश और पशुधन को राहत प्रदान करने के लिए भी माकूल प्रबंध किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मुख्य सचिव सुधांश पंत से बात कर निर्देश दिए कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सभी डिस्कॉम सहित पशुपालन और गोपालन विभागों में निरंतर मॉनिटरिंग रखते हुए सक्रियता से कार्य किया जाए और तत्काल कार्यवाही करते हुए राहत प्रदान की जाए। उन्होंने प्रदेश में आमजन से लेकर पशुधन को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सभी विभागों को उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी निर्देश दिये कि प्राथमिकता से भीषण गर्मी और लू-प्रकोप संबंधी प्रबंधन कार्यों को समय से पूरा करें एवं इनकी निरंतर समीक्षा भी करें।

मुख्यमंत्री ने प्रचण्ड गर्मी के हालात को देखते हुए आमजन से अपील की है कि लू के प्रकोप से बचने के लिए विशेषकर बच्चे और बुजुर्ग दोपहर में बाहर निकलने से परहेज करें। हीटवेव से बचाव के लिए चिकित्सकीय एडवाइजरी का पालन करें।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव संबंधी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। अस्पतालों में मरीजों के लिए कूलर, एसी, वाटर कूलर, दवा आदि से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

गोपालन विभाग ने समस्त जिला कलक्टर एवं जिला स्तरीय गोपालन समिति के अध्यक्षों को जिलों में संचालित गौशालाओं में गौवंश के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं अन्य जल प्रदाता एजेंसी के सहयोग से अविलम्ब पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर पशुपालन विभाग की ओर से गौशालाओं में गौवंश की चिकित्सा के लिए आपातकालीन औषधियां एवं सर्जिकल उपकरण खरीदने के लिए जिलों को एक-एक लाख रुपये का बजट उपलब्ध कराया गया है।

राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम, जल भवन, जयपुर में तीन शिफ्टों में काम चल रहा है। पर्याप्त पानी नहीं आने की शिकायत दूरभाष नं. 0141-2222585 पर की जा सकती है। अधीक्षण अभियंता(शहरी) की अगुवाई में 6 अधिकारियों और 32 कर्मचारियों की टीम तीन शिफ्ट में लगातार शिकायतों का निस्तारण कर रही है। जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक समस्त जिलों में पेयजल की शिकायतों एवं राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष से प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित सहायक अभियंता को भिजवा रहे हैं। शिकायतों का समाधान कर इसकी सूचना पुनः जल भवन जयपुर में भेजी जा रही है।

गुरुवार को विद्युत ऊर्जा की कुल मांग 3638 लाख यूनिट थी तथा 3541 लाख यूनिट विद्युत सप्लाई की गई। मांग पूरी करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से 665 लाख यूनिट बिजली खरीदी गई। शाम के पीक आवर्स के दौरान मांग पूरी करने के लिए 62 लाख यूनिट बिजली तो 9.93 रु. प्रति यूनिट की दर पर खरीदी गई। रात्रि 7.30 से रात्रि 1 बजे के दौरान दस रूपए की दर पर भी एक्सचेंज से आवश्यकतानुसार बिजली उपलब्ध नहीं होने के कारण 97 लाख यूनिट की कटौती की गई।

## 'हर बूथ का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मतदान के डेटा अपनी वैबसाइट पर अपलोड करे।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश शर्मा की अवकाशकालीन बैंच ने कहा कि चुनाव आयोग के लिए अब इस स्थिति में जरूरी मानव शक्ति का प्रबंधन करना चुनौती पूर्ण होगा, क्योंकि मतदान के पांच चरण पहले ही समाप्त हो चुके हैं और केवल दो ही शेष हैं।

कोर्ट ने एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ए.डी.आर.) द्वारा दायर अंतर्वर्ती याचिका को स्थगित करने के आदेश दिए। इस याचिका में मांग की गई थी कि, उसके प्रकरण की चुनावों के बाद किसी नियमित बैंच द्वारा सुनवाई की जाए।

बैंच ने ध्यान दिलाया कि आवेदन में मुख्य न्यायाधीश के समान ही प्रार्थना की गई है और मुख्य याचिका में राहत देना मुख्य याचिका में राहत देने के बराबर होगा।

# एस.एम.एस. अस्पताल में हीट स्ट्रोक से गार्ड की मौत

- हालांकि अस्पताल प्रशासन ने कहा कि, गार्ड की मौत हीट स्ट्रोक से नहीं हुई है।
- गर्मी से बचने के लिए अस्पताल में मरीज खुद का कूलर लगा रहे हैं।
- अस्पताल में ए.सी. और डक्टिंग बंद पड़े हैं।

जयपुर, 24 मई। राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में हीट स्ट्रोक की चपेट में आने से एक मरीज की मौत का मामला भी सामने आया है। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने हीट स्ट्रोक से मौत नहीं होने की बात कही है।

सवाई मानसिंह हॉस्पिटल की मुख्य बिल्डिंग के मेडिकल आई.सी.यू. में भर्ती मरीज ने आज तड़के दम तोड़ दिया। एस.एम.एस. अस्पताल के अधीक्षक सुशील भाटी ने बताया कि, मरीज की मौत हीट स्ट्रोक से नहीं हुई है। वो पिछले दो दिन से ही बीमार चल रहा था। उसे जब भर्ती करवाया था तब उसकी हालत नाजुक थी और उल्टी-दस्त के अलावा उसे डीहाइड्रेशन था।

मृतक का नाम रेवत सिंह बताया जा रहा है। एस.एम.एस. हॉस्पिटल में ही सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता था। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक वह दो दिन से ड्यूटी पर भी नहीं आया था। गुरूवार को अचानक उसके परिजन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। उसे मेडिकल आई.सी.यू. में भर्ती किया गया। मरीज डायबिटिज से भी ग्रसित था।

एस.एम.एस. हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर में इन दिनों मरीजों की स्थिति बेहद खराब है।

डक्टिंग बंद होने और कूलर-एसी नहीं होने से मरीज और उनके संग आए तीमदार परेशान हैं। तेज गर्मी से बचने के लिए कुछ मरीज हाथ का पंखा चलाकर हवा करते दिखते हैं, तो कुछ ने बैड के पास खुद का कूलर खरीदकर लगाया है।

## 'हम छुट्टियों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

न्यायाधीशों द्वारा पूरे प्रयास करने के बावजूद यह कहा गया है कि जज कुछ ही घंटे काम करते हैं।

लीगल साइट बार एण्ड बैंच ने जस्टिस दत्ता को यह कहते हुए उद्धत किया गया है कि "जो लोग यह कहते हैं, वे सभी सरकार का हिस्सा है। केन्द्र सरकार आदि द्वारा एक भी प्रकरण समय सीमा में दायर नहीं किया जाता। प्रत्येक केस में "कॉन्डोनेशन ऑफ डिले" प्रक्रिया के जरिए देरी से याचिका दायर की जाती है। के रूप में माफ किया जाता है। न्यायपालिका की आलोचना करने वालों को इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए। हम छुट्टियों के दौरान भी देर रात तक केस स्टडी करते हैं।"

सान्याल ने दस दिन पूर्व एक पोडकास्ट में कहा बताते हैं कि "न्यायपालिका के नवीनीकरण की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो यह देश की आर्थिक, सामाजिक और राष्ट्रीय प्रगति में संभवतः सबसे बड़ी बाधा होगी।" सान्याल ने जजों की नियुक्ति के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले कोलीजियम सिस्टम की भी कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि "तारीख पे तारीख" सिस्टम के बारे में सोचिए। यह क्या है? हम कहते हैं यह औपनिवेशिक काल से है। पिछले पिचहत्तर वर्षों से हमारा यही सिस्टम चला आ रहा है।

वर्ष 2024 के सुप्रीम कोर्ट कलैण्डर के अनुसार, कोर्ट के ग्रीष्मावकाश 20 मई से शुरु होंगे। उसके बाद 8 जुलाई से उसकी सिटिंग्स शुरु हो जाएगी। आगामी 7 से 12 अक्टूबर तक, छह दिन शीर्ष अदालत में दशहरे की छुट्टियां हों। क्रिसमस और नए साल पर कोर्ट 25 दिसम्बर से 1 जनवरी 2025 तक बंद रहेगा।

## 'बीस साल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करेगा। उन्होंने याद दिलाया कि 19 अप्रेल के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावों में भाषा शैली बदल गई है और अब उन्होंने अपनी चुनावी रणनीति का साम्प्रदायीकरण करना शुरु कर दिया है और अब वे हर चीज को हिन्दू-मुस्लिम के मुद्दे में परिवर्तित कर रहे है। कांग्रेस महासचिव ने इस बात का खुलासा किया कि विभिन्न प्रदेशों से जो फीडबैक प्राप्त हुआ है उसमें जिन क्षेत्रों में पार्टी ने वर्ष 2019 में खराब प्रदर्शन किया था वहाँ से काफी उत्साहवर्धक सूचनाएं हैं वहाँ पार्टी इस बार अच्छी स्थिति में चल रही है।

उन्होंने कहा कि 20 वर्षों के बाद इस बार इतिहास की स्वतः पुनरावृत्ति होने वाली है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रकार उस समय कांग्रेस नेतृत्व वाला गठबंधन तूफानी तरीके से सत्ता में आया था इस बार भी वह सत्ता में आएगी।

जब उनसे प्रधानमंत्री की नियुक्ति के बारे में सवाल किया तो उन्होंने कहा, एक इंडिया गठबंधन को बहुमत मिल जाने दीजिए तो चन्द दिनों में प्रधानमंत्री का फैसला कर दिया जाएगा। उन्होंने याद दिलाया कि सन 2004 में डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के पद पर नियुक्त करने में तीन दिन का समय लगा था और इस बार हो सकता है कि पिछली बार से भी कम वक्त लगे। इसके अतिरिक्त, उन्होंने यह भी याद दिलाया कि भारत में पार्टी या गठबंधन चुनाव जीतता है व्यक्ति विशेष नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत जैसे संसदीय लोकतंत्र में चुनाव व्यक्ति विशेष पर केन्द्रित नहीं होता है।

# दुष्कर्म के आरोपी सांसद प्रज्वल रैवन्ना का पासपोर्ट रद्द हो सकता है

नई दिल्ली, 24 मई। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा के पोते और कर्नाटक की हासन सीट से जनता दल (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना कथित सेक्स स्कैंडल में फंसे हैं। वो 27 अप्रैल से विदेश में हैं। अब उनका डेप्लोमैटिक पासपोर्ट जल्द ही रद्द किया जा सकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, विदेश मंत्रालय को 21 मई को ही जनता दल सैक्युलर सांसद प्रज्वल रेवन्ना का पासपोर्ट जब्त करने का अनुरोध मिला था, विदेश मंत्रालय कानून के मुताबिक काम कर रहा है।

न्यूज एजेंसी ए.एन.आई. से खास बातचीत में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, "पासपोर्ट जब्त करने की प्रक्रिया पासपोर्ट अधिनियम के तहत होती है। हमें ऐसा करने के लिए न्यायिक अदालत या पुलिस अनुरोध की जरूरत है। 21 मई को कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार की ओर से प्रज्वल रेवन्ना का पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध मिला। फिलहाल हमें एक निश्चित प्रक्रिया का पालन करना होगा।" विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि, डेप्लोमैटिक पासपोर्ट होल्डर को जर्मनी की यात्रा के लिए वीज़ा की जरूरत नहीं है। इसलिए यह सवाल ही नहीं उठता कि कोई वीजा नोट जारी किया गया था।

ज्ञातव्य है कि रेवन्ना के घर पर काम करने वाली एक महिला ने उनपर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज किया है। रेवन्ना के 100 से ज्यादा सेक्स वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रेवन्ना के पिता और विधायक एचडी रेवन्ना पर भी यौन उत्पीड़न का आरोप है। उन्हें 5 मई को गिरफ्तार किया गया था, फिलहाल वो जमानत पर हैं। रेवन्ना सांसद हैं और इस वजह से उनके पास डेप्लोमैटिक पासपोर्ट है।

## प्रशांत किशोर व योगेन्द्र...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- प्रशांत किशोर यह बर्दाश्त करने को तैयार नहीं हुए कि, कभी उनका आकलन गलत साबित हुआ है। जबकि यादव जब अपना आकलन प्रस्तुत करते हैं, तो प्रारंभ में ही कहते हैं कि, उनके पास आंकड़े नहीं हैं अपनी भविष्यवाणी के समर्थन में। तथा यादव कभी भी इस बात को नहीं छुपाते हैं कि, उनका आकलन पूरी तरह तटस्थ नहीं है, उनके भी कुछ वैचारिक पूर्वाग्रह हैं।

राम मंदिर और आर्टिकल 370, चुनावों में, भाजपा की संभावनाओं में कोई खास वृद्धि नहीं कर पायेंगे, लेकिन भाजपा फिर भी अपने 303 या ज्यादा सीटों के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी। हिन्दी भाषी राज्यों में होने वाली सीटों की कमी को पार्टी पूर्वी राज्यों (पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आसाम) और दक्षिणी राज्यों (तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना) में बढ़त से पूरी कर लेगी। किशोर के विश्लेषण से कोई सहमत हो सकता है और कोई नहीं। लेकिन किशोर हाल ही में तब विवादों में आ गए जब टी.वी. पत्रकार करण थापर को दिए गए एक इंटरव्यु में उन्होंने आपा खो दिया।

थापर ने जब किशोर को बताया कि पूर्व में उनके द्वारा की गई कुछ भविष्यवाणियाँ, जैसे कि हिमाचल के 2022 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की घोर पराजय और तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.) की विजय गलत साबित हो गई थी तो किशोर ने अपना आपा खो दिया और थापर को ऐसा कोई वीडियो दिखाने के लिए चुनौती दी, जिसमें उन्होंने ऐसे दावे किए थे। उस साक्षात्कार के बाद से सोशल मीडिया पर किशोर के भड़कने की चर्चा जोर-शोर से हो रही है। अब, जबकि पूर्व में उनके द्वारा किए गए "ट्वीट्स" और हिमाचल चुनावों के बारे में की गई उनकी भविष्यवाणियों की खबरें खोजकर निकाल ली गयी हैं तो यह सामान्य है कि किसी की भी भविष्यवाणी गलत हो सकती हैं, लेकिन किशोर यह क्यों नहीं मानना चाह रहे कि उनसे भी कभी-कभार गलती हो सकती है। राजनीतिक क्षेत्रों में इस तरह के प्रश्नों पर तीखी बहस हो रही है।

दूसरी तरफ यादव हमेशा अपनी भविष्यवाणियों के साथ एक अस्वीकरण लिखते हैं कि उनके पास सीटों के अनुमानों को सिद्ध करने के लिए कोई आनुभाविक (एमपीरिकल) डेटा नहीं था और के विचारधारा संबंधी पूर्वाग्रह से भी ग्रस्त हैं।

## बंगाल के जाने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उग्र कर दिया है जो अब तक अपने काम से काम रखा करते थे। उनमें से किसी ने भी किसी सरकार या सरकारी आदेशों के खिलाफ सीधे विरोध प्रदर्शन नहीं किया था।

प्रमुख आश्रम और धार्मिक संगठन राज्य सरकार के मसलों से अब तक दूरी बनाए हुए थे। कुछ अंग्रणी संगठनों से जुड़े लोगों ने तो कभी लोकसभा या विधानसभा चुनावों तक में वोटिंग नहीं की। अब साधुओं और आश्रमों का भी पूर्ण राजनीतिकरण हो चुका है।

मुख्यमंत्री के द्वारा धार्मिक संस्थाओं की आलोचना करने उनकी छवि को खराब के चलते बनर्जी व उनकी तृणमूल के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

दूसरी तरफ, जैसे-जैसे चुनाव की तारीखें नजदीक आ रही है तृणमूल के गुंडों के द्वारा डराने-धमकाने व उनके अपराधों के खिलाफ लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्वयं मुख्यमंत्री ने पिछले विधानसभा चुनावों में उनको नंदीग्राम निर्वाचन क्षेत्र से पराजित करने पर और वहां शुभेन्दु अधिकारी को निर्वाचित करने के खिलाफ "बदला" लेने की धमकी दी थी।

भयंकर हमला होने और पुलिस के द्वारा मामले को दबाने की कोशिश ने भाजपा व विपक्षी दलों को आक्रोशित कर दिया है। हत्यारों ने एक आदिवासी निर्दोष महिला की आधी रात बाद हत्या कर दी, उसकी गलती सिर्फ यह थी वह भाजपा की एक समर्थक थी।

इस बीच, राज्य के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने नंदीग्राम में हुई हत्या व तबाही पर सरकार से तत्काल रिपोर्ट मांगी है।

राज्यपाल ने धमकी दी है कि उन्हें सांविधानिक प्रावधानों के तहत आवश्यक कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## भरतपुर में कम मतदान को अपने-अपने फायदे ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- कांग्रेस का चुनाव प्रचार इस बार आर्थिक संकट से भी त्रस्त नज़र आया, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी भी देखी गई, वहीं भाजपा का चुनाव प्रचार पूरी तरह से सुनियोजित और व्यवस्थित रहा।

लेकर चली नाराजगी के चलते जाट समाज के लोगों का भी वोट कांग्रेस को मिला है।

पर इस चुनाव में कांग्रेस ने बहुत कम खर्च किया और कार्यकर्ताओं में पैसे की कमी को लेकर नाराजगी देखी गई। लेकिन पार्टी उम्मीदवार को भरतपुर के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राज परिवार के सदस्य विश्वेन्द्र सिंह एवं अलवर के पूर्व सांसद का पूरा समर्थन मिला। पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने कांग्रेस उम्मीद्वार संजना जाटव के समर्थन में कई सभाएं भी कीं, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने डीग में विशाल सभा की थी जिससे जाटव को फायदा होता लग रहा है। चर्चा थी कि सचिन पायलट बयाना एवं वैर के गुर्जर बाहुल्य क्षेत्र में भी सभा करेंगे लेकिन उनकी केवल एक ही सभा हो सकी। कांग्रेस के बेहतर चुनाव प्रबंधन एवं मॉनिटरिंग के अभाव के कारण कार्यकर्ता एवं जन प्रतिनिधियों एवं अन्य लोग ज्यादा उत्साह से नहीं जुड़ सके। कांग्रेस का प्रचार प्रसार धन अभाव के चलते भी कमजोर रहा।

भाजपा के उम्मीदवार रामस्वरूप कोली के पक्ष में भाजपा एवं अन्य हिन्दूवादी संगठनों ने पूरे तालमेल से टीम वर्क से प्रचार किया। राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा चुनाव प्रचार के अंतिम समय में भरतपुर में शानदार रोड शो करने एवं सभी समाज एवं जाति वर्ग के मुलाकात करने के बाद भाजपा को भारी लाभ मिलने की उम्मीद है। भरतपुर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का गृह जिला भी है इसलिए भी भाजपा को इस चुनाव में ब्राह्मण समाज के लोगों का भारी समर्थन मिला है। वहीं वैश्य गुर्जर एवं अन्य सिक्ख, राजपूत, लोधा, बघेल सहित अनेक जातियों का वोट भी भाजपा के पक्ष में माना जा रहा है। राजनैतिक विशेषज्ञों का कहना है कि अगर पायलट की एक और सभा हो जाती तो कांग्रेस को भारी लाभ होता। चूंकि पायलट की सभा नहीं हुई और भरतपुर जिले से नगर क्षेत्र के विधायक और राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने भाजपा के पक्ष में गुर्जर समाज का समर्थन जुटाने की भारी कोशिश की।

इस चुनाव में सबसे बडी बात इस बार यह रही कि कांग्रेस एवं भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में कांग्रेस-भाजपा के केन्द्र के नामी स्टार प्रचारक नहीं आए। केवल भाजपा के समर्थन में यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी, राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व अन्य नेता आए, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करौली में आए। अमित शाह एवं अन्य बडे नेता इस बार भरतपुर क्षेत्र में नहीं आए। इसी प्रकार कांग्रेस के राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे सहित अन्य राष्ट्रीय स्तर के स्टार प्रचारक भी चुनाव प्रचार में नहीं आए।

माना जा रहा है कि इस चुनाव में हार जीत का आंकड़ा काफी कम रहेगा क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में भरतपुर से सांसद रन्जीता कोली तीन लाख अठारह हजार मतों से जीती थीं। पिछले चुनाव में भी कांग्रेस के उम्मीदवार अभिजीत कुमार जाटव थे और उन्हें भी जाटव एवं मेव वोटों का भरपूर समर्थन मिला था, पर वे हार गए थे, इसलिए माना जा रहा है कि भाजपा उम्मीदवार रामस्वरूप कोली बाजी मार सकते हैं। हालांकि चुनावी विश्लेष्कों का कहना है कि भरतपुर क्षेत्र में हार-जीत का फैसला पचास हजार से भी कम मतों से रह सकता है।

## तेलंगाना, ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के रूप में उभरेगा। तेलंगाना फैसिलिटी मैनेजर काउन्सिल (टी.एफ.एम.सी.) द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में उन्होंने कहा कि "हम इस सिटी को ए.आई. रिसर्च के एक केन्द्र के रूप में देखना चाहेंगे।" स्किल यूनिवर्सिटी को लेकर उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा, श्रम, आई.टी. और तकनीकी विभागों के अधिकारी स्किल यूनिवर्सिटीज के क्रिया कलापों का अध्ययन करने के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा करेंगे।

रैवन्त रेड्डी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गुजरात, हरियाणा, राजस्थान और ओडिशा की स्किल यूनिवर्सिटीज़ के क्रिया कलापों का अध्ययन कर उनके सर्वश्रेष्ठ तत्वों की तेलंगाना की स्किल यूनिवर्सिटी में स्थापना करें।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908